VPL

वर्ष 10 अंक 202
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, गुरुवार
1 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस


हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 786 पाकिस्तानी भारत से गए, 1,465 भारतीय पाकिस्तान से ... | 06 पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की बयानबाज़ियां! : ऋषभदेव शर्मा | 11 गिल को कप्तान के तौर पर आगे बढ़ने में मदद करना चाहती.










# निर्णय: अगली जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी: केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को ''पारदर्शी'' तरीके से शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार ने, साथ ही जाति आधारित सर्वेक्षण को ''राजनीतिक हथियार'' के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया।

कांग्रेस सहित विपक्षी दल देशव्यापी जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। तत्कालीन महागठबंधन सरकार के दौरान बिहार में तथा तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ गैर-भाजपाई राज्यों में जाति आधारित सर्वेक्षण भी कराए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना केंद्र के अधिकारक्षेत्र में आती है, लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जातिगत गणना ''गैर-पारदर्शी'' तरीके से की है, जिससे समाज में संदेह पैदा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री ने रेखांकित किया कि स्वतंत्रता के बाद से की गईं सभी जनगणना प्रक्रियाओं में जाति को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जातिगत गणना का विरोध किया है और पार्टी ने इस मुद्दे का इस्तेमाल ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में किया है।

वैष्णव ने कहा, ''इन सभी तथ्यों पर विचार करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति के कारण सामाजिक ताना-बाना प्रभावित न हो, सर्वेक्षणों के बजाय जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से



जनगणना में शामिल करने का निर्णय लिया गया।'' उन्होंने कहा कि इससे हमारे समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र भी प्रगति करता रहेगा।

मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों ने राजनीतिक कारणों से जाति आधारित सर्वेक्षण किए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार ने आगामी अखिल भारतीय जनगणना प्रक्रिया में जातिगत गणना को पारदर्शी रूप से शामिल करने का संकल्प लिया है।

कांग्रेस और विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने पिछले चुनावों में जातिगत गणना को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था, जिसमें राहुल गांधी ने लोगों को उनकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देने का वादा किया था।

भारत में प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होने वाली जनगणना अप्रैल 2020 में शुरू होनी थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

वैष्णव ने कहा कि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा को आश्वासन दिया था कि जातिगत गणना के मामले पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाना चाहिए। ज्यादातर राजनीतिक दलों द्वारा जाति आधारित गणना की सिफारिश किए जाने के बाद इस पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने जाति गणना के बजाय सिर्फ सर्वेक्षण कराने का फैसला किया। उस सर्वेक्षण को एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक और जातिगत गणना) के नाम से जाना जाता है।''

मंत्री ने आरोप लगाया, ''यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसकी 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगियों ने जातिगत गणना का इस्तेमाल केवल राजनीतिक हथियार के रूप में किया है।'' उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत 'जनगणना' विषय संघ सूची में प्रविष्टि 69 के अंतर्गत सूचीबद्ध है और संविधान के अनुसार जनगणना एक संघ का विषय है।

वैष्णव ने कहा कि कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण कराए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने यह काम बखूबी किया है, जबकि कुछ अन्य ने इस तरह के सर्वेक्षण पूरी तरह से राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में संदेह पैदा किया है।

# प्रधानमंत्री देश की भावनाओं को समझकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाएं : खरगे

**बेंगलुरु,** (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की भावनाओं को समझकर मौजूदा स्थिति में किसी भी कार्रवाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए देश की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सही कदम उठाने का आग्रह किया।

कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर पार्टी के 'गायब' पोस्ट पर उठे विवाद के बीच आतंकवादी हमले पर चर्चा करने और सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि किसी की गरिमा या छवि को नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए।

खरगे ने संसद के विशेष सत्र की मांग पर पूछे गए सवाल पर कहा, ''सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने क्या कदम उठाए हैं या उठाने की योजना बना रहे हैं, उन्हें सदस्यों को इसकी जानकारी देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी बातों को



गुप्त रखकर ही अभियान चलाना होता है।'' कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ''लेकिन मौजूदा स्थिति और उनके (प्रधानमंत्री के) मन में क्या चल रहा है, इस बारे में उन्हें कम से कम सत्र के दौरान सदन के नेताओं की बैठक बुलानी चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए।''

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''हमने उन्हें (केंद्र सरकार को) पहले ही पूरा अधिकार दे दिया है और उनसे कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि भारत के लोगों और सैनिकों को कोई परेशानी न हो और हमें भी कोई झटका न लगे। हमने उन्हें पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने के लिए पूरा समर्थन दिया है।''

खरगे ने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री लोगों की राय और देश में मौजूद भावनाओं को समझेंगे तथा मौजूदा स्थिति में किसी भी अभियान को अंजाम देने के लिए सभी दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करेंगे व अपना काम करेंगे। उन्हें जल्द से जल्द देश की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाना चाहिए।''

खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ही प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए कह चुके हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'गायब' पोस्ट के कारण कांग्रेस को किरकिरी का सामना करना पड़ा है, खरगे ने कहा, ''मैंने इसे नहीं देखा है, मैं क्या कह सकता हूं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन, कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, फिर चाहे प्रधानमंत्री हो या कोई अन्य नेता, किसी को भी उनकी गरिमा या छवि को नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं करना चाहिए। कोई भी करे, चाहे वो (भाजपा) करें या हमारे लोग (कांग्रेस), ये ठीक नहीं है।''

कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उनकी किसी पुरानी तस्वीर को दिखाया गया था जिसमें केवल परिधान दिखाई दे रहे थे और उनका शरीर दिखाई नहीं दे रहा है।

# राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए युवक के परिजनों से की मुलाकात

**कानपुर** (उप्र), (भाषा) लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिजनों से बुधवार को मुलाकात की और कहा कि इस हमले के मद्देनजर संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से आज मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''इस दुखद घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है। आतंकियों के खिलाफ सख्त और ठोस कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से संयुक्त विपक्ष ने सरकार को पूरा समर्थन दिया है और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।'' कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर इस मुलाकात की जानकारी



देते हुए बताया, "विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमें एकजुट होकर आतंक को करारा जवाब देना होगा।" कांग्रेस पार्टी ने एक अन्य संदेश में राहुल के हवाले से कहा, "पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए, जिसमें इस गंभीर मामले से जुड़ी चर्चा हो।"

कानपुर के निवासी एवं कारोबारी शुभम द्विवेदी समेत 26 पर्यटक 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए थे।

अपना अमेठी दौरा पूरा करने के बाद यहां पहुंचे राहुल गांधी ने शुभम के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात की। गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी थे। राय 23 अप्रैल को शुभम के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुभम के परिवार से मिलने 23 अप्रैल को कानपुर आए थे। शुभम के परिजनों से मुलाकात के बाद आदित्यनाथ ने कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

कानपुर के 31 वर्षीय व्यवसायी शुभम द्विवेदी का महज दो महीने पहले 12 फरवरी को विवाह हुआ था। कश्मीर के पहलगाम में पत्नी के सामने ही आतंकवादियों ने शुभम की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुभम अपनी पत्नी और नौ अन्य परिजनों के साथ एक सप्ताह की छुट्टी पर 16 अप्रैल को कश्मीर गए थे।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

# उत्तर प्रदेश: सपा के कार्यवाहक अध्यक्ष की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**प्रतापगढ़,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की एक स्थानीय अदालत ने गैंगेस्टर अधिनियम के आरोपी और समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यवाहक अध्यक्ष गुलशन यादव की लगभग सात करोड़ रुपये मूल्य की चल अचल संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।


अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी की अदालत ने थाना कोतवाली कुंडा में गैंगेस्टर अधिनियम के मामले में दर्ज मुकदमे में आरोपी सपा के कार्यवाहक अध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित चल-अचल कुल सात करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। 0आरोपी गुलशन यादव के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, गुंडा, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम और गैंगेस्टर जैसे 53 मामले दर्ज हैं।

# सपा सांसद रामजी लाल सुमन मामले में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ताओं से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई की तारीख 28 मई तय की।

धमकी मिलने के बाद रामजी लाल सुमन और उनके बेटे रणधीर सुमन ने सुरक्षा की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है। याचिका में सुमन ने अपने घर पर हमले के मामले में निष्पक्ष जांच कराने का भी अनुरोध किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में चर्चा के दौरान, रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक बयान दिया था जिसके बाद करणी सेना ने आगरा में सुमन के घर के बाहर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस मामले में सुमन के बेटे रणधीर ने आगरा के हरि पर्वत पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने और प्रतिवेदन देने के बावजूद दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता को पहले ही सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। इस पर अदालत ने इस मामले में प्रदेश सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।




# कोलकाता: होटल में आग से 14 मरे; प्रधानमंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषणा की, मुख्यमंत्री ने दिए जांच का आदेश

**कोलकाता,** (भाषा) मध्य कोलकाता स्थित बड़ बाजार के मछुआपट्टी इलाके में एक होटल में भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में मारे गए अधिकतर लोगों की जान दम घुटने के कारण गई और आग लगने की घटना में 13 अन्य घायल हो गए। घटना को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया और इसमें जवाबदेही की मांग की जा रही है।

अधिकारियों ने कहा कि छह मंजिला ऋतुराज होटल में आग मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे लगी और देखते ही देखते पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गई। आग लगने की घटना के समय होटल में 42 कमरों में 88 मेहमान ठहरे हुए थे।

अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''जान गंवाने वाले अधिकतर लोग अंदर फंस गए थे और घने धुएं के कारण बाहर नहीं निकल सके।''

ज्यादातर मामलों में मौत का कारण दम घुटना है, जबकि कुछ लोग घबराहट में होटल की ऊपरी मंजिलों से कूदने के कारण मारे गए।

पुलिस ने बताया कि घटना में मारे गए 14 लोगों में 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। बुधवार को घायलों से मिलने के बाद महापौर फरहाद हकीम ने बताया कि सभी 14 शवों की पहचान हो गई है। उन्होंने कहा कि शवों को पीड़ित परिवारों को सौंपने की व्यवस्था की जा रही है।

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा और राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने शुरू में कहा था कि मंगलवार शाम ऋतुराज होटल में लगी आग में 15 लोग मारे गए हैं। बाद में, अस्पतालों और बचाव दल के रिकॉर्ड की जांच के बाद वर्मा ने मृतकों की संख्या को संशोधित कर इसे 14 कर दिया। वर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''शुरुआती रिपोर्ट में 15 लोगों के मरने की सूचना थी। कुछ भ्रम था। लेकिन सत्यापन के



बाद संख्या को सही करके 14 कर दिया गया है। फिलहाल हमारे पास यही पुष्ट आंकड़ा है।' अधिकारियों ने बताया कि दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने भयावह दृश्य बयां करते हुए कहा कि खिड़कियों से आग की लपटें बाहर निकल रही थीं, मेहमान मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग आग से बचने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और नयी जानकारी से पता चलता है कि होटल में घोर लापरवाही बरती गई तथा अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया गया।

अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''होटल में कथित तौर पर कई सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया। एकमात्र सीढ़ियां बाधित थीं तथा उसी मंजिल पर निर्माणाधीन अवैध डांस बार के कारण 'वेंटिलेशन पॉइंट' को सील कर दिया गया था, जिससे निकासी प्रयासों में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई।''

बोस ने पुष्टि की कि होटल में अग्नि अलार्म और 'स्प्रिंकलर' खराब पड़े थे। मंत्री ने कहा, ''यह लापरवाही का स्पष्ट मामला है। होटल में कोई सक्रिय अग्नि सुरक्षा प्रणाली नहीं थी।''

अग्निशमन सेवा महानिदेशक रणवीर कुमार ने कहा कि होटल की अग्नि सुरक्षा मंजूरी 2022 में समाप्त हो गई थी। उन्होंने कहा, ''इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और होटल मालिक फरार हैं।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कोलकाता में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

# गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

## दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने की विशेष पूजा-अर्चना





- प्रधानमंत्री मोदी के नाम से दोनों धामों में की गई पहली पूजा
- यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में प्रतिभाग करने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं धामी
- उत्तराखण्ड के चारधाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं- मुख्यमंत्री
- सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में किये गये हैं व्यापक प्रबंध ।
- ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के लिए मुख्यमंत्री ने सबसे की सहयोग की अपील।

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा 2025 का भी शुभारंभ हो गया है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। श्री पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार बुधवार सुबह मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि- विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किये तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोहों में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने माँ गंगा एवं यमुना के मंदिरों में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की। श्री धामी ने दोनों धामों में पहुँची लोक देवताओं की डोलियों से भी आशीष प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। उत्तराखण्ड के चारधाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं और इन धामों की यात्रा का सौभाग्य प्राप्त करने की आकांक्षा हर श्रद्धालु के मन में रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में व्यापक प्रबंध किये गये हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगमता को ध्यान में रखते सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालु को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिथि देवो भवः की पंरपरा के अनुसार हमारा प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड से दिव्य धामों के शुभाशीष के साथ ही यात्रा का सुखद अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के आयोजन के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील भी की है।

गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर विधायक श्री सुरेश चौहान, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री धर्मानंद सेमवाल, सचिव श्री सुरेश सेमवाल, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नागेंद्र चौहान, श्री किशोर भट्ट, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल, आदि मौजूद थे।

यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी श्री एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष श्री संजीव उनियाल ,सचिव श्री सुनील उनियाल भी मौजूद थे।

# उच्चतम न्यायालय ने दिव्यांगों के लिए समावेशी केवाईसी प्रक्रिया का निर्देश दिया



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने समावेशिता के अधिकारों को बरकरार रखते हुए बुधवार को डिजिटल केवाईसी (ग्राहक को जानो) दिशा-निर्देशों में बदलाव का निर्देश दिया ताकि दृष्टिबाधित और तेजाब हमले के पीड़ितों को बैंकिंग सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं समेत अन्य सेवाओं तक पहुंच मिल सके।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया को दिव्यांगों के लिए समावेशी और सुलभ बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अलावा केंद्र और उसके विभागों को 20 महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

पीठ ने कहा कि डिजिटल विभाजन को पाटना अब केवल नीतिगत विवेक का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह सम्मानजनक जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक अनिवार्यता है। इसने कहा कि इसलिए, डिजिटल पहुंच का अधिकार जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का एक आंतरिक घटक बन जाता है, जिसके लिए सरकार को सक्रिय रूप से समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को तैयार और कार्यान्वित करना होगा। पीठ ने दिव्यांगजनों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों, पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चूंकि स्वास्थ्य सेवा जैसी आवश्यक सेवाएं तेजी से डिजिटल मंचों के माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं, इसलिए अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की व्याख्या तकनीकी वास्तविकताओं के प्रकाश में की जानी चाहिए।

पीठ ने कहा, ''डिजिटल विभाजन - जो डिजिटल बुनियादी ढांचे, कौशल और सामग्री तक असमान पहुंच की विशेषता है - न केवल दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, बल्कि ग्रामीण आबादी के बड़े हिस्से, वरिष्ठ नागरिकों, आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों और भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए भी प्रणालीगत बहिष्कार को कायम रखता है। वास्तविक समानता के सिद्धांत के अनुसार डिजिटल परिवर्तन समावेशी और न्यायसंगत दोनों हो।''

इसने कहा कि वेबसाइट, एप्लीकेशन और सहायक प्रौद्योगिकियों की कमी के कारण दिव्यांग व्यक्तियों को ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच बनाने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उच्चतम न्यायालय का फैसला दो याचिकाओं पर आया, जिसमें एक याचिका तेजाब हमले के पीड़ितों द्वारा दायर की गई थी, जो चेहरे की विकृति और आंखों में गंभीर जलन से पीड़ित हैं, इसके अलावा एक व्यक्ति 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित है।

पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा कि दूरदराज या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अक्सर खराब संपर्क, सीमित डिजिटल साक्षरता और क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें ई-गवर्नेंस और कल्याण वितरण प्रणालियों तक सार्थक पहुंच से वंचित होना पड़ता है।

न्यायालय ने 62 पृष्ठ के फैसले में कहा, ''ऐसी परिस्थितियों में, संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 38 के साथ अनुच्छेद 21 के तहत सरकार के दायित्वों में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शामिल होनी चाहिए कि डिजिटल बुनियादी ढांचा, सरकारी पोर्टल, ऑनलाइन शिक्षण मंच और वित्तीय प्रौद्योगिकियां सार्वभौमिक रूप से सुलभ, समावेशी और सभी कमजोर तथा हाशिए पर रहने वाली आबादी की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हों।'' पीठ ने कहा कि डिजिटल केवाईसी ने सत्यापन प्रक्रियाओं को तेज और अधिक कुशल बनाकर आम जनता को लाभान्वित किया है, लेकिन दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले व्यक्तियों को ऐसी प्रक्रियाओं तक पहुंच बनाने और उन्हें पूरा करने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शीर्ष अदालत ने हितधारकों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि मंत्रालयों को सभी नियामक संस्थाओं - चाहे वे सरकारी हों या निजी - को समय-समय पर निर्धारित सुगम्यता मानकों का पालन करने का निर्देश देना चाहिए।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर के तत्वावधान में आयोजित

## अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में हलधर नाग ग्रंथावली' और 'शहीद बिका नाएक की खोज' पुस्तक का विमोचन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्बलपुर, दिनांक 29 अप्रैल 2025 : दिनांक 28 अप्रैल 2025 को एमसीएल, जागृति विहार स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित 'भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का उद्घाटन एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंधक निदेशक श्री उदय अनंत कावले द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर संबलपुर के लोक कविरत्न अलंकार से विभूषित पद्मश्री हलधर नाग के काव्य-कृतियों के अनुवादों के संकलन, राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित पांडिचेरी के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. जयशंकर बाबू, के द्वारा संपादित 'हलधर ग्रंथावली' तथा तालचेर प्रजामंडल आंदोलन के प्रथम शहीद बिका नाएक की विस्मृत जीवनी पर आधारित उपन्यास 'शहीद बिका की खोज' का एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री उदय अनंत कावले के कर- कमलों से विमोचन हुआ ।

'हलधर नाग ग्रंथावली' और 'शहीद बिका की खोज' (तालचेर प्रजामंडल आंदोलनपर आधारित मौलिक ऐतिहासिक उपन्यास) पुस्तक एमसीएल के कनिहा क्षेत्र के महाप्रबंधक(खनन) श्री दिनेश माली द्वारा अनूदित है।

इस कार्यक्रम में श्रीमती आस्था जैन, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री केशव राव, मुख्य सतर्कता अधिकारी पी. के. पटेल निदेशक(तकनीकी/संचालन) श्री जुगल किशोर बोरा, निदेशक(वित्त) श्री ए.के.बेहुरा, निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री संजय कुमार झा, श्री विचित्र सेन गुप्त, उपनिदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व), कोलकत्ता, डॉ. राजीव रावत, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी, आई. आई. टी., खड़गपुर एवं श्री राजेश साव, प्रबंधक (राजभाषा), CIL मुख्यालय, कोलकत्ता समेत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य, एमसीएल की अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# कांची कामकोटि पीठ के नये कनिष्ठ शंकराचार्य बने श्री सत्य चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती

**कांचीपुरम** (तमिलनाडु), (भाषा) पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के ऋग्वेद के विद्वान श्री सत्य चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती शंकराचार्य को बुधवार को यहां एक भव्य धार्मिक समारोह में प्राचीन कांची कामकोटि पीठ के कनिष्ठ धर्माचार्य के रूप में नियुक्त किया गया।

कांची मठ में परंपरा के अनुसार संन्यास लेने से पहले गणेश शर्मा द्रविड़ के नाम से जाने जाने वाले 25 वर्षीय आचार्य को मठ ने वर्तमान संत श्री विजयेंद्र सरस्वती शंकराचार्य के उत्तराधिकारी के रूप में मान्यता दी। यह ऐतिहासिक आयोजन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हुआ जिसमें देश भर से संत शामिल हुए।

# बदलापुर मुठभेड़: पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज न करने पर अदालत ने एसआईटी को फटकार लगायी

मुंबई, (भाषा) बंबई उच्च न्यायालय ने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की कथित मुठभेड़ में मौत को लेकर पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर बुधवार को अपराध शाखा के विशेष जांच दल (एसआईटी) को आड़े हाथ लिया और कहा कि यह ''बहुत खेदजनक स्थिति'' है।

अदालत की यह तीखी टिप्पणी लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर की इस स्वीकारोक्ति के बाद आयी कि विशेष जांच दल ने सात अप्रैल को उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

उच्च न्यायालय द्वारा सख्त टिप्पणी किए जाने के बाद कि वह अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होगा, लोक अभियोजक वेनेगांवकर ने अदालत को आश्वासन दिया कि शनिवार (तीन मई) तक एसआईटी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर ली जाएगी।

शुरुआत में अभियोजक ने कहा कि एसआईटी यह पता लगाना चाहती है कि शिंदे के माता-पिता मामले में शिकायतकर्ता बनना चाहते हैं या नहीं। बाद में उन्होंने पीठ को बताया कि पुलिस निरीक्षक मंगेश देसाई को शिकायतकर्ता के रूप में नामित किया गया है। वेनेगांवकर ने कहा, ''वह (देसाई) मामले के कागजात देखेंगे जिसके बाद उनका बयान शिकायत के रूप में दर्ज किया जाएगा और 3 मई तक प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।''

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने वेनेगांवकर के आश्वासन को स्वीकार कर लिया। गत सात अप्रैल को उच्च न्यायालय ने अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त लखमी गौतम को शिंदे की मौत की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करने और उन पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था, जिन्हें एक मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में शिंदे की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

# स्वदेशी शोध संस्थान के तत्वावधान में नई दिल्ली में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 , विज़न 2047 आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

स्वदेशी जागरण मंच की इकाई स्वदेशी शोध संस्थान के तत्वावधान में नई दिल्ली में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2025, ?विज़न 2047 : समृद्ध और महान भारत का आयोजन किया जा रहा है। यह अपनी तरह का पहला ऐतिहासिक आयोजन है, जो सार्थक संवाद, नवीन सोच और सहयोगात्मक नीति कार्यवाही के माध्यम से भारत के भविष्य की कल्पना और उसे आकार देने के लिए समर्पित है ।

विज़न 2047 : समृद्ध और महान भारत' के विषय के साथ, यह तीन दिवसीय सम्मेलन 24 से 26 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित आईसीएआर - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। स्वदेशी शोध संस्थान विकास के समग्र दृष्टिकोण पर काम करने वाला प्रमुख शोध संस्थान है, जो विकेंद्रीकरण, प्रकृति के साथ सामंजस्य, शून्य गरीबी, समानता, पूर्ण रोजगार, पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा देने और मूल्य आधारित समाज पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के विभिन्न राज्यों में इसके 12 केंद्र हैं ।




यह राष्ट्रीय संगोष्ठी कई प्रमुख संस्थानों के समर्थन और सक्रिय भागीदारी से आयोजित की गई है कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा, सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, हरियाणा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली, एगडर विश्वविद्यालय, नॉर्वे ( वैश्विक ज्ञान भागीदार), इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, ऑर्गनाइजर साप्ताहिक ( मीडिया पार्टनर ) ।इस सम्मेलन का उद्देश्य विकास के भारतीय मॉडल के आधार पर 2047, अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक समृद्ध और महान की ओर भारत की विकास यात्रा के लिए दूरदर्शी अंतर्दृष्टि और रणनीतिक मार्ग तैयार करना है । सम्मेलन में भारत की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगीः

जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग, पूर्ण रोजगार के लिए रणनीतियां - उद्यमिता, भारतीय कौशल और वैश्विक पैरामीटर, दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की पहल, एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली की स्थापना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विकास, पारिवारिक मूल्यों, वसुधैव कुटुम्बकम और वैश्विक भाईचारे की वकालत, पर्यावरण के अनुकूल विकास, उच्च जीवन मूल्यों में निहित राष्ट्र का निर्माण।

इन विषयों को पूर्ण सत्रों, अकादमिक पेपर प्रस्तुतियों और विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली पैनल चर्चाओं के माध्यम से खोजा जाएगा, जिसमें देश भर के नीति निर्माता, विद्वान, उद्योग के पेशेवर और युवा नेता शामिल होंगे। सम्मेलन को 'पेपर के लिए कॉल' पर भारी समर्थन मिला है, जिसमें अकादमिक, अनुसंधान और पेशेवर समुदायों से विविध प्रस्तुतियाँ हैं । इन योगदानों से गतिशील चर्चा और व्यावहारिक नीति सुझाव उत्पन्न होने की उम्मीद है । सम्मेलन के दौरान 800 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

सम्मेलन में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, अतिथियों और विशिष्ट उपस्थित लोगों सहित 3000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। सम्मेलन में प्रसिद्ध नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी, जिनमें शामिल हैंः श्री मनोहर लाल खट्टर (केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और आवास और शहरी मामलों के मंत्री, भारत सरकार), श्री नितिन गडगरी (केंद्रीय परिवहन मंत्री), श्री शिवराज सिंह चौहान (केंद्रीय कृषि मंत्री), श्री एस. गुरुमूर्ति (निदेशक, आरबीआई), श्री संजीव सान्याल (प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद), सुश्री शमिका रवि ( प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद). कुलपति और विभिन्न देशों के कई विश्वविद्यालयों, आईआईएम और आईआईएम के निदेशक । कई राजदूत और उच्चायुक्त भी विचार-विमर्श में शामिल होंगे। सम्मेलन में कई प्रसिद्ध कॉर्पोरेट नेता भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारकों की उपस्थिति और दृष्टिकोण भारत के विकास के दृष्टिकोण पर राष्ट्रीय प्रवचन को अमूल्य दिशा प्रदान करेंगे। हम सभी मीडिया आउटलेट्स - प्रिंट, डिजिटल और प्रसारण - को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में भाग लेने और कवर करने के लिए हार्दिक निमंत्रण देते हैं। यह सम्मेलन भारत के विजन 2047 की ओर परिवर्तनकारी यात्रा में योगदान देने वाले शीर्ष बुद्धिजीवियों, नीति निर्माताओं और दूरदर्शी लोगों के साथ जुड़ने का एक असाधारण अवसर प्रदान करता है

# एसीबी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

नयी दिल्ली, ा (भाषा) दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के तहत 12,748 कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसीबी ने एक बयान में कहा कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए थे। बयान के अनुसार, कथित तौर पर प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है। बयान के मुताबिक, यह कार्य कथित तौर पर आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को सौंपा गया था। इसमें कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया।

आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसके नेताओं सिसोदिया और जैन को पार्टी की पंजाब इकाई का प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने के मद्देनजर उन पर दबाव बनाने और डराने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने संवाददाता



सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''जिस तरह से सिसोदिया और अन्य नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि जल्द ही उनके खिलाफ मंत्री की कुर्सी पर कब्जा करने, दस्तावेज में अल्पविराम या पूर्ण विराम लगाना भूल जाने के मामले भी दर्ज किए जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई काम नहीं है और हर मामले में वह आप नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा देती है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मांग की कि एसीबी कथित घोटाले में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की जांच करे। उन्होंने कहा, ''यह आप और दिल्ली में उसकी पिछली सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक निर्णायक क्षण है।''

एसीबी अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना में राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 12,748 कक्षाओं और स्कूल भवनों का निर्माण शामिल था, जिसमें ''काफी वित्तीय अनियमितताएं हुईं और लागत में वृद्धि'' देखी गई।

परियोजना को शुरू में स्वीकृत लागत पर इस शर्त के साथ मंजूरी दी गई थी कि इसे जून 2016 तक पूरा कर लिया जाएगा और भविष्य में इसमें वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं होगी। हालांकि, एसीबी ने बयान में आरोप लगाया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ।

कथित घोटाले के संबंध में भाजपा नेता हरीश खुराना, कपिल मिश्रा और नीलकंठ बख्शी से शिकायतें प्राप्त हुई थीं। आरोप है कि इस परियोजना पर कुल 2,892 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिससे प्रति कक्षा लागत 24.86 लाख रुपये हो गई, जबकि मानक मानदंडों के तहत प्रति कमरे की अनुमानित लागत पांच लाख रुपये थी। बयान में कहा गया, ''जांच से पता चला कि परियोजना 34 ठेकेदारों को दी गई थी, जिनमें से अधिकतर कथित तौर पर आप से जुड़े हुए हैं।''

निर्माण में अर्द्ध-स्थायी ढांचे (एसपीएस) शामिल थे, जिनकी अपेक्षित इस्तेमाल अवधि 30 वर्ष है, फिर भी लागत सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) के ढांचों के बराबर थी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला- जनपद अमरोहा**

पत्रांकः–156 / न0पा0परि0ग0अ0 / अल्प0ई0नि0सू0– 2025–26 दिनांकः– 30.04.2025

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा क्षेत्र में राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से गौशाला में गुड़, चोकर, एवं खल की आपूर्ति कार्य हेतु सम्बन्धित फर्मो/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई–निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई–निविदा दिनांकः–30.04.2025 से दिनांकः–07.05.2025 तक ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की ई–निविदा दिनाँकः–07/05/2025 को अपराहन –04:00 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender-up-nic-in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर०टी०जी०एस० के माध्यम से नगर पालिका परिषद गजरौला के खाता संख्या–920010040471620 ऐक्सिस बैंक, शाखा गजरौला IFSCode-UTIB0001470 में एवं एफ०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गजरौला के नाम बंधक होगी। जिसकी कॉपी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य के नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

(ललित कुमार) लेखा लिपिक नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा

(आदेश कुमार) निर्माण लिपिक नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा

(चन्द्रकान्ता) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा

(राजेन्द्री उर्फ उमा देवी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा

# 786 पाकिस्तानी भारत से गए, 1,465 भारतीय पाकिस्तान से स्वदेश लौटे



नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर जारी सरकारी आदेश के बाद पिछले छह दिनों में 55 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत छोड़ चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उनके मुताबिक, इनके अलावा पाकिस्तानी वीजा धारक आठ भारतीय भी पड़ोसी मुल्क चले गए हैं। इसके अलावा 24 अप्रैल से अब तक पंजाब से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए पाकिस्तान से भारत में कुल 1,465 भारतीय आए हैं, जिनमें 25 राजनयिक और अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दीर्घकालिक भारतीय वीजा धारक 151 पाकिस्तानी नागरिक भी भारत आए हैं।

सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ो' नोटिस तब जारी किया था जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) वीजा धारकों के लिए भारत छोड़ने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीज़ा धारकों के लिए देश छोड़ने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। अन्य 12 श्रेणियों के वीज़ा धारकों के लिए देश छोड़ने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल थी। इन श्रेणियों में आगमन पर वीज़ा तथा व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और समूह तीर्थयात्री वीजा शामिल हैं।

नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तीन रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को 23 अप्रैल को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित कर दिया गया तथा उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया था। इन रक्षा 'अताशे' (विदेश में अपने देश के रक्षा प्रतिष्ठान का प्रतिनिधित्व करने वाला सशस्त्र बलों का सदस्य) के पांच सहायक कर्मचारियों को भी भारत छोड़ने को कहा गया है। भारत ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा 'अताशे' को भी वापस बुला लिया है।

हालांकि, दीर्घकालिक, राजनयिक या आधिकारिक वीजा रखने वालों को 'भारत छोड़ने' के आदेश से छूट दी गई थी।

अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 29 अप्रैल को 10 राजनयिकों समेत कुल 94 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए से भारत से चले गए। उनके मुताबिक, 28 अप्रैल को 36 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों समेत 145 पाकिस्तानी चले गए तथा 27 अप्रैल को नौ राजनयिकों और अधिकारियों समेत कुल 237 पाकिस्तानी भारत से चले गए और 26 अप्रैल को 81, 25 अप्रैल को 191 और 24 अप्रैल को 28 पाकिस्तानी भारत से चले गए।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी वीजा पर आठ भारतीय नागरिक भी 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सीमा क्रॉसिंग बिंदु के जरिए भारत से चले गए।

अधिकारियों ने बताया कि इसी प्रकार, 29 अप्रैल को 11 राजनयिकों और अधिकारियों सहित कुल 469 भारतीय उसी मार्ग से पाकिस्तान से लौट आए, 28 अप्रैल को 146 भारतीय लौटे, 27 अप्रैल को एक राजनयिक सहित 116 भारतीय लौटे, 26 अप्रैल को 13 राजनयिकों और अधिकारियों सहित 342 भारतीय वापस आए, 25 अप्रैल को 287 तथा 24 अप्रैल को 105 भारतीय वापस लौटे।

दीर्घकालिक भारतीय वीजा पर 29 अप्रैल को कुल 22 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से देश में आए तथा 28 अप्रैल को इसी श्रेणी का वीजा रखने वाले 129 और पाकिस्तानी भारत आए।

अधिकारियों ने कहा कि कुछ पाकिस्तानी शायद हवाईअड्डों के जरिए भी भारत से चले गए होंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे शायद किसी तीसरे देश चले गए होंगे।

# सीआईएससीई बोर्ड नतीजे : कक्षा 10वीं और 12वीं में लड़कियां लड़कों से मामूली अंतर से आगे



नयी दिल्ली, (भाषा) 'इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन' (सीआईएससीई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसमें लड़किया लड़कों से फिर आगे रहीं।

कक्षा 10वीं की परीक्षा में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 रहा। इसी तरह 12वीं कक्षा में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 रहा। आईसीएसई परीक्षा (कक्षा 10) 67 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाएं और 14 विदेशी भाषाएं थीं और एक शास्त्रीय भाषा थी। आईएससी परीक्षा (कक्षा 12) 47 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 12 भारतीय भाषाएं, चार विदेशी भाषाएं और दो शास्त्रीय भाषाएं थीं।

मुख्य कार्यकारी जोसफ इमैनुएल ने कहा, ''उम्मीदवार और पक्षकार सीआईएससीई वेबसाइट या बोर्ड के करियर पोर्टल पर परिणाम देख सकते हैं। परिणाम डिजिलॉकर के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।'

कक्षा 10 (आईसीएसई) और कक्षा 12 (आईएससी) के लिए सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी। कुल 2,803 स्कूलों के 2,52,557 उम्मीदवारों ने कक्षा 10 की परीक्षा दी, जिनमें से 2,308 उम्मीदवार अनुत्तीर्ण रहे।

सीखने में कठिनाई (डिस्लेक्सिया) से पीड़ित 1,184 उम्मीदवारों में से 112 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दृष्टिबाधित 48 उम्मीदवारों में से 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

पश्चिमी क्षेत्र ने कक्षा 10 की परीक्षा में 99.83 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ उत्तीर्ण प्रतिशत हासिल किया है, इसके बाद दक्षिणी क्षेत्र 99.73 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। कक्षा 12 की परीक्षा में 1460 स्कूलों के 99,551 उम्मीदवार थे और उनमें से 973 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके।

सीखने में परेशानी से पीड़ित कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए 257 विद्यार्थियों में से 29 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दृष्टिबाधित 17 में से छह विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

कक्षा 12 के उत्कृष्ट परिणामों में दक्षिणी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.76 प्रतिशत रहा, जबकि पश्चिमी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.72 प्रतिशत रहा।

# गंगा नदी में करीब तीन दशक से लुप्तप्राय कछुए की प्रजाति को दोबारा छोड़ा गया

नयी दिल्ली, (भाषा) कछुए की लुप्तप्राय प्रजाति 'रेड क्राउन्ड रुफ्ड टर्टल' को सरकार के गंगा नदी की सफाई और इसकी जैव विविधता को बढ़ावा देने के एक अहम कार्यक्रम के तहत फिर से इस नदी में छोड़ा गया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''26 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के हैदरपुर आद्रभूमि में 20 ऐसे कछुए छोड़े गए हैं।'' यह हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के भीतर बिजनौर गंगा बैराज के पास यूनेस्को मान्यता प्राप्त रामसर आद्रभूमि है। यह मानव निर्मित आर्द्रभूमि 1984 में नदी के बाढ़ के मैदान पर मध्य गंगा बैराज के निर्माण के साथ बनाई गई थी। मंत्री ने कहा कि उत्तर भारत में विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके 'रेड क्राउन्ड रुफ्ड टर्टल' को सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध वैज्ञानिक पुनर्वास प्रयास के माध्यम से नदी में पुनः बसाया गया है।

उन्होंने इसे गंगा नदी की पारिस्थितिकी को बहाल करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उनके मंत्रालय के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में गंगा की मुख्य धारा में वयस्क रेड-क्राउन्ड रूफ्ड टर्टल के देखे जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

पुनः बसाने की परियोजना को सफल बनाने के लिए, प्रत्येक कछुए में ट्रैकिंग डिवाइस लगाया गया है, ताकि उनके आवागमन के पैटर्न और पर्यावरण के साथ अनुकूलन की प्रगति पर नजर रखी जा सके।

अधिकारियों के अनुसार, कछुओं को पुनः बसाने की प्रक्रिया के लिए दो समूहों में विभाजित किया गया था। उन्होंने बताया कि एक समूह को हैदरपुर आद्रभूमि बैराज के ऊपरी हिस्से में तथा दूसरे को गंगा की मुख्य धारा के निचले हिस्से में छोड़ा गया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कछुओं को फिर से बसाने के लिए कौन सी विधि अधिक प्रभावी है।

अधिकारियों ने बताया कि अगले दो वर्षों तक इन कछुओं पर नजर रखी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश वन विभाग की मदद से इस प्रजाति को गंगा में स्थिर तरीके से बसाना है।

पाटिल ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए 'एक्स' पर कहा, '' माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा नदी में तीन दशक बाद रेड-क्राउन रूफ्ड टर्टल प्रजाति की वापसी संभव हो पाई है। यह वही प्रजाति है, जिसे उत्तर भारत की सबसे संकटग्रस्त प्रजातियों में गिना जाता था।'' उन्होंने कहा, ''गंगा की सफाई से आगे बढ़कर अब जैवविविधता की बहाली पर केंद्रित नमामि गंगे मिशन, भारत की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बन चुका है। यह पुनर्प्रवेश गंगा की पारिस्थितिकी को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और यह दिखाता है कि सक्षम नेतृत्व, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संस्थागत समन्वय से बड़े बदलाव संभव हैं।''

## निर्वाचन आयोग ने चुनाव अधिकारियों के लिए शुरू किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बिहार के चुनाव पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) तथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के ईआरओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार और कुछ अन्य राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आयोग की तैयारियों का हिस्सा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जमीनी स्तर के 369 चुनाव अधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ और ईआरओ के साथ-साथ राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) सही और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें कानूनों तथा नियमों के अनुसार मुस्तैदी से काम करना है।

# मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच में लोकपाल के अधिकार क्षेत्र पर जुलाई में होगी सुनवाई

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल के उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने के आदेश पर जुलाई में सुनवाई करने का बुधवार को निर्णय लिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि मामले को दूसरी पीठ के समक्ष ले जाना होगा। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ''इस मामले पर प्रधान न्यायाधीश को निर्णय लेना है।''

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''हम इस पर जुलाई में सुनवाई करेंगे।'' उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय के एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर दो शिकायतों पर लोकपाल के 27 जनवरी के आदेश पर शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही पर विचार कर रहा था।

शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि न्यायाधीश ने राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और संबंधित उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को, जो एक निजी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई करने वाले थे, फर्म के पक्ष में फैसले के लिए दबाव डाला। आरोप है कि पूर्व में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जब बार में अधिवक्ता थे, तब उन्होंने निजी कंपनी की पैरवी की थी।



शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को लोकपाल के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि यह ''बहुत ही परेशान करने वाला'' है और न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित है। इसके बाद उसने नोटिस जारी कर केंद्र, लोकपाल रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता से जवाब मांगा।

उच्चतम न्यायालय ने 18 मार्च को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने में लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर गौर करेगा। न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार से इस मामले में 'एमिकस क्यूरी' के रूप में सहायता करने को कहा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कभी भी लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में नहीं आएंगे। अपने आदेश में लोकपाल ने दोनों मामलों में अपनी रजिस्ट्री में प्राप्त शिकायतों और प्रासंगिक सामग्रियों को भारत के प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय को उनके विचारार्थ भेजने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी को कहा, ''प्रधान न्यायाधीश के मार्गदर्शन की प्रतीक्षा में, 2013 के अधिनियम की धारा 20 (4) के अनुसार शिकायत के निपटारे के लिए वैधानिक समय सीमा को ध्यान में रखते हुए, फिलहाल इन शिकायतों पर विचार आज से चार सप्ताह तक स्थगित किया जाता है।'' लोकपाल ने कहा, ''हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि इस आदेश के द्वारा हमने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर अंतिम रूप से निर्णय कर दिया है- कि क्या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, 2013 के अधिनियम की धारा 14 के दायरे में आते हैं, हां। न अधिक, न कम।

# पहलगाम हमले के बाद सैन्य कमांडर को 'हटाने' की खबर फर्जी : सरकार



नयी दिल्ली, (भाषा) सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने बुधवार को ''कई पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकांउट'' द्वारा किए गए उन दावों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि भारतीय सेना के उत्तरी कमान के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार को पहलगाम हमले के बाद उनके पद से हटा दिया गया है।

पीआईबी ने स्पष्ट किया कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पीआईबी फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, ''इन पोस्ट में किए जा रहे दावे फर्जी हैं।'' इसने साथ ही, कई ऐसे अकाउंट का स्क्रीनशॉट भी साझा किया जिसमें झूठा दावा किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच सोशल मीडिया पर कई भ्रामक पोस्ट किए गए हैं। आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने फरवरी 2024 में भारतीय सेना की उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

माइक्रोब्लॉगिंग मंच पर लिखा गया, ''कई पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट झूठा दावा कर रहे हैं कि पहलगाम की घटना के बाद उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचिंद्र कुमार को उनके पद से हटा दिया गया है। पीआईबी फैक्ट चेक की जांच के मुताबिक इन पोस्ट में किए जा रहे दावे फर्जी हैं।''

लेफ्टिनेंट जनरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया कमांडर नियुक्त किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार इससे पहले उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।

पीआईबी ने सोमवार को बताया था कि कुछ पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट गलत दावा कर रहे हैं कि भारतीय सेना की तैयारियों से संबंधित 'गोपनीय दस्तावेज' लीक हो गए हैं।

सोशल मीडिया पोस्ट में पीआईबी फैक्ट चेक ने इन दस्तावेजों को ''फर्जी'' करार दिया।

पीआईबी फैक्ट चेक ने अपने पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट झूठा दावा कर रहे हैं कि भारतीय सेना की तैयारियों से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक हो गए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक तसदीक करता है कि ये दस्तावेज फर्जी हैं। कृपया असत्यापित जानकारी साझा करने से बचें और सटीक जानकारी के लिए केवल भारत सरकार के आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।''

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को आगाह किया कि व्हाट्सऐप पर एक 'भ्रामक' संदेश चल रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए दान मांगने हेतु एक बैंक खाता खोला है।

मंत्रालय ने इस संदेश का खंडन किया और लोगों से ''सतर्क रहने तथा ऐसे धोखाधड़ी वाले संदेशों का शिकार न होने'' का आग्रह किया।न

# आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़े हैं, युद्ध समाधान नहीं: भाकपा सांसद

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद पी संदोष कुमार ने बुधवार को कहा कि वह सीमा पार आतंकवाद से निपटने में सरकार के साथ खड़े हैं।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि युद्ध कोई समाधान नहीं हो सकता।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों से कहा था कि सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की "पूरी अभियानगत छूट" है।

प्रधानमंत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, ''हम सीमा पार आतंक से निपटने के लिए भारत सरकार के साथ खड़े हैं। हमने पूर्ण समर्थन भी दिया है और इसके अलावा, हमने (पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए) संसद के एक विशेष सत्र की मांग की है।''



उन्होंने कहा कि आतंकी हमले का इस्तेमाल समाज को बांटने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता ने कहा, ''समाज को विभाजित करने के लिए इस मुद्दे का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमारे देश में कई तत्व हैं जो इस पहलगाम घटना के बाद समाज को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं।''

# रेखा गुप्ता ने जल बोर्ड को शहर के पानी, सीवेज बुनियादी ढांचे में सुधार के निर्देश दिए



नयी दिल्ली, (भाषा) मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में सीवेज बुनियादी ढांचे में सुधार, यमुना नदी की सफाई और पानी की पर्याप्त आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

गुप्ता ने डीजेबी मुख्यालय 'वरुणालय' में बैठक के बाद कहा कि पानी का समान वितरण, शहर में उचित सीवरेज बुनियादी ढांचा और पुरानी तथा क्षतिग्रस्त सीवर और पानी की लाइनों को बदलने का काम सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, "हमने हर साल गर्मियों में शहर के सामने आने वाली चुनौतियों के कारणों का जायजा लियाः पानी की आपूर्ति, यमुना नदी की सफाई और सीवेज प्रबंधन। ये सभी आपस में जुड़े हुए हैं। दिल्ली में अब भी 30 साल पुरानी सीवर और पानी की पाइपलाइनें हैं जो बड़ी समस्याएं पैदा कर रही हैं।" उन्होंने कहा कि जीपीएस लगे पानी टैंकरों, पानी की उपलब्धता के मुद्दों और सभी अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने पर भी बैठक में चर्चा हुई। गुप्ता ने कहा कि पानी का समान वितरण तथा निवासियों को नल से जल उपलब्ध कराने की योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹पिछले 30 सालों में शहर की आबादी बढ़ी है, लेकिन सीवेज प्रबंधन प्रणाली और जलापूर्ति प्रणाली को नहीं बदला गया है। मौजूदा बुनियादी ढांचा विकास के अनुरूप नहीं रहा है, इसलिए लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# भारत में युवा और वृद्ध लोग मध्यम आयु वर्ग के लोगों की तुलना में अधिक 'समृद्ध': वैश्विक अध्ययन



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत में युवा और वृद्ध लोग मध्यम आयु वर्ग के लोगों की तुलना में ज्यादा समृद्ध हैं। 22 देशों में दो लाख से ज्यादा लोगों पर किए गए एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के ब्रेमेन विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों के शोधकर्ताओं द्वारा की गयी 'ग्लोबल फ्लोरिशिंग स्टडी' का उद्देश्य एक व्यक्ति और समुदाय के कल्याण को नियंत्रित करने वाले कारकों को समझना है।

समृद्धि को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें किसी व्यक्ति के जीवन के सभी पहलू उत्तम होते हैं। अध्ययन के पहले चरण में छह महाद्वीपों में फैले 22 देशों के 202,898 लोगों से पूछे गये सवालों के जवाबों का विश्लेषण किया गया। निष्कर्ष 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित किए गए। लेखकों के मुताबिक, "अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, स्वीडन और अमेरिका सहित कई देशों में उम्र के साथ समृद्धि में वृद्धि होती है लेकिन सभी में नहीं। शोधकर्ताओं के अनुसार भारत, मिस्र, केन्या और जापान में समृद्धि का चलन कुछ हद तक यू-आकार का है।"

यू-आकार से मतलब युवा और वृद्धों की तुलना में मध्यम आयु वर्ग का कम समृद्ध होना है।


पूछे गये प्रश्नों में लोगों से खुशी, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और रिश्तों के साथ-साथ जनसांख्यिकीय, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कारकों और बचपन के अनुभव शामिल था।

दुनिया भर में पुरुषों और महिलाओं ने लगभग समान जवाब दिये हालांकि कुछ देशों में अधिक अंतर पाया गया। ब्राजील में पुरुषों ने महिलाओं की तुलना में अधिक समृद्ध होने की बात कही जबकि जापान में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक समृद्ध होने का दावा किया। इसके अलावा अधिकांश देशों में, विवाहित लोगों ने अविवाहित लोगों की तुलना में अधिक समृद्ध होने की बात कही। भारत और तंजानिया में हालांकि विवाहित लोगों ने अविवाहित लोगों की तुलना में कम समृद्ध होने का दावा किया।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि नौकरीपेशा लोगों ने बेरोजगार लोगों की तुलना में अधिक समृद्ध होने की बात कही। अध्ययन के मुताबिक, भारत, जापान, इजराइल और पोलैंड जैसे देशों में नौकरीपेशा लोगों की तुलना में स्वरोजगार, सेवानिवृत्त और छात्र खुद को अधिक संतुष्ट पाते हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दुनिया भर के युवा 'पहले की तरह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं'।

उन्होंने बताया कि उम्र के साथ समृद्धि के चलन में देश-वार अंतर के बावजूद, समग्र वैश्विक चलन परेशान करने वाला है'।




# कागजों में लग रहे कैंप बट रही दवाई वरना जंगलों में कहां से आए सरकारी पर्चा और दवाई

## हेल्थकेयर में भेजी गई दवाइयां खेत में पड़ी मिली ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे अधिकारी

### स्वास्थ्य अधिकारी ने दी सफाई गांव में लगाना था कैंप इसलिए पहले से दवाई भिजवाई जो गलती से गिर गई होगी

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली /गुलड़िया जैसा की आपको विदित है स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार और लापरवाही के नित्य नए आयाम लिख रहा है जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार की नीति पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग अपनी लापरवाही और भ्रष्टाचार को लेकर लगातार चर्चा में बना रहता है जिसका एक और ताजा मामला ब्लाक रामनगर से सामने आया है। जहां खेत में बड़ी मात्रा में सरकार द्वारा जनता के लिए भेजी गई स्वास्थ्यवर्धक दवाइयों का बक्सा प्राप्त हुआ साथ ही मरीजों के नाम से सरकारी अस्पताल में बनने वाला पर्चा भी प्राप्त हुए। ग्रामीणों द्वारा गांव के जंगल में जब बगैर एक्सपायर दवाइयों का जखीरा प्राप्त हुआ तो इसकी सूचना तत्काल ब्लॉक के स्वास्थ्य अधिकारी को दी गई जो स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही और उसकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है ।






जब इसके बारे में ब्लाक रामनगर के चिकित्सा प्रभारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया मंगलवार को नसरतगंज गांव में हेल्थ कैंप लगाना सुनिश्चित हुआ था हेल्थ कैंप लगने से पहले ही हेल्थ कैंप की दवाइयां की पेटी खेत में ग्रामीणों को मिली तो तुरंत ग्रामीणों ने फोन कर अवगत कराया मौके पर पहुंचे चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार ने ग्रामीण को भी बताया था मंगलवार को नसरतगंज गांव में कैंप लगाना था जिसके लिए दवाइयां भेजी गई थी वह किसी कारणवश गिर गई होगी बाकी इस मामले मे दोषी लोगों पर जांच कर कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बीमारियों को देखते हुए सरकार द्वारा गांव-गांव जाकर हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं और फ्री दवाई वितरण की जा रही है वहीं दूसरी और इस प्रकार की लापरवाही गंभीर अपराध है प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया मंगलवार को कैंप नसरतगंज गांव में आशा प्रवेश कुमारी के यहां लगना था फिर डॉक्टर की टीम डॉक्टर साजिद हुसैन, रविंद्र कुमार फार्मासिस्ट, सागर त्यागी ,हरि ओम ,रविंद्र सिंह वार्ड बॉय, अर्चना आशा संगिनी आदि लोगों द्वारा कैंप लगाना सुनिश्चित हुआ थाइसमें कहां चूक हुई इसकी जांच शीघ्र कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सिटी स्टेशन कांडः ट्रेनों में लूट करने वाला ही निकला बलात्कारी

### ट्रेन से उतरी नाबालिग को सिटी स्टेशन के रेलवे यार्ड में ले जाकर बनाया था अपनी हवस का शिकार, अब हुआ पुलिस द्वारा रेलवे जंक्शन से गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली । कहावत है अगर इच्छा शक्ति हो तो पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं जिसे बरेली पुलिस ने एक बार फिर बलात्कार की घटना में सत्य सिद्ध किया है ,रेलवे पुलिस ने कुख्यात अपराधी चंद्रकेश कश्यप को गिरफ्तार कर बरेली सिटी स्टेशन पर नाबालिग से बलात्कार और ट्रेन में हुई कई लूट की घटनाओं का पदार्फाश किया। 36 वर्षीय चंद्रकेश, जिसका आपराधिक इतिहास लंबा है, को 29 अप्रैल की रात बरेली जंक्शन प्लेटफॉर्म नंबर 5 से धर दबोचा गया। उसके कबूलनामे से पुलिस ने कई अनसुलझे मामलों को भी सुलझाया।

क्या है पूरा मामला आपको विस्तार से बताते चले 27 मार्च 2025 को बरेली सिटी रेलवे स्टेशन के यार्ड में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार की घटना के बाद पुलिस इस जग्नय अपराध की गुत्थी सुलझाने में लगी थी जिसमें आखिरकार पुलिस को सफलता हाथ लगी बरेली जीआरपी पुलिस द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, लखनऊ के निर्देश पर विशेष टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज की मदद से बलात्कारी चंद्रकेश की पहचान हुई।

प्रभारी निरीक्षक परवेज अली खान की अगुवाई में पुलिस टीम ने उसे बरेली जंक्शन से गिरफ्तार किया।





चंद्रकेश ने बलात्कार के अलावा 22-23 अप्रैल की रात रामगंगा स्टेशन पर चलती ट्रेन में एक महिला की चेन छीनकर भागने की घटना को भी कबूला। इस मामले में चोरी के माल को बेचकर मिले 19,300 रुपये बरामद किए गए। उसने बताया कि वह नेपाल के कैसिनो में जुआ खेलने का आदी है और पैसे के लिए टनकपुर-बदायूं के बीच ट्रेनों में लूटपाट करता है। रात में वह यात्रियों को निशाना बनाता था।

चंद्रकेश का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है, जिसमें चोरी, लूट और एनडीपीएस एक्ट जैसे मामले शामिल हैं। वह उत्तराखंड के जिला चम्पावत के टनकपुर में रहता है मिल निवासी जिला कासगंज के मानपुर नगरिया थाना सोरों का रहने वाला है। उसे जेल भेज दिया गया। इस ऑपरेशन में निरीक्षक परवेज अली खान, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, एसआई संजय सिंह, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, अर्जुन सिंह, हेड कांस्टेबल तौफीक रजा, रामकुमार सिंह, कांस्टेबल विनीत कुमार, प्रेंस कुमार जीआरपी नजीबाबाद

रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अन्य संभावित अपराधों की जांच कर रही है।

# दबंगों के हौसले बुलंद, टोल प्लाजा पर बैंक कर्मी को पीटा

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना बहेड़ी क्षेत्र के अन्तर्गत मुंडिया टोल प्लाजा पर सोमवार की रात बोलेरों पिकअप सवार दबंगों ने बैंक से लौट रहे बैंक कर्मी के साथ पहले गाली-गलौच की और फिर मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बहेड़ी क्षेत्र के जाट फार्म डंडिया, बहेड़ी निवासी अवनीश खेतल सोमवार को बिलासपुर से बैंक का काम निपटा कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे मुंडिया टोल प्लाजा पहुंचे, बोलेरों पिकअप ( यूपी 25 एफटी 2339 ) का चालक जबरन टोल बूथ में घुसने की कोशिश करने लगा। अवनीश ने विरोध करते हुए गाड़ी सावधानी से चलाने की बात कही, फिर क्या था जिस पर चालक भडक गया। पीड़ित का आरोप है कि



बोलेरो चालक मोहम्मद आरिफ व वाहन चालक शेर मोहम्मद पुत्र आवर निवासी मुंडिया जागीर, थाना देवरनिया ने पहले तो गाली-गलौच की, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में अवनीश की बाई आंख के पास गंभीर चोट आई है। दोनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद अवनीश ने थाना बहेड़ी में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पति से तलाक लेकर दोनों बच्चों को भारत छोड़कर पाकिस्तान वापस लौटी इरम

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। कोतवाली थाना क्षेत्र के बिहारीपुर मोहल्ले में ससुराल में रह रही पाकिस्तान निवासी इरम मंगलवार को अपने वतन लौटने के लिए रवाना हो गई। पति से विवाद और तलाक के बाद कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर इरम ने भारत छोड़ने का फैसला लिया। इरम अपने दोनों बच्चों को यहीं छोड़कर पाकिस्तान जा रही है, क्योंकि बच्चों के पास पाकिस्तान जाने का वैध दस्तावेज नहीं है।

मंगलवार को इरम अपने कुछ परिजनों के साथ एलआईयू कार्यालय पहुंची। वहां उसने देश छोड़ने से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कीं। एलआईयू अधिकारियों ने इरम के रिकॉर्ड की भी जांच की। लगभग 17 वर्षों से बरेली में रह रही इरम के पास लॉन्ग टर्म वीजा था। सरकारी आदेशों के अनुसार वह चाहती



तो कुछ समय और भारत में रह सकती थी, लेकिन काफी समय से वह पाकिस्तान वापसी की तैयारी कर रही थी। सूत्रों के मुताबिक इरम मंगलवार दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। संभावना है कि वह आज या कल में फ्लाइट से पाकिस्तान चली जाएगी। इरम ने बताया कि ससुराल

### ◆कशमीर हमले के बाद लगातार जारी है पाकिस्तानियों पर भारत सरकार की स्ट्राइक ◆अपने दोनों बच्चों को छोड़कर 17 साल बाद इरम ने छोड़ा भारत

पक्ष के व्यवहार से आहत होकर उसने सितंबर 2024 में ही भारत छोड़ने का निर्णय कर लिया था। चूंकि उस पर मुकदमा लंबित था, इसलिए देश नहीं छोड़ सकती थी। इस पर उसने पुलिस को मुकदमा वापस लेने का पत्र दिया। कोतवाली पुलिस ने 13 सितंबर 2024 को फाइनल रिपोर्ट लगाई, जिसे कोर्ट ने भी मंजूरी दे दी। दस दिन पहले मुकदमा पूरी तरह समाप्त हो गया। इरम का जन्म लाहौर की निस्तार कॉलोनी में हुआ था। उनके पिता डॉ. मजाहिल हुसैन लाहौर के प्रसिद्ध चिकित्सक हैं। इरम की बुआ का निकाह बरेली में हुआ था। रिश्तेदारी के नाते बुआ ने ही इरम का रिश्ता बिहारीपुर निवासी मोहम्मद अथर से तय कराया था। आठ अप्रैल 2008 को दोनों का निकाह हुआ था। लगभग 15 साल तक दांपत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन 11 जून 2024 को पारिवारिक विवाद के बाद पति ने इरम को मारपीट कर घर से निकाल दिया और तलाक दे दिया। भारत में तीन तलाक कानून के तहत इरम ने 18 जून 2024 को पति के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के हस्तक्षेप से उसे ससुराल के ही एक हिस्से में अलग कमरा मिला था, जहां वह अब तक रह रही थी। अब इरम का 15 वर्षीय बेटा शाहे नूर और 7 वर्षीय बेटी आयजा पिता के साथ भारत में ही रहेंगे।


# पूर्व जिला कृषि अधिकारी भ्रष्टाचार और गबन में रामतेज यादव निलंबित

## वर्तमान में लखनऊ स्थित राजकीय ऊसर सुधार परिक्षेत्र में प्रबंधक के पद पर थे कार्यरत

### धीरेंद्र चौधरी पर भी लटक रही कार्रवाई की तलवार

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। बरेली में जिला कृषि अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके डॉ. रामतेज यादव को उनके कार्यकाल के दौरान हुए भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गबन के आरोपों के चलते उत्तर प्रदेश शासन ने निलंबित कर दिया है। वर्तमान में वह लखनऊ स्थित राजकीय ऊसर सुधार परिक्षेत्र में प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। शासन द्वारा कराई गई जांच में डॉ. यादव दोषी पाए गए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उनके बरेली में कार्यकाल (31 जुलाई 2014 से 31 मार्च 2018) के दौरान



वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर मामले सामने आए। इस पर शासन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। डॉ. रामतेज यादव के बाद बरेली में जिला कृषि अधिकारी रहे धीरेंद्र चौधरी पर भी भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। उनके पास उपनिदेशक कृषि बरेली का भी अतिरिक्त प्रभार था। धीरेंद्र चौधरी पर आरोप है कि सरकारी मेलों और आयोजनों के लिए आई राशि का मनमाने तरीके से भुगतान किया गया, जिससे शासन के दिशा-निदेर्शों की अवहेलना हुई।

धीरेंद्र चौधरी के खिलाफ शिकायतें मिलने पर तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जगप्रवेश से जांच कराई थी। जांच में आरोपों की पुष्टि हुई, जिसके बाद जिलाधिकारी ने कृषि निदेशालय को धीरेंद्र चौधरी के निलंबन और आर्थिक वसूली (रिकवरी) की संस्तुति की थी।

सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। इस प्रकरण में उपनिदेशक कृषि बरेली, अभिनंदन सिंह की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जांच के बाद जब डॉ. रामतेज यादव और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की बात सामने आई, तो तत्कालीन जिलाधिकारी ने अभिनंदन सिंह को रिकवरी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे।

लेकिन उन्होंने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने निदेशक कृषि को पत्र लिखकर अभिनंदन सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। शासन के निर्देश पर हर ब्लॉक स्तर पर कृषि मेलों का आयोजन कराया गया था, जिसके लिए राज्य सरकार से धनराशि जारी की गई थी। जांच में पाया गया कि धीरेंद्र चौधरी ने बिना प्रक्रिया का पालन किए पूरी राशि का मनमाना भुगतान कर दिया, जो वित्तीय नियमों का उल्लंघन है।

# फर्जी निकला आरोपः समुदाय विशेष के पेरेंट्स द्वारा राष्ट्रगान का विरोध

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। क्या है पूरा मामला पहले आपको विस्तार से बताते चलें ,थाना किला क्षेत्र में स्थित जामा मस्जिद के पास लूमिंग हेल्थ स्कूल की संचालिका शोबना ने आरोप लाया था कि उनके स्कूल में रोजाना की तरह सुबह प्रार्थना होती है और राष्ट्रगान भी होता है।

जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के छोटे-छोटे बच्चे शामिल होते हैं। प्रार्थना के दौरान 'जन गण मन' जैसे राष्ट्रगान का गायन होता है। स्कूल संचालिका के अनुसार, क्षेत्र के कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग इस राष्ट्रगान का विरोध करते हैं और स्कूल में आकर आपत्तिजनक व अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हैं। मामला समुदाय विशेष द्वारा राष्ट्रगान के विरोध का था अर्थात तत्काल जब शिकायत के बाद पुलिस अधिकारियों ने इसकी जांच कराई तो मामला कतई फर्जी निकला। अर्थात जांच में स्कूल के



पास प्लाट को लेकर विवाद सामने आया। उसके बाद मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। अब इस प्रकरण में पुलिस को गुमराह करने और जिन लोगों ने स्कूल बालों को उकसाया है उन लोगों पर होगी कार्रवाई।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया किला क्षेत्र का एक प्रकरण सामने आया जिसमें महिला शोबना एक स्कूल का संचालन करती है उसने आरोप लगाया कि पड़ोस के रहने वाले मुस्तफा उर्फ मुन्ने , शकूर पुत्र जहूर अहमद आदि लोगों पर स्कूल में राष्ट्रगान होने का विरोध करते हैं इस मामले में जांच कराई गई , स्कूल के पास मुस्तफा का एक प्लाट है उस जमीन को शबीना खरीदना चाहती है मुस्तफा द्वारा जमीन नहीं बेचने के कारण शोबना ने झूठा आरोप लगाया गया था जिन लोगों ने इस प्रकरण में शबीना को उकसाया है उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्यूशन पढ़ने गई, छात्रा लापता

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। ननिहाल में रहकर पढ़ रही 14 वर्षीय छात्रा ट्यूशन पढ़ने जाने के लिये घर से निकली थी मगर वापस घर लौटकर न आई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने नाना की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति के घर पर उसकी 14 वर्षीय नातिन रहती थी। 28 अप्रैल की शाम को वह घर से ट्यूशन पढ़ने के लिये कहकर घर से निकली थी, मगर जब वह काफी देर तक लौटकर न आई तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों सभी के यहां मालूम किया, मगर छात्रा का कुछ पता नहीं चला। बुधवार को छात्रा के नाना ने पुलिस को तहरीर सौंपकर पूरी घटना से रूबरू कराया। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। वहीं छात्रा के एकायक लापता हो जाने से परिजन काफी चिंतित हैं।

# जैन मिलन मसवासी द्वारा अक्षय तृतीया पर राहगीरों को पिलाया गया गन्ने का रस



नेशनल एक्सप्रेस

मसवासी। पवित्र अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन मिलन मसवासी द्वारा राहगीरों को गन्ने का रस पिलाकर पुण्य लाभ कमाया गया।

जैन मान्यता अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ उनकी दीक्षा उपरांत राजा श्रेयांश द्वारा इक्षु रस का आहार दिया गया तदुपरांत चक्रवर्ती भरत द्वारा उनका सम्मान किया गया इस दिन को जैन धर्म अक्षय तृतीया के रूप मे मानता है।

इसी मौके पर नगर पंचायत मसवासी के मुख्य मार्केट में जैन मिलन मसवासी समाज द्वारा इक्षु रस, गन्ने का रस का वितरण किया गया ।

जिसमे समाज के सभी लोग शामिल रहे इस मौके पर जैन मिलन अध्यक्ष प्रीति जैन, उपाध्यक्ष अमिता जैन, रुचि जैन, मंत्री अभिषेक जैन, राजीव, अतुल जैन, आर्यन जैन , आँचल जैन, अनिता जैन, मधु जैन ,मलिका जैन आदि ने धर्मलाभ लिया।

# स्कूटी फिसलने से दादा, पोता व पोती जख्मी

नेशनल एक्सप्रेस/ओमपाल सिंह

गजरौला। तेज रफ्तार कार ने अचानक कार का ओवरटेक कर लिया। उससे बचने के प्रयास में एक स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में दादा व पोता पोती को घायल हो गए। घटना के वक्त दादा अपने पोता पोती को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिये जुबिलेंट कंपनी के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला भानपुर निवासी ऋषिपाल सिंह बुधवार की सुबह स्कूटी द्वारा अपने पोते मनप्रीत व पोती दीपिका को छोड़ने के लिये स्कूल जा रहे थे। अण्डरपास के निकट पहुंचने पर तेज रफ्तार कार ने अचानक ओवरटेक किया। जिससे बचाने के प्रयास में स्कूटी फिसल गई और ऋषिपाल सिंह, मनप्रीत और दीपिका घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आरोप है कि 112 डॉयल को फोन किया गया मगर फोन रिसीव न हुआ, जिसके बाद लोगों की मदद से घायलों को जुबिलेंट कंपनी के अस्पताल में भी भर्ती कराया गया।



# सड़क हादसे में घायल फैक्ट्री कर्मी की उपचार के दौरान मौत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। फैक्ट्री से ड्यूटी करके लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मेरठ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना 11 अप्रैल की रात को हुई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला विजयनगर निवासी अनूप सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह 11 अप्रैल की रात को करीब पौने नौ बजे बेस्ट क्रॉप साइंस प्राईवेट लिमिटेड से ड्यूटी करके बाइक से घर वापस लौट रहे थे। कुछ ही दूर चलकर तिगरिया मोड़ पर ही पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर अनूप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने कुछ दिन अनूप सिंह को मुरादाबाद में भर्ती रखा मगर सुधार न होने पर मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम मुराहट थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज का लिया है।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को भेजा जेल

गजरौला। मुस्लिम सम्प्रदाय का युवक अपना नाम हिन्दू धर्म का बताकर एक युवती को बहला फुसलाकर ले गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मात्र चौबीस घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार करते हुए युवती को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को चालान कर-के कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति की पुत्री नगर के एक मोहल्ले में अपनी बड़ी बहन के घर पर रहती थी। बताते हैं कि उसके सम्पर्क में एक मुस्लिम युवक आया, मगर उसने अपना नाम हिन्दु धर्म का अभिषेक बताया। बताते हैं कि 28 अप्रैल को युवक, युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती की बरामदगी की मांग की, साथ ही संदेह के आधार पर युवक के बारे में भी बताया। पुलिस ने मात्र चौबीस घंटे के भीतर ही आरोपी युवक अलीशेर उर्फ अभिषेक उर्फ दानिश पुत्र महताब निवासी ग्राम चांदनगर थाना रजबपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया और चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वैश्य एकता मंच ने जिला टॉप करने वाली आराध्य वार्ष्णेय को किया सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। चंदौसी नगर क्षेत्र के मौहल्ला राज के निवासी सुनील कुमार की बेटी आराधया वार्ष्णेय द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने के उपलक्ष्य में बुद्धवार को वैश्य एकता मंच, चंदौसी सम्भल के द्वारा कपड़ा व्यवसायी सुनील कुमार के आवास पर पहुंचकर आराध्या को मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही दीपेश वार्ष्णेय (ज्योति स्वीट्स) के द्वारा आराध्या वार्ष्णेय के माता,पिता को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लवित वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि हम आशा करते है कि निकट भविष्य में आराध्या अपने नगर चंदौसी का नाम रोशन करे। आकाश वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच द्वारा वैश्य समाज के मेधावी छात्र/ छात्राओं का समय समय पर इसी प्रकार हौसला अफजाई किया जाएगा। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, ब्रजेश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय रक्रिस्टल कैफेर, रितिक वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, इशांक गोयल, लक्की वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, अमर वार्ष्णेय, अनुराग वार्ष्णेय, कृष्ण मोहन वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, हर्ष, गर्वित व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा का चन्दौसी आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी। बुद्धवार को उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा का सुभाष रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने तिलक,पटका एवम राधाकृष्ण की मूर्ति भेंटकर किया अभिनंदन।तदुपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा एवम भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रायसती मंदिर परिसर में आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवम पुष्प



अर्पित करके किया।पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा श्रीराम,श्रीकृष्ण और कल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार है जिनके रूप में भगवान बहुत से कार्य लेकर चलते हैं। इसलिए इन अवतारों में भी बाकायदा जन्म लेते हैं, कई वर्षों तक पृथ्वी पर रहते हैं,पृथ्वी लोक पर कई जन्मों से अपनी प्रतिभा पर रहे भक्तों को दर्शन देते हैं,उनके अपने-अपने कर्म अनुसार उनके साथ रहते हैं। और तरह-तरह की लीलाएं करते हैं वही भगवान परशुराम श्रीहरि के छठे अवतार है शस्त्र और शास्त्रों के दिव्य ज्ञान के लिए पूजनीय भगवान परशुराम की कृपा से हर किसी का जीवन साहस और सामर्थ्य से परिपूर्ण रहे।बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज मे न्याय व समता की स्थापना होगी।इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह,पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह,रामौतार शर्मा,सतीश अरोरा,डॉ टीएस पाल,मनोज कठेरिया,नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,रोहित दिवाकर,देवेंद्र मोनु,अंकित जैन,सुधीर मल्होत्रा,विकास वार्ष्णेय,अभिनव शर्मा,संजय बंसल,राजकुमार यादव, संजय सांख्यधर,सभासद तरुण नीरज,उर्मिला कनोजिया,अमन कोरी,शिवकुमार सैनी,मनोज दिवाकर, आकाश आहूजा, ऋत्विक सिंह,विजय यादव,आलोक शाक्य,आईपीएस चौहान, आमोद वार्ष्णेय,यश मदान,महावीर सिंह,राजश्री अग्रवाल,संजय सैनी,सुशील पाल, अनुभव श्रीवास्तव,क्रांति कुमार,तुषार अग्रवाल,विकी रस्तोगी, आदि उपस्थित रहे।

# परशुराम जी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह





सम्भल। चंदौसी मे बुधवार को ब्राह्मण शक्ति संघ के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की बुधवार को ब्राह्मण शक्ति संघ के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभा यात्रा का शुभारंभ बलदेव धाम के पीठाधीश्वर आचार्य श्री ललितेश्वर नन्द जी महाराज ने भगवान परशुराम की आरती कर फीता काट कर किया,

रथयात्रा द्वारीकाधीश मंदिर बड़ा महादेव से प्रारंभ होकर गोपाल मोहल्ला , बूढ़ी माता से होकर कैथल गेट , ब्राह्म बाजार,घंटाघर, बड़ा बाजार,मनिहार चौक होते हुए रघुनाथ आश्रम पर संपन्न हुई,रथयात्रा में माता सरस्वती,महा विद्वान रावण ,राम दरबार, मा दुर्गा, गरुण पे सवार भगवान विष्णु, भगवान परशुराम की जीवंत झांकी,हनुमान जी ,महाकाल की झाकियां श्रद्धालुओं का मन मोह रही थी तो वहीं कई डी जे का संगीत युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर रहा था, बैंड पर बजते धार्मिक गाने श्रद्धालुओं में धार्मिक भाव जागृत कर रहे थे,लंगूरों के साथ महाबली हनुमान ,काली अखाड़े से वातावण मनमोहक हो रहा था, भगवान परशुराम के रथ का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतार कर पूजन किया, रथ यात्रा में आए श्रद्धालुओं का नगर में जगह-जगह जलपान कराकर स्वागत किया गया , रथ यात्रा के समापन पर रघुनाथ आश्रम में सभी श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया

रथ यात्रा में मुख्य रूप से विवेक मिश्रा मुकेश गौड़, विवेक शर्मा गुमथल, कवि माधव मिश्रा, बनवारी लाल पाठक राजीव पाठक, दिनेश शर्मा, सचिन मिश्रा ,अविरल,सचिन शर्मा , सचिन शर्मा एडवोकेट, पराग शर्मा, निशांत शर्मा,बृजेश शर्मा, अमोल शर्मा, शरद शर्मा ,सौरभ शर्मा, अनुभव शर्मा सत्येंद्र पाठक ,जीतू शर्मा योगेश कुमार गुड्डू, अतुल शर्मा आईपी शर्मा गया शोभा यात्रा का शुभारंभ बलदेव धाम के पीठाधीश्वर आचार्य श्री ललितेश्वर नन्द जी महाराज ने भगवान परशुराम की आरती कर फीता काट कर किया,तो वहीं कई डी जे का संगीत युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर रहा था, बैंड पर बजते धार्मिक गाने श्रद्धालुओं में धार्मिक भाव जागृत कर रहे थे,लंगूरों के साथ महाबली हनुमान ,काली अखाड़े से वातावण मनमोहक हो रहा था, भगवान परशुराम के रथ का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतार कर पूजन किया, रथ यात्रा में आए श्रद्धालुओं का नगर में जगह-जगह जलपान कराकर स्वागत किया गया , रथ यात्रा के समापन पर रघुनाथ आश्रम में सभी श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। इस दौरान रथ यात्रा में मुख्य रूप से विवेक मिश्रा मुकेश गौड़, विवेक शर्मा गुमथल, कवि माधव मिश्रा, बनवारी लाल पाठक राजीव पाठक, दिनेश शर्मा, सचिन मिश्रा ,अविरल शर्मा,सचिन शर्मा , सचिन शर्मा एडवोकेट, पराग शर्मा, निशांत शर्मा,बृजेश शर्मा, अमोल शर्मा, शरद शर्मा ,सौरभ शर्मा, अनुभव शर्मा सत्येंद्र पाठक ,जीतू शर्मा योगेश कुमार गुड्डू, अतुल शर्मा आईपी शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# चकरोड डालने का विरोध करने पर किसान की गोली मारकर हत्या, चार घायल

### मौके पर मौआयना करने पहुंचे एएसपी

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह





चंदौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव भीकनपुर में बुधवार की सुबह 7.30 बजे मनरेगा मजदूरों द्वारा नई चकरोड पर मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था। तभी पक्षों में विवाद हो गया और एक पक्ष ने लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी हथियार से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक किसान की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई। जबकि चार परिजन घायल हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भेजा। जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी किसान साहिब सिंह 53 पुत्र दरयाव सिंह का खेत पड़ोसी गांव मोहम्मदनगर कस्बा के जंगल में है। बुधवार की सुबह 7 बजे मनरेगा के मजदूर चकरोड पर मिट्टी डालने का कार्य कर रहे थे।

इस दौरान साहिब सिंह सहित अन्य ग्रामीण भी अपने-अपने खेत पर पहुंच गए। साहब सिंह के पड़ोसी किसान ने उससे चकरोड़ का विरोध करने की बात कही। मगर साहिब सिंह ने इंकार करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर चकरोड़ पर विरोध नहीं करेगा। क्योंकि साहिब सिंह के खेत के बाद पड़ोसी किसान के खेत में भी चकरोड़ के तहत मिट्टी डाली जाती। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी हथियार निकल आए।

आरोप है कि आरोपी पक्ष ने साहिब सिंह व उसके परिजनों पर फायरिंग शुरू कर दी है।

फायरिंग होते ही मनरेगा मजदूर भाग गए और साहिब सिंह की गोली लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके परिजन दरियाव सिंह, शैलेंद्र सिंह, विवेक, देवेश घायल हो गए। घटना के आरोपी अपने-अपने घर पहुंचे और हथियार रखकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहीं घटना की सूचना मिलने पर एएसपी श्रीशचंद्र मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। पुलिस ने आरोपियों के घर से लाइसेंस बंदूक व रायफल कब्जे में ले ली है। वहीं किसान के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

### देवी देवताओं की मूर्तियों की निकली शोभायात्रा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। गुन्नौर बबराला कस्बा में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भ्रमण किया।नगर में जगह जगह स्वागत किया गया।मन्दिर में आरती हुई।कस्बा की लेखपाल कालोनी में नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर में हनुमान जी,राम दरबार, शिव परिवार की मूर्तियों की शोभायात्रा ने नगर में भ्रमण किया।मन्दिर में हवन व पूजन के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयीं।उसके बाद प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन हुआ।जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया' इस दौरान ,चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, डॉ सुरेन्द्र भारद्वाज, प्रदीप कुमार,सतेंद्र गौतम, खुशालीराम, मुकेश, सुरेशचन्द्र, ख्यालीराम, रोहित, उमेशचन्द्र, एके शर्मा,सुरेंद्र ,गोपीचन्द, प्रशान्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र ने काउंसलिंग कराया समझौता

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। ऑपरेशन जागृति के तहत बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दो पत्रावलियों में काउंसलिंग कर सुलह समझौता कराया गया। नौरंगाबाद अलीगढ़ की रहने वाली प्रभावती (बदला हुआ नाम) ने अपनी पुत्री अर्चना (बदला हुआ नाम) के पति प्रांजल (बदला हुआ नाम) तथा अन्य ससुरालीजनों पर अपनी बेटी के साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने तथा उत्पीड़न करने व अन्य आरोप लगाकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष दिया था। जिस पर दिनांक 30.04.25 को दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाकर वार्ता की गई तो अर्चना उपरोक्त ने बताया कि उसकी शादी प्रतिपक्ष प्रांजल के साथ वर्ष 2016 में हुई थी उनके दो बच्चे भी है। अर्चना ने बताया कि वह वर्तमान में डिप्रेशन से जूझ रही है तथा उनका इलाज भी चल रहा है। अर्चना उपरोक्त गांव में रहना नहीं चाहती है। दोनों पक्षों को सुना तथा समझाया गया प्रतिपक्ष को समझाया गया कि वर्तमान में उसकी पत्नी डिप्रेशन से जूझ रही है तो और उसका इलाज भी चल रहा है तो वह ऐसी स्थिति में अपनी पत्नी का पूरा ध्यान रखें उसे खुश रखने की पूरी कोशिश करें। ज्यादा से ज्यादा समय अपनी पत्नी के साथ बिताए यदि उनकी पत्नी चाहे तो उन्हें कोई एक्टिविटी करने में सहायता करे जैसे सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन आदि कोर्स कर सकती है साथ ही यह भी समझाया गया कि यदि उसकी पत्नी इस समय ग्रामीण परिवेश में नहीं रह पा रही है तो वह अपनी पत्नी के स्वास्थ्य में लाभ होने तक शहर में किराए पर रह ले। दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। इसके पश्चात प्रतिपक्ष प्रांजल इस बात पर सहमत हुआ कि वह अपनी पत्नी की खुशी के लिए अपनी पत्नी के साथ शहर में किराए पर रहेगा। इसके पश्चात अर्चना भी अपने पति के साथ खुशी खुशी रहने को तैयार हो गई। तो वहीं दूसरे प्रकरण में रोरावर अलीगढ़ की रहने वाली नफीसा (बदला हुआ नाम) ने अपने पति अरबाज (बदला हुआ नाम) तथा अन्य ससुराली जनों के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के संबंध में एक शिकायती प्रार्थना पत्र थाना रोरावर कर दिया था। जिन्हें 30 अप्रैल 2025 को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस कार्यालय अलीगढ़ पर बुलाकर दोनों से वार्ता की गई तो तथ्य इस प्रकार पाए गए कि आवेदिका तथा प्रतिपक्ष का निकाह दिसंबर 2022 में हुआ था। इनकी एक पुत्री भी है तथा वर्तमान में आवेदिका का नफीसा गर्भवती है। दोनों पति-पत्नी के बीच आपस में कोई मनमुटाव या बड़ा विवाद नहीं है। बस प्रतिपक्ष की एक बहन है जो अभी अविवाहित है उसकी वजह से दोनों के बीच झगड़ा होता है।दोनों पति-पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया तथा सुना गया तथा साथ ही आवेदिका की ननद को भी बुलाया गया तथा समझाया गया कि वह अपने भाई भाभी से जिंदगी में ज्यादा दखल अंदाज न करें तथा उनका घर तुड़वाने की वजह न बने। अरबाज की बहन ने अपनी गलती के लिए अपने भाई भाभी से माफी मांगी तथा दोनों पति पत्नी राजी खुशी साथ साथ रहने को तैयार हुए।

# जिला मजिस्ट्रेट ने गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने बुधवार को ट्रस्ट द्वारा संचालित गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सीय सेवाओं, उपकरणों एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व डीएम ने नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल की पुण्यतिथि पर परिसर में स्थापित स्टैच्यू पर माल्यार्पण भी किया। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के उपरांत चिकित्सालय में योगदान दे रहे ट्रस्टीगण, नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी मानवता की सच्ची सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनता से पीड़ित व्यक्तियों को रोशनी देना एक पुण्य कार्य है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सालय की साफ-सफाई, मरीजों के साथ व्यवहार एवं निःशुल्क सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। जिला प्रशासन ऐसे समाजसेवी कार्यों में हर संभव सहयोग करेगा। डीएम ने इस दौरान मरीज असलम, डी0के0 वर्मा एवं कुछ अन्य तीमारदारों से भी बात की। डॉ0 अमित कुमार गुप्ता द्वारा संचालित स्वच्छ शाकाहारी भोजनालय में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नकवी ब्लॉक के सम्मुख पौधरोपण भी किया। मधुप लहरी ने बताया कि गांधी आई नेत्र चिकित्सालय की स्थापना 1928 में डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल द्वारा की गई। पद्मश्री डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल का जन्म 1905 में हुआ और अल्प आयु में सन 1962 में वह हम सभी को छोड़कर परमात्मा में विलीन हो गए। उन्होंने डीएम को आजादी से पूर्व की विजटर बुक भी दिखाई। मधुप लहरी ने चिकित्सालय की बेहतरी के लिए कुछ आवश्यकताओं, समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए चिकित्सालय परिसर के पीछे हो रहे जलभराव वाली जमीन का चिकित्सालय हित में सदुपयोग करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर चिकित्सालय ट्रस्ट के पदाधिकारी सचिव वी0 के0 बजाज, पिंकी भाटिया, अमित नंदन संयुक्त सचिव, सुरेश गोविल कोषाध्यक्ष, डॉ0 अजय सक्सेना, डॉ0 अमित गुप्ता, मधुप लहरी, पी0के0 माथुर, प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ0 प्रीतपाल सिंह ने अन्य नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ओर से डीएम संजीव रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# ऑपरेशन जागृति...छात्राओं को किया जागरुक

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक क्राइम श्रीमती ममता कुरील द्वारा थाना गांधीपार्क अन्तर्गत एसजेडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल्ह में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक क्राइम द्वारा ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई।

छात्रों को ह्वऑपरेशन जागृतिह्व के छह मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। तो वहीं छात्रों को साइबर हिंसा के बारे में जागरुक व सचेत किया गया। छात्र सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें किसी के अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें यदि कोई व्यक्ति अनजान नम्बरों से कॉल करके परेशान कर रहा है तो तत्काल इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नं0- 1090 अथवा डायल-112 पर दर्ज करायें। बच्चों द्वारा सावधानी के साथ ही सोशल मीडिया या गेमिंग एप आदि का प्रयोग किया जाए। सर्तक रहें, सुरक्षित रहें। कोई अनजान ईमेल, मुफ्त उपहार या नौकरी दिलाने के नाम पर लिंक आदि के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत सूचना देने से बचें। समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में जागरुक करना एवं ऐसे मामलों में कमी लाना, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना। नशा एक सामाजिक बुराई है, विशेषकर छात्रों को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए, नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल शिक्षा प्रभावित होगी बल्कि स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है अतः नशीले पदार्थों का सेवन न करें। समाज में पारिवारिक विघटन के मामले बढ़ते जा रहे हैं, समाज में असहनशीलता और हिंसा बढ़ रही है क्योंकि धैर्य, संस्कार और एक दूसरे के प्रति आपसी सम्मान कम हो रहा है। लोगों को, हिंसा की जगह संवाद और नफरत की जगह भाईचारा, गुस्से की जगह धैर्य धारण करना चाहिए ताकि ऐसे मामलों में कमी आ सके। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

# भगवान परशुराम के आदर्श से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए: वाई के शर्मा

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। डॉक्टर शंकर लाल शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत के केंद्रीय कार्यालय कृष्णापुरी पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाई .के .शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम का दूध ,दही, शहद ,गंगाजल एवं घी से अभिषेक किया गया तथा भगवान का श्रृंगार कर सभी भक्तों ने माला पहनाई व शंख, घंटा, घड़ियाल द्वारा भगवान की आरती उतारी गई।

मुख्य अतिथि वाई के शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम ने आततायी राजाओं का 21 बार वधकर पृथ्वी को विहीन कर दिया, हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में वयोवृद्ध सम्मान मास्टर सत्य स्वरूप शर्मा,पवन गौड़ रेलवे, वाई के शर्मा एवं गिरिराज किशोर शर्मा एवं संरक्षक माया देवी को तथा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर अशोक शर्मा ,डॉक्टर मनोज कुमार, संरक्षक राकेश कुमार शर्मा एवं श्री श्री भगवान गौड़ को माला, अंग वस्त्र, एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी का आभार व्यक्त कर भगवान परशुराम महोत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मीरा शर्मा, महासचिव बेबी रानी, प्रभा गौड़, विजेता पंडित, साक्षी पंडित, सुनीता गौड़, राजेंद्र शर्मा, मोहित शर्मा, रजत शर्मा, आकाश पंडित, दिव्यांश गौड़, लक्ष्य गौड़, विनायक गौड़ एवं अनय गौतम ने भगवान की आरती ली तथा प्रसाद ग्रहण किया।

# आईसीएसई बोर्ड परिणाम में जनपद में प्रथम रही बालिका

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। आईसीएसई बोर्ड ने बुधवार दोपहर को परिणाम जारी किया, जिसके बाद विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी छा गई, विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अपना परिणाम देखा और फिर परिवार व शिक्षकों के साथ मिलकर जमकर जश्न मनाया। शहर में करीब तीन हजार परीक्षार्थियों ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा दी थी। जनपद में एसजेडी पब्लिक स्कूल के प्रिंस भारती ने 94.25 प्रतिशत अंक हासिल कर 12वीं में टॉप किया तो वहीं दूसरी ओर नर्चर पब्लिक स्कूल के हफशाह शाहिद ने 96.20 प्रतिशत अंक हासिल करके 10वीं में टॉप किया।

## संपादकीय

# स्थानांतरण में आत्मबोध

**प्रशासन** में कर्म की परीक्षा कभी मुकम्मल नहीं होती, फिर भी व्यवस्था की आपूर्ति में अधिकारियों के जिम्मे किसी भी सरकार का पूरा कालखंड होता है। हर अधिकारी के फर्ज में सरकार का रुतबा गूंजता है और अगर यही नगीने खनक जाएं तो छवि की पताका पर संदेह होना लाजिमी है। सरकारों का अपना-अपना ट्रांसफर काल भी दिखाई देता है। हम इसे पटवारी से लेकर राज्य के मुख्य अधिकारी तक देख सकते हैं। लोग बेहतर समीक्षक होते हैं और कई बार सरकारों के ट्रांसफर आर्डरों का विरोध भी करते हैं, लेकिन जनापेक्षाएं भी सियासत की तरह अकसर मोम नहीं होतीं। नुकीले प्रश्नों की आबरू में सबसे ज्यादा पैमाइश और आजमाइश प्रशासनिक अधिकारियों की ही होती है, जहां हर पड़ाव एक ट्रांसफर है। जाहिर है धर्मशाला से भरमौर भेजे गए एसडीएम संजीव कुमार भोट के ट्रांसफर आर्डर भी पड़ाव रहे होंगे, लेकिन जिन संदेहों की बरसात हो रही है, उन्हें सिरे से नकारा भी नहीं जा सकता। भोट सिर्फ एक अधिकारी या सेवा काल का बिछौना नहीं कि चंद दिनों में किन्नौर, डोडरा-क्वार, धर्मशाला और अब भरमौर में प्रशासनिक अधिकारी बना कर बिछा दिया जाए। संजीव भोट से जुड़ी अपेक्षाएं एक आदमी से नहीं, उनकी क्षमता में अधिकार प्राप्त अधिकारी से हैं। जाहिर है सरकार को भरोसा है, इसलिए चौथी जगह एसडीएम बनाए गए, लेकिन बार-बार के स्थानांतरण उनके व्यक्तिगत व प्रशासनिक जीवन को कहीं न कहीं हास्यास्पद बनाते रहे हैं। यही वजह रही कि इस अधिकारी ने अपने क्षोभ की परिणति में पद से ही त्यागपत्र देकर अपनी प्रशासनिक कुंडली में विराम और सचिवालय की एक जुंडली में अविश्वास लिख दिया। यह कोई छोटी घटना नहीं, बल्कि इसने विमल नेगी से जुड़े संदेहास्पद घटनाक्रम में एक नया सवाल जोड़ दिया है। संजीव भोट के सजीव बोध को सौ फीसदी सत्य न मानें, लेकिन यह मंजर आत्म संतुष्टि का नहीं, आत्मचिंतन का जरूर है।

अपने ट्रांसफर आर्डर को रेखांकित करते भोट ने जो सवाल उठाए हैं, उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों की एक रूठी हुई शाखा हो सकती है। कुछ तहें भले ही ढकी रहें, लेकिन सड़ांध को ढांपना मुश्किल है। क्यों एक अधिकारी के लिए नौकरी से इस्तीफा देना आसान हो गया और क्यों वह इस सुलूक को स्वर्गीय नेगी के मजमून तक ले गया। संजीव भोट को स्थानांतरित करना विशेषाधिकार रहा होगा या कुछ कारण भी गिने जा सकते हैं, लेकिन जनता की कचहरी में हर ट्रांसफर एक व्यक्ति नहीं नया विश्वास है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसी स्कूल में ट्रांसफर आर्डर पर आनेवाला एक व्यक्ति नहीं, एक अध्यापक होता है। दुर्भाग्य से आजकल कर्मचारी-अधिकारी मोहरबंद होने लगे हैं। सरकारी नौकरी सियासी कैडर में विभक्त होने लगी है। अस्थायी सत्ता के करीब सरकारी कार्यसंस्कृति ने स्वयं को इतना कमजोर कर लिया है कि प्रशासनिक सेवाओं में लोग नेताओं के आगे पानी भरते दिखाई देते हैं। इसी संदर्भ में राजधानी की चुगलियां प्रदेश सचिवालय को ट्रांसफर का गढ़ नहीं बना सकतीं, यह असंभव है। हम तो चाहेंगे कि नेगी मौत की जांच के आसपास अगर अधिकारियों के मनोविज्ञान को पढना है, तो संजीव भोट के उद्वेलित प्रश्नों को भी परख लेना चाहिए। प्रदेश की प्रशासनिक छवि के लिहाज से अधिकारियों के आत्मबल को जगाना होगा। मनोवैज्ञानिक तौर पर अगर कोई अधिकारी ट्रांसफर परिपाटी से भयभीत होकर काम करेगा, तो व्यवस्था परिवर्तन के परिणाम तीव्रगामी नहीं होंगे। ट्रांसफर में फंसा दायित्व इसी होड़ में रहे कि मन माफिक पोस्टिंग पाने के लिए हमेशा कुशल लाबिंग जरूरी है, तो वहां न प्रशासनिक चमक, न फर्ज की संस्कृति और न ही निर्णायक होने की स्थिति बचेगी। ऐसे में संजीव भोट का इस्तीफा एक सामान्य मानवीय पहलू होने के साथ-साथ ब्यूरोक्रेसी के नाज और नखरों पर प्रश्न चस्पां कर रहा है, लिहाजा कुछ तो उत्तर चाहिए।

# बेतुके बयानों से बचें एवं राजनीतिक सहमति कायम रखें



ललित गर्ग

सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दर्शाते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है, इसमें पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका को देखते हुए देश की एक सौ चालीस करोड जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सीखाना जरूरी हो गया है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन लेते हुए सिंधु जल को रोकने जैसे पांच कदम उठाये। दोनों ही देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी है, यह पहली बार देखने को मिला है कि इस घटना को लेकर कश्मीर सहित समूचा देश एक दिखाई दे रहा है। ऐसे क्रूर, आतंकी एवं अमानवीय हमले के वक्त में पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दर्शाते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जब राष्ट्र संकट एवं जटिल दौर में हो, किसी का राजनीतिक हित देशहित से बड़ा नहीं हो सकता।

अनर्गल, बेतुके एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों ने एक बार फिर कुछ नेताओं एवं दलों की घटिया सोच को बेनकाब किया है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुके बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं। वहीं के एक मंत्री एवं नेता ने तो कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि जब यह भी बोला गया कि जो महिला कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं? ऐसे बयान केवल संवेदनहीन और पहलगाम हमले से क्षुब्ध देशवासियों का खून खौलाने वाले ही नहीं, आतंक को खाद-पानी देने वालों के मन की मुराद पूरी करने वाले भी हैं।



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने विवादित बयान में कहा कि इस घटना से किसे फायदा हो रहा है और कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है इसका जवाब हमला करने वाले के पास ही है। टिकैत ने जोर देकर कहा कि असली चोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में ही मौजूद है। टिकैत अपने औछे, घटिया एवं उच्छृंखल बयान के साथ यह उदाहरण भी दिया कि जब गांव में किसी की हत्या होती है, तो पुलिस सबसे पहले उसे पकड़ती है, जिसे जमीन मिलने जैसा फायदा होता है। पाकिस्तान के लिये पानी रोकने के निर्णय पर उनका यह कहना कि पानी पर सभी जीव-जंतुओं का अधिकार है, यह सबको मिलना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने भारत-विरोधी विचार ही दिया है। बिजनसमैन एवं गांधी परिवार के जवाई रॉबर्ट वाड्रा के पहलगाम हमले पर विचार भले ही चौतरफा आलोचना के बाद बदल गए हैं। लेकिन उन्होंने भी इस आतंकवादी हमले के लिए मोदी सरकार और हिंदुत्व को जिम्मेदार ठहराया था।

eराष्ट्रीय हितों पर चोट करने और देश की एकजुटता को प्रभावित करने वाले ये बयान यही नहीं बताते कि राजनीतिक कटुता के चलते नेतागण संवेदनशील मामलों में भी बोलते समय अपने विवेक का परित्याग कर देते हैं, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी पार्टी लाइन की कोई परवाह नहीं रहती। उनके लिये पार्टी देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिन भी दलों के नेता पहलगाम की घटना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं और जिसके चलते सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति आहत हो रही है, उन पर लगाम लगे। पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष 'किसी भी जवाबी कार्रवाई' के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत भी है।

संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं। बेशक पहलगाम में सुरक्षा चूक पर जवाब मांगने का राजनीतिक अधिकार विपक्ष को है, क्योंकि चूक तो हुई ही है, लेकिन सहमति के लिए संवाद और समन्वय की प्रक्रिया जारी रहनी जरूरी है। यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राजनीति देश के लिए होनी चाहिए, देश की कीमत पर नहीं। अलग-अलग दलों से होने तथा कई मुद्दों पर नीतिगत मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरसिंह राव, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने परस्पर सम्मान भाव वाले रिश्तों से संवाद, सौहार्द, समझ तथा समन्वय की जो मिसाल पेश की, वह दलगत राजनीति में वर्तमान सन्दर्भों में मार्गदर्शक बन सकती है। एक-दूसरे को देशविरोधी मानने की मानसिकता से मुक्त होना होगा और परस्पर कटुता के बजाय सम्मान का भाव जगाना होगा। अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, कायम रहे राजनीतिक सहमति ताकि देश चुनौतियों एवं संकटों का सामना प्रभावी एवं सफलतापूर्वक कर सके।

विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, अब दुनिया भी स्वीकारने लगी है कि पाकिस्तान आतंक की प्रयोगशाला है। उसकी इस नर्सरी एवं आतंक की खेती का उद्देश्य भारत की तबाही ही है। भारत को कभी तो जबाव देना ही था, अब भारत ने कमर कसी है तो पाकिस्तान परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसी गिदड धमकियों पर उतर आया है। अब तो भारत के राजनीतिक दलों, नेताओं एवं संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों को पाकिस्तान के प्रति अपनी सोच को बदलना चाहिए। अब पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है।

आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। सीमाओं पर लड़ने की ताकत देश के भीतर के इन संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक एजेंडे में खप जायेगी तो हम केवल उस एजेंडे को ही आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों एवं पाकिस्तान का मकसद है- भारत को विभाजित करना। कश्मीर एवं देश में मुस्लिम समाज ने पहलगाम की घटना का जिस तरह विरोध किया, काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और कहा कि इस घटना ने इस्लाम को बदनाम किया है, वह स्वागतयोग्य है। देश में आगे भी सद्भाव बना रहे, यह देखना सभी समुदायों की जिम्मेदारी है। लेकिन इससे बड़ी जिम्मेदारी राजनीतिक दलों एवं नेताओं की है कि वे बेतुके बयानों से स्वार्थ की राजनीति का त्याग करें।

## 1 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1977 इस्तांबुल में टेक्सिम स्क्वायर के नरसंहार से 34 मौतें।

1979 अंग्रेजी गायक एल्टन जॉन इजरायल में प्रदर्शन करने वाले पहले पॉप स्टार बन गए। उन्हें संगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए छह ग्रैमी पुरस्कार, पांच ब्रिट पुरस्कार मिले हैं। अब इजरायल संगीत यूनाइटेड किंगडम से मुख्यधारा के पॉप और रॉक संगीत से प्रभावित है।

1985 फिलीपींस में श्रमिक समूहों ने फॉर्गिनैंड मार्कोस की तानाशाही को चुनौती देने के लिए राजनीतिक गठबंधन और कम्युनिस्ट मोर्चा, बार्गोंगअलींगस मकाबयान की स्थापना की।

1989 वॉल्ट डिजनी वर्ल्ड के डिज़नी-एमजीएम स्टूडियोज़ को पहली बार जनता के लिए खोला गया।

1989 135 एकड़ डिज़नी का एमजीएम स्टूडियो 1 मई, 1989 को बे लेक, फ्लोरिडा में वॉल्ट डिज़नी वर्ल्ड रिज़ॉर्ट में खोला गया था। यह वॉल्ट डिज़नी के हॉलीवुड स्टूडियो के चार थीम पार्कों में से एक है, जो हॉलीवुड के उद्योग को उद्योग की प्रेरणा से प्रेरणा के रूप में समर्पित है। 1930 और 1940 के दशक में।

1993 तमिल टाइगर्स के आत्मघाती हमलावर ने श्री लंका के राष्ट्रपति रणशेसिंग प्रेमदासा को हत्या कर दी।

1994 ब्राजील के रेसिंग ड्राइवर एर्टन सेना, तीन बार फॉर्मूला वनवर्ल्ड चैंपियन, 1994 के सैन मैरिनो ग्रैंडप्रीक्स के दौरान एक दुर्घटना में मारे गए थे।

1995 जैक्स शिराक फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए।

1997 1 मई, 1997 को तस्मानिया समलैंगिकता को हतोत्साहित करने वाला ऑस्ट्रेलिया का आखिरी राज्य बन गया। तस्मानिया में समलैंगिक कानून में सुधार किसी भी अन्य कारण से उल्लेखनीय नहीं है क्योंकि एक युग को समाप्त करने के लिए इतनी देर हो गई।

2001 नीदरलैंड समलैंगिक विवाह क़ानून को लागू करने वाला दुनिया का पहला देश बना। इसके बाद, अब तक बेल्जियम, स्पेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, पुर्तगाल, आयरलैंड और अमेरिका में भी समलैंगिक विवाह को क़ानूनी लागू कर चुके है।

2003 1 मई 2003 को, अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश एक लॉकहीड S-3 वाइकिंग में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर उतरे, जहाँ उन्होंने इराक युद्ध में प्रमुख लड़ाकू अभियानों की समाप्ति की घोषणा की।

2004 यूरोप में स्थित 28 देशों का एक राजनैतिक एवं आर्थिक मंच यूरोपीय संघ (यूरोपियन यूनियन) में 10 नये राष्ट्र शामिल हुए थे, जो ज्यादातर पूर्वी यूरोप के देश थे।

2004 2004 यूरोपीय संघ का विस्तार 1 मई को साइप्रस, चेक रिपब्लिक के रूप में हुआ

2009 ब्लीकी, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, माल्टा, पोलैंड, स्लोवाकिया और स्लोवेनिया EU में शामिल हो गए। यह क्षेत्र, राज्यों की संख्या और आबादी के मामले में यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा एकल विस्तार था।

2009 स्वीडिश संसद ने 1 मई 2009 को स्वीडन में एक ही लिंग विवाह को वैध बनाने वाले विवाह पर लिंग-तटस्थ कानून को अपनाया। स्वीडन में एक ही लिंग के साथ विवाह करने वाले दुनिया का सातवाँ देश है।

2009 समलैंगिक विवाह स्वीडन में वैध किया गया।

2011 अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 11 सिंतबर 2001 हमले का मास्टरमाइंड अल कायदा का मुखिया ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में मारे जाने की घोषणा हुई।

2012 चीन और रूस ने 15 $ ट्रिलियन डॉलर व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।

## समसामयिक

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की बयानबाज़ियां!



ऋषभदेव शर्मा

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री जनाब ख्वाजा आसिफ साहब ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो बयानबाज़ी की है, उससे कुछ ऐसी आतिशबाज़ी छूटी है कि आसमान में सच और झूठ के रंग एक-दूसरे में घुल-मिल गए हैं। जनाब ने पहले तो बड़े गर्व से कहा कि पाकिस्तान पिछले 30 साल से आतंकवाद को पाल-पोस रहा है, जैसे कोई पुराना बागवान गमले में गुलाब की कटिंग दिखाए। फिर पलटी मारते हुए बोले, "अरे, यह तो हम अमेरिका के लिए गंदा काम कर रहे थे!" वाह, ख्वाजा साहब, यह तो कमाल का ठीकरा-फोड़ खेल है। खुद गुनहगार, मगर सारा इल्ज़ाम सात समंदर पार! यह बात अलग है कि अमेरिका हो या कोई और - पाकिस्तान की आड़ से तीर शायद बहुतों ने चलाए हैं। अर्जुनों तक को शिखंडियो की ज़रूरत होती है न!

पहलगाम में 22 अप्रैल के खूनी मंगलवार को 26 बेगुनाहों की जान लेने वाला हमला हुआ। इसकी ज़िम्मेदारी ली लश्कर-ए-तैयबा के चचेरे भाई टीआरएफ ने। बाद में भारत के तेवर देख ना नुकुर का नाटक भी किया। ख्वाजा साहब ने तो लश्कर को ही 'खत्म' घोषित कर दिया, जैसे कोई पुराना रेडियो खराब हो जाए तो उसे अलमारी में बंद कर कहें, "बस, अब यह काम नहीं करता!" मगर जनाब, आपका वह रेडियो तो अब भी एफएम पर आतंक का गाना बजा रहा है! और हद तो तब हुई, जब जनाब ने कहा कि पहलगाम हमला खुद भारत की साज़िश है। भले आदमी, झूठ भी सोचसमझ कर बोला करो। इतना बड़ा 'फॉल्स फ्लैग' तो हॉलीवुड में भी नहीं बनता, जितना आपने अपनी ख़याली स्क्रिप्ट में लिख डाला! ख़ैर, देर नहीं लगी और पाकिस्तान का पाप सामने आ ही गया। इस बर्बर हमले में शामिल आतंकियों में से एक हाशिम मूसा की पहचान पाकिस्तानी सेना के पैरा कमांडो के रूप में हुई है! इस पर नहीं बोलेंगे न?

ख्वाजा साहब की बातों में एक और मज़ेदार मोड़ तब आया, जब उन्होंने भारत को युद्ध की धमकी दी। बोले - हमारी फौज तैयार है, परमाणु हथियार भी रखे हैं, मगर इस्तेमाल तभी करेंगे जब अस्तित्व पर ख़तरा होगा। अरे जनाब, यह क्या कि बच्चों की तरह तोता रटंत लगाए हुए हैं - मेरे पास अनार है, दूर ही रहियो! फिर अगले ही पल जनाब ने शांति का राग अलापा - हम युद्ध नहीं चाहते, ट्रंप साहब मध्यस्थता करें। यही क्यों, आप लोग तो जाँच के लिए भी रूस और चीन को न्योत रहे हैं! वाह, एक ही साँस में युद्ध की धमकी, परमाणु हथियार का रौब, शांति की अपील और जाँच की माँग। यह तो कोई जादूगर ही कर सकता है; या बस गिरगिट!

और एक मज़ेदार बयान यह भी कि बलूचिस्तान में अशांति भारत फैला रहा है। कहते हैं न कि चोरों को सारे नज़र आते हैं चोर! बोले - भारत बीएलए और टीटीपी को हथियार दे रहा है। यानी उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे! जिस देश का आतंकवाद को पालने का 30 साल से ज़्यादा का 'शानदार' (शर्मनाक) इतिहास है, वह दूसरों पर उँगली उठा रहा है! कोई और वक़्त होता तो हँसी का फव्वारा ही खुल गया होता। लेकिन इस वक़्त हम गहरे ग़म और गुस्से में हैं। और हद तो तब हो गई, जब जनाब कहते पाए गए कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। सच कहें तो इतना तोड़-मरोड़ किसी पुरानी साइकिल की चेन में भी नहीं होता, जितना आप अपने बयानों में कर लेते हैं!

ख़ैर, ख्वाजा आसिफ साहब की इन आतिशी बयानबाज़ियों से और कुछ हुआ हो या न हुआ हो, यह ज़रूर साबित हो गया कि सच और झूठ के बीच की रेखा बेहद पतली है। पाकिस्तान उस पर, रस्सी पर चलने का करतब दिखाने की बार-बार कोशिश करता है और हर बार मुँह के बल गिरता है - वह भी संयुक्त राष्ट्र के अँगने में!

## 1 मई, अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष

# बालश्रम एक बड़ी समस्या, श्रमिकों का उद्धार कब होगा



संजीव ठाकुर

संविधान के अनुसार 18 साल से कम उम्र का बच्चा यदि घरेलू कामों से अलग अन्य कार्यों जैसे कारखाना, होटल हलवाई या अन्य जगह कार्य करता है तो उसे बाल श्रमिक माना जाता है। कानूनी रूप से बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर पूरे भारत सहित अन्य विकासशील देशों में बाल श्रम की बहुतायत पाई गई है। बाल श्रमिकों के साथ बड़े मजदूरों की की समस्या भी बड़ी विकराल है इसमें भारत देश को निजात पाना अत्यंत जरूरी है। बाल श्रम केवल एक ही रूप में मौजूद नहीं है बल्कि कई अन्य रूपों में भी वह प्रचलित है, इसमें घर पर कार्य करने वाले घरेलू श्रमिकों चाय खाने-पीने की होटलों पर कार्य करते बच्चे पटाखा उद्योगों में दिन रात काम करते बच्चों के छोटे-छोटे शहरों में कचरा कूड़ा बीनते और भीख मांगते बच्चों से कार्य लिया जाना भी बाल श्रम माना जाता है। यह भी कानूनी रूप से अवैध ही है।

बाल श्रम मूल रूप से भारत में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, कुपोषण तथा बेरोजगारी जैसे कारण के कारण परिवार के लोगों द्वारा स्वयं अपने बच्चों को बाल श्रम के दलदल में फसा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त समाज में शिक्षा का अभाव, अंधविश्वास जागरूकता का अभाव तथा बच्चों के अधिकार के प्रति जानकारी का नितांत अभाव और बाल श्रम को लागू करने वाली संस्थाओं की कमजोरी के कारण बाल श्रम को बल मिलता है। बाल श्रम रोकने के लिए कानूनी प्रक्रिया में इतनी लंबी तथा महंगी होती है की इस प्रक्रिया पर रोक लगाना लगभग असंभव प्रतीत दिखाई देता है। कई परिवारों में बहुत बच्चे होने के कारण और परिवार के अभिभावकों की असामयिक मृत्यु अथवा बीमारी के कारण बच्चों पर ज्यादा जिम्मेदारी आने से बाल श्रम का सिलसिला शुरू होता है, और वह निर्बाध गति से आगे बढ़ता है। इसमें बच्चों का समाजिक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, प्रशासनिक जैसे सभी स्तरों पर शोषण होता है। भारत में बाल श्रम इसीलिए भी प्रचलित है क्योंकि बाल श्रमिकों को वयस्क श्रमिक से आधे से भी कम पारिश्रमिक दिया जाता है।



बाल श्रमिक बहुत कम दाम पर आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसलिए इस सिलसिले को रोकने का प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बालकों के श्रम करने से उनमें मस्तिष्क का तनाव मानवी कुंठा तथा उन्हें दिग्भ्रमित करने की दिशा में कई स्तरों पर शोषण किया जाता है। इस तरह लाखों बच्चे सामाजिक बुराई के शोषण का शिकार होते हैं। बाल श्रम के कारण अनेक विसंगतियां के प्रमाण मिले थे जैसे मानव दुर्व्यवहार, बाल वेश्यावृत्ति जैसे अपराधों में बड़ी संख्या में वृद्धि होती है, और बाल श्रमिकों का जीवन एक दुर्घटना तथा अभिशाप बनकर रह जाता है । समाज के लिए कई परेशानियों का जन्म भी होता है। बाल श्रम करने के पश्चात भी बालकों बालिकाओं को पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से वह कुपोषण के भी शिकार होते हैं, और बाद में कई बीमारियों के संवाहक भी बन जाते हैं। जो बालक बालिकाओं की जिंदगी के लिए अत्यंत खतरनाक एवं कष्ट दायक होता है। बाल श्रम रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा कई प्रयास किए बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम 1986 का यदि कड़ाई से पालन किया जाए तो बाल श्रम को रोका जा सकता है । इसका क्रियान्वयन करने वाली एजेंसियां ही एकदम ढीली एवं संदेशों से परे नहीं है। इन एजेंसियों में नियोजक द्वारा क्रियान्वयन की जाने वाली एजेंसियों के अधिकारियों के साथ भ्रष्टाचार करके इसे लालफीताशाही की चादर ओढ़ा दी जाती है। ऐसे में लाखों बच्चे बाल श्रम की आग में झोंक दिया जाते हैं। भारत में बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम 1986 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिकार 2009, राष्ट्रीय पोषण मिशन, राष्ट्रीय बाल श्रम निवारण योजनाएं बनाई गई है। इनके क्रियान्वयन में को की लेटलतीफी के कारण लाखों बच्चे अभी भी बाल श्रम में उलझे हुए हैं। अपनी जिंदगी को स्वयं अपने कंधों पर ढोने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में दुनिया भर की मानव अधिकार संस्थाएं क्यों मौन है। इतने कानून बनने के बाद भी बाल श्रमिकों की संख्या हर वर्ष क्यों बढ़ते जा रही है। यह एक विचारणीय प्रश्न है। बाल श्रमिकों पर जब भी संसद या विधायिका में प्रश्न उठाए जाते हैं तो मानव अधिकार की संस्थाएं क्यों बगले झांकने लगती है।

बाल श्रमिक होना और बाल श्रम करवाना दोनों अलग-अलग मुद्दे हैं। बाल श्रमिक मजबूरी के कारण अपनी आजीविका चलाने के लिए बाल श्रमिक बनता है। पर इनको नियोजन में रखने वाली संस्थाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वरना बाल श्रमिक की विभीषिका दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ती जाएगी और हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे। बाल श्रमिकों की संख्या को तत्काल रोका जाना चाहिए और इन्हें देश की मुख्यधारा में शामिल किया जा कर देश के विकास में इनका सहयोग लिया जाना चाहिए। अन्यथा आज के ये बच्चे भविष्य के मजबूत नागरिक कैसे बन पाएंगे और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कैसे हो पाएगा।

## खबरें फटाफट

### जमीन धोखाधड़ी मामले में पूर्व एसडीएम सहित 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज



हमीरपुर। मुख्यालय स्थित डीएम आवास व उससे लगी 58.14 एकड़ की बेशकीमती कृषि भूमि को आकृषिक दर्शाने और विपक्षियों को फायदा पहुंचाने के लिए अभिलेखों से छेड़छाड़ के आरोप में एसडीएम सदर ने तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और सदर लेखपाल सहित 13 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इन पर बेईमानी व धोखाधड़ी सहित सात धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जमीन पर दावे का यह प्रकरण लंबे समय से हाईकोर्ट में लंबित है। एसडीएम सदर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा ने बुधवार को बताया है कि डीएम आवास और उससे सटी मेरापुर डांडा की 51.89 एकड़ और भिलावां डांडा की 6.25 एकड़ खेतिहर जमीन के अभिलेखों के कूटरचित अभिलेख बनाए गए। मामले में वर्ष 2004 से लेकर 2007 तक सदर तहसील में कार्यरत रहे एसडीएम विजय कुमार गुप्ता, तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन नायब तहसीलदार जैनेंद्र सिंह और सदर लेखपाल की भूमिका पर सवाल हैं। एसडीएम ने बताया कि तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और सदर लेखपाल के साथ ही मुकदमे में पैरवी करने वाले नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि इन अधिकारियों व कर्मचारियों ने षड्यंत्र कर विपक्षीगण को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से छल व बेईमानी पूर्वक अवैध लाभ प्राप्त कर कूटरचित अभिलेख तैयार किए। साथ ही सही अभिलेख न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए। लोक सेवक होते हुए सरकारी संपत्ति को बेईमानी से विपक्षीगण को लाभ पहुंचाया गया है। इनके द्वारा करोड़ों की सरकारी भूमि को विपक्षीगण के नाम कराने के लिए भ्रष्टाचार किया गया।

### प्रदेश के सभी मण्डलों में स्थापित होगी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब

लखनऊ,। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और दवा गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके तहत, प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में फूड एंड ड्रग लैब स्थापित की जा रही हैं, जिसमें से 12 मण्डलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां जुलाई माह तक टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। इन लैबों में उच्च तकनीकि क्षमता युक्त टेस्टिंग मशीनें लगाई जा रहीं हैं, जो प्रदेश की फूड और ड्रग सैंपल की टेस्टिंग की गुणवत्ता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि लाएगा। सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 18 मण्डल मुख्यालयों पर फूड एंड ड्रग टेस्टिंग की उच्च तकनीकी क्षमता युक्त लैब स्थापित की जा रही हैं। इस पहल के तहत एक ओर तो प्रदेश में पहले से स्थापित टेस्टिंग लैबों को हाई टेकनालॉजी युक्त बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर 12 मण्डलों में नई लैब बनाई जा रही हैं।

# जिलाधिकारी ने की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व कौशल विकास अंतर्गत संचालित हो रहे विभिन्न

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व कौशल विकास अंतर्गत संचालित हो रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के संबंध में बैठक का आयोजन मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया है,जिसमें नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोगनीपुर द्वारा संबंधित बिन्दुओ पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे अलोकप्रिय व्यवसाय को के सम्बन्ध में समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने,प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत जनपद में स्थित उद्योगों / अधिष्ठानों में छात्र/छात्राओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण / अनुभव प्रदान किये जाने तथा उक्त योजना के प्रभावी संचालन करने,शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में आंवटित लक्ष्य को पूर्ण किये जाने हेतु जनपद स्तर पर अभ्यार्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु योजित किये जाने के सम्बन्ध में जनपद में स्थित औद्योगिक इकाईयों का पंजीकरण एवं उनकी शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु सहभागिता बढाने हेतु रणनीतियों के संबंध में निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा अलोकप्रिय व्यवसाय के स्थान पर आधुनिक व्यवसाय को संचालित करने एवं उद्योगो की मांग के अनुसार व्यवसायों का चयन करने हेतु निर्देश दिये गये। जिससे प्रशिक्षार्थियों को शिक्षुता प्रशिक्षण योजना एवं प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष पूर्ण किया जा सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र कानपुर देहात, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर देहात आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सपा के पोस्टर को लेकर भाजपाइयों ने जताई नाराजगी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। समाजवादी पार्टी की होर्डिंग्स में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर काटकर उस हिस्से में अखिलेश यादव की तस्वीर लगाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। इसी क्रम में जनपद में भी नानाराव पार्क में भाजपा की तरफ से धरना प्रदर्शन किया गया और अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि यह सपा की दूषित मानसिकता है। बाबा साहब का जिस तरह से इन लोगों ने अपमान किया है, इसको देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी और समय आने पर इसका करारा जवाब देगी। यह वही देश है जहां पर बाबा साहब को भगवान का दर्जा दिया जाता है, तो वहीं सपाइयों बाबा साहब की आधी फोटो काटकर उसमें सपा मुखिया की फोटो लगाकर उनका अपमान किया है। खुद पार्टी के नेता बाबा साहब का पहले भी अपमान कर चुके हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज और बाबा साहब की पत्नी रमाबाई अंबेडकर के नाम से बने जिले कानपुर देहात का नाम हटाया था।

## राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन, शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर कानपुर नगर राहुल गांधी के यूपी दौरे का दूसरा दिन है। आज उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए।

ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। ऐशन्या ने राहुल गांधी को बताया- 22 अप्रैल को दोपहर 2.25 बजे हम लोग लंच कर रहे थे। तभी नॉर्मल कपड़ों में एक आतंकी आया। उसने पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? हिंदू कहते ही सिर्फ 5 सेकेंड में मेरे पति को गोली मार दी।

राहुल ने पूछा- यह सब कितनी देर तक चला? इस पर ऐशन्या ने कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे। उन्हें यह टारगेट दिया गया था कि पत्नी के सामने पति की हत्या करनी है। वे महिलाओं से कहते थे कि जाकर अपनी सरकार को बताओ। मैं तुम्हारे पति को मार रहा हूं, तुम्हें नहीं मारूंगा। राहुल ने फिर पूछा- जो लोग घायल थे, वे नीचे कैसे पहुंचे? ऐशन्या ने जवाब दिया- सर, मुझे मेरी बहन घसीटकर नीचे ले आई। आतंकियों ने महिलाओं को छुआ तक नहीं। राहुल ने पूछा- आपने यह सब खुद देखा? इस पर ऐशन्या ने कहा- हां, मैं करीब 15-20 मिनट तक वहां थी। इसके बाद ऐशन्या की बहन ने कहा- मैंने वहां मदद मांगी, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। मेरी बहन शॉक्ड थी। कह रही थी कि वह नहीं जाएगी। मैं जबरन उसे खींचकर नीचे लाई। मैं घोड़े वालों से गिड़गिड़ाई, लेकिन किसी ने मदद नहीं की।

## भारत अमेरिका से ज्यादा करना चाहिए रुस पर विश्वास : राकेश मणि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश भर के सामाजिक संगठनों में भी जबरदस्त रोष व्याप्त है। आतंकवाद से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को लेकर प्रतिक्रियाओं का भी दौर जारी है, जिसके क्रम में ट्रांस गोमती निवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सलीम और महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने पहलगाम की नरसंहार की घोर निन्दा करते हुए सरकार से कठोरता कार्यवाही की मांग भी की है।

अध्यक्ष मो. सलीम और महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय जारी जारी संयुक्त विज्ञप्ति में सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही दुनिया से आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले लोगों को भी दुनिया से अलग थलग करने को विश्व हित में बताते हुए यह भी कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करें कि पहलगाम पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पर चूक कैसे हुई।

भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सफल कूटनीतिक प्रयासों के बीच चीन के सहयोग से पाकिस्तान और बंगलादेश पर भारत विरोधी षड़यंत्र करने का भी आरोप लगाते हुए मोहम्मद सलीम और राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि भारत को दोनों तरफ से घेर कर चीन अपनी विस्तारवादी नीति को बढ़ाना चाहता है

इन दोनों नेताओं मोहम्मद सलीम और राकेश मणि पांडेय ने भारत की कूट नीति की सराहना भी की और कहा कि इसी के चलते दुनिया की अमेरिका व रूस जैसी महाशक्तियां भारत के साथ हैं लेकिन भारत अमेरिका से अधिक रूस पर विश्वास कर सकता है ,क्योंकि रुस ने पहले भी भारत के साथ अपनी मित्रता को प्रमाणित किया है। जबकि अमेरिका ने कई अन्य स्थितियों में भारत के विरूद्ध पाकिस्तान का साथ दिया है। मोहम्मद.सलीम व राकेशमणि पाण्डेय ने विश्व समुदाय के राष्ट्राध्यक्षों से दुनिया से सभी परमाणु बम समाप्त किये जाने की भी मांग करते हुए कहा कि दुनिया को आज सबसे ज्यादा जरूरत रोटी ,रोजी और चिकित्सा व्यवस्था की है। आतंकवाद, विस्तारवाद और कटरता के कारण देश व विदेशो में चल रहीं विध्वंसक गतिविधियों पर रोक के लिए प्रभावी कार्यवाही को भी आवश्यक बताते हुए अध्यक्ष मोहम्मद सलीम और महामंत्री राकेश पांडेय यह भी कहा कि कुछ देश तनाव पैदा करके अपने सैन्य साजो सामान को बेच कर लाभ कमाने में लगे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि विकासशील देश अपनी आमदनी का अधिकाश भाग युद्ध सामग्री के खरीदने में व्यय करते हैं, जिससे उनकी स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है।

## शुभम की हत्या के बदले आतंकवाद का होगा सफाया : आरिफ मोहम्मद खान

कानपुर। यह घटना जितनी निंदनीय है। उतनी ही कष्टदायी भी है। परिवार का दुख शब्दों में बयां कर पाना बमुश्किल है। इस विपरीत स्थिति में पूरा देश पीड़ति परिवार के साथ है। शुभम की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। बल्कि अब आतंकवाद का सफाया होगा। यह बातें बुधवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कही। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी शुभम द्विवेदी के परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अपनी आंखों के सामने पति की निर्मम हत्या की चश्मदीद पत्नी ऐशन्या बार-बार पति को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग कर रही है। तो वहीं अपने बेटे की अर्थी को कंधा देने वाले पिता संजय द्विवेदी आतंकियों से बदला लेने की गुहार सरकार से लगा रहे हैं। ऐसे में पीड़ित परिजनों से राजनेताओं के मिलने का सिलसिला भी जारी है।

## यश कोठारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय को 5 सीटर एसी सीएनजी ईको दान की गई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर,नेहरू नगर अंध विद्यालय में संस्था के यश कोठारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट कानपुर नगर द्वारा विद्यालय को दान स्वरूप ईको 5 सीटर एसी सीएनजी दृष्टि दिव्यांग छात्रों की आने-जाने सुविधा हेतु यश कोठारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट कानपुर नगर द्वारा विद्यालय को दान स्वरूप ईको 5 सीटर एसी सीएनजी दृष्टि दिव्यांग छात्रों की आने-जाने सुविधा हेतु यश कोठारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय को दान की गई। और यश कोठारी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट कानपुर नगर ने 30 किलोवाट का सोलर पैनल और साथ ही साथ गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर देने का भी लिए आश्वासन दिया। तत्पश्चात इन्द्रजीत सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प भेट कर सम्मान किया गया और विद्यालय को हर तरह से भरपूर हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्रमुख दीपक कोठारी एवं पूर्व विधायक भाजपा नेता अजय कपूर थे और साथ ही साथ 16 जून को दीपक कोठारी के बेटे के जन्म दिवस पर बच्चों के साथ मिलकर भोजन करेंग।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ शाखा उत्तर प्रदेश के महासचिव राम प्रकाश सिंह भदोरिया,सुरेश सिंह चंदेल, सुरेश गुप्ता,संदीप पासवान समस्त शिक्षक / शिक्षिकाएं, समस्त स्टाफ,समस्त पूर्व एवं वर्तमान छात्र व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए ।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष - अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

वृष - नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

मिथुन - दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

कर्क- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

सिंह - प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कन्या - स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

तुला - नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

वृश्चिक - जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्घि होगी।

धनु - कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

मकर - बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे

कुम्भ - सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

मीन - धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट में की गयी। बैठक में उन्होंने जनपद में मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिया गया कि जनपद के समस्त खाद्य कारोबारर्ताओं को शत-प्रतिशत लाईसेंस, पंजीकरण से आच्छादित किया जायें मुख्य रूप से ऑगनबाड़ी केन्द्र, पी०डी०एस०, मछली विक्रेता एवं शराब के निर्माता/ वितरक / थोक विकेता/फुटकर विक्रेताओं को सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फेरी विकेताओं / ऑगनबाड़ी केन्द्रों का पंजीकरण निशुल्क कर दिया गया है, जिसका आवेदन फॉस्कोस पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक लाइसेंस / पंजीकरण बनवाना सुनिश्चित करें। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि जनपद में संचालित मेडिकल स्टोरों का सघन निरीक्षण कर यथाआवश्यक कार्यवाही करें तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि बिना लाइसेंस के कोई औषधि प्रतिष्ठान जनपद में संचालित न हो। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि जनपद में मिलावटी दवाओं के विक्रय पर रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# जिलाधिकारी ने की जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तेजी लायी जाये, गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। संक्रामक और मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए सफाई अभियान चलाने और आम जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एंबुलेंस सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए, मरीजों को समय पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करायीं जाये। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। जिलाधिकारी ने 70 वर्ष के ऊपर लोगों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाए, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग अन्तर्गत संचालित हो रहें विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करें, जिन कार्यक्रमों के संचालन में कोई कमी पायी जाये उस पर विशेष जोर देकर कमियों को दूर करायें, संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की रेण्डम चेकिंग करायी जाये। जिलाधिकारी ने सीएचसी, पीएचसी पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने, हाईरिस्क प्रसव की लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराया जाये, इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव की मॉनीटरिंग की जाये तथा आरसीएच पोर्टल व पोषण ट्रैकर पर फीड कर आकड़ों का मिलान कर रिपोर्ट तैयार की जाये। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच कराने, विद्युत सेफ्टी आडिट कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लाक व जनपद स्तर से रेफर होने वाले मरीजों के सम्बन्ध में भी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एसएनसीयू के अन्तर्गत सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं दुरूस्त रहे, फैमली प्लानिंग, आभा आईडी आदि का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाये। बैठक में टीकाकरण, टीबी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। अंत में तृतीय पक्ष डब्ल्यू एचओ, यूनिसेफ द्वारा किए गए सर्वे की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है, ऐसे में सभी संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी गंभीरता और ईमानदारी से कार्य करें।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने सूचना पर अवैध शराब साथ व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मैनाठेर। पुलिस को चैकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली एक व्यक्ति मैनाठेर के बघी रोड के पास कट्टे में अवैध शराब लिए खड़ा है। मुखबिर की सूचना को अमल में लेते हुए पुलिस ने मौके पर पहुँच कर संदिग्ध लग रहे एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ की तब उसने अपना नाम सुभाष बताया जिसके पास से पुलिस ने कट्टे में रखे 32 पव्वे अवैध देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने सुभाष को पकड़कर थाने ले लाई। जहां पुलिस ने सुभाष को अवैध शराब के मामले में जेल भेज दिया।

### मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

मैनाठेर। थाना क्षेत्र के एक युवक की कोलकाता जाते समय ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक पश्चिम बंगाल के आसनसोल में मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही घटना की सूचना युवक के परिवार वालो की दी गई।युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।परिवार के लोग युवक के शव को लेने के लिए कोलकाता चले गए हैं। मैनाठेर क्षेत्र के इमरतपुर उद्यो निवासी मोहम्मद अनस (24) पुत्र नजरुल हुसैन कोलकाता में मजदूरी का काम करता है।अनस सोमवार को घर से कोलकाता के लिए निकला था।अनस मुरादाबाद से कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहा था। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के जिला आसनसोल के करीब दुर्गापुर में अनस की चलती ट्रैन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के द्वारा हादसे की सूचना परिवार को दी गई।सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।परिवार के लोगो का रोरो कर बुरा हाल है।वही परिवार के लोग शव को लेने के लिए कोलकाता के लिए रवाना हो गए है। मृतक के परिवार में मृतक अकेला भाई हैं। और उसकी दो बहन अजमी वुशरा व मां और-बाप हैं। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एसएसपी ने प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस उपाधीक्षक को लगाए स्टार

मुरादाबाद। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक शुभम पटेल के स्टार लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

### कुंदरकी और बिलारी के विधायकों से मांगे गए नए डिग्री कॉलेज के लिए प्रस्ताव

मुरादाबाद, । उच्च शिक्षा निदेशालय ने मुरादाबाद जनपद की कुंदरकी विधानसभा और बिलारी विधानसभा के विधायकों से प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत दो नए राजकीय डिग्री कॉलेजों के प्रस्ताव मांगे हैं। मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से यह प्रस्ताव निदेशालय में शीघ्र भेजे जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बुधवार को विकास भवन में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को लागू करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बताया गया कि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ठाकुर ने राजकीय डिग्री कॉलेज सलेमपुर सिरसखेड़ा और बिलारी विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने राजकीय डिग्री कॉलेज बिलारी के लिए प्रस्ताव दिए थे। मामले में सीडीओ ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फिर नया प्रस्ताव विधायकों से मांगकर भेजने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सद्भाव मंडप निर्माण के लिए पीडब्लूडी से एस्टीमेट उपलब्ध कराएंगे।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के पति-पत्नी और बेटी सहित तीन की मौत

### मिशन सड़क सुरक्षा का सपना अधूरा, पुलिस कैसे करेगी पूरा

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा में शादी से लौट रहे परिवार की ऑल्टो कार को तेज रफ्तार लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इसमें दंपती और उनकी बेटी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर फरार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव खाई खेड़ा नहर वाला मार्ग पर बुधवार तड़के सड़क हादसे में ऑल्टो सवार दंपती और उनकी दस वर्षीय बेटी की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और कार को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।बिजनौर के थाना शिवाला कला क्षेत्र के गांव फिना रामपुर निवासी कविराज अपने परिवार के साथ ठाकुरद्वारा में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। सुबह वह कार से लौट रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रही लकड़ी से लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कविराज, उनकी पत्नी मंजू और दस वर्षीय बेटी अराध्या की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार तासु पुत्री सतीश निवासी लोदीपुर, कविराज का बेटा लक्ष्य और एक अन्य जानू घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भेजा, जबकि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर फरार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना से मृतक परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने हादसे को लेकर ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उक्त जानकारी मौके पर तीन की मृत्यु हो जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह द्वारा बताया।

## ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर तीन घायल,एक की हालत गंभीर कार हुई क्षतिग्रस्त



**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

मैनाठेर। डींगरपुर पाकबड़ा रोड़ पर एक ट्रैक्टर ने वैगनआर कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।लोगों ने तीनो घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। डींगरपुर से पाकबड़ा की ओर जा रहे ट्रैक्टर ने एक वैगनआर कार को जो पाकबड़ा रोड से डींगरपुर की तरफ़ आ रही थी। ट्रैक्टर ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे के दौरान कार में सवार तीन युवक जुनैद, जाकिर,साकिब तीनो घायल हो गए। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।लोगों की मदद से तीनों का एक निजी अस्पताल भर्ती करा कर उपचार कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में लेकर थाने ले गए। थाना प्रभारी किरन पाल का कहना है कि अभी घायलों की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## मुस्लिम युवक-युवतियों का पढ़ाया गया निकाह, 21 जोड़े बंधें शादी के बंधन में



**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

मूंढापांडे। बुधवार को शाह सकलैन एकेडमी की ओर से सामूहिक निकाह का आयोजन किया गया। इसमें 21 मुस्लिम युवक-युवतियों का निकाह हुआ। हज़रत गाजी मियां ने निकाह पढ़ाने के बाद दूल्हा-दुल्हन, पति-पत्नी के लिए दुआ की। इसके साथ ही दुल्हन को दूल्हा की इज्जत करने की सलाह दी। मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद रोड साबिरी शादी मैरिज हॉल में बुधवार को निकाह समारोह में पहुंचे हज़रत गाजी मियां के नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ की तिलावत से हुई,उलेमा ए इकराम ने कार्यक्रम को संबोधित कर गैर शरीयत काम और फिजूलखर्ची से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, गैर शरई और फिजूलखर्ची की वजह से हालात बद से बदतर हो चुके हैं। इसके साथ ही गरीब अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, बच्चियों की शादियां इस्लामिक तौर तरीकों से करने की सलाह दी। एक ही समय पर 21 युवक-युवतियों का निकाह हुआ,शाह सकलैन एकेडमी की तरफ से दूल्हा-दुल्हन को घर के जरूरी सामान दिए गए. सामूहिक शादी समारोह में बरेली के साथ-साथ मुंबई से भी तमाम प्रमुख लोग शामिल हुए,दरगाह शाह हज़रत गाजी मियां ने भी दुआएं की ,शाह सकलैन एकडेमी हर साल सामूहिक निकाह का आयोजन करती है,आगे भी ऐसे आयोजन करने की बात कही,इस दौरान कुंदरकी विधायक प्रतिनिधि जयवीर सिंह ठाकुर, मुराद अली सकलैनी, मंडल अध्यक्ष,इन्दाज हुसैन सकलैनी, जिलाध्यक्ष,हाजी रहीस सकलैनी जिला सचिव, सज्जाद अली सकलैनी मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा दल द्वारा हेल्पलाइन नंबरों दी जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण 05 बुधवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

### प्रदेश के सभी मण्डलों में स्थापित होगी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब

लखनऊ योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और दवा गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके तहत, प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में फूड एंड ड्रग लैब स्थापित की जा रही हैं, जिसमें से 12 मण्डलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां जुलाई माह तक टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। इन लैबों में उच्च तकनीकि क्षमता युक्त टेस्टिंग मशीनें लगाई जा रहीं हैं, जो प्रदेश की फूड और ड्रग सैंपल की टेस्टिंग की गुणवत्ता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि लाएगा। सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगिक हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध : चौधरी भूपेंद्र सिंह



**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजनैतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाएगा। इससे सिद्ध होता है कि है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगिक हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने मुरादाबाद के सर्किट हाऊस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहीं। चौधरी भूपेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता में आगे कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की गयी। सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी। आजादी के बाद यह पहली बार है कि सही तरीके से जनगणना के साथ जाति जनगणना कराई जा रही है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई देता हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगे बताया कि वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की। इस समूह में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने 2011 की जनगणना में जाति को शामिल करने का विरोध किया और कहा कि जातियों की गिनती जनगणना में नहीं, बल्कि अलग से कराई जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस पर 4893.60 करोड़ रुपये खर्च किए गए लेकिन जातिगत आँकड़े प्रकाशित नहीं हुए क्योंकि इसमें 8.19 करोड़ गलतियां पाई गई। 28 जुलाई 2015 को सरकार ने इसके बारे में बताया था।

### एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा बुधवार को जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, डीआईजी मुनिराज जी द्वारा विजेताओं को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया

**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**



मुरादाबाद। डीआईजी मुनिराज जी द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्पोर्टस स्टेडियम मुरादाबाद में ब्लाइंड स्पोर्टस एसोसिएशन उ0प्र0 द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के समापन अवसर पर मुख्य अथिति के रूप मे उपस्थित रहकर विजेताओं को उत्सहावर्धन हेतु पुरूस्कृत किया। मुख्य अतिथि द्वारा उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 15 हजार रुपये प्रदान किए गए। उप विजेता टीम महाराष्ट्र को पुरस्कार एवं नगद धनराशि दस हजार रूपये पुरस्कृत किया गया। ब्लाइंड स्पॉट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ अजय पाठक ने दिव्यांग विद्यार्थियों को यह आश्वासन दिया कि भविष्य में जल्दी-जल्दी इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जिससे दिव्यांग खिलाड़ियों का लाभ प्राप्त हो और उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा हो सके अंत में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जो लोग सहयोग कर रहे थे। सभी का आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश बनाम महाराष्ट्र के बीच खेला गया मैच में उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 176 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक महेंद्र यादव ने 79 रन एवं बबलू ने 72 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र की टीम ने 140 रन दो विकेट खोकर बनाए। महाराष्ट्र की ओर से प्रशांत जगताप ने 54 रन व विजय ने 38 रन बनाए।

## ऑनलाइन मंगवाया सामान वापस करना पड़ा मंहगा, साइबर ठग ने उड़ाये 40 हजार




**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग साइबर ठगी के शिकार हो गए। उन्होंने ऑनलाइन मंगवाए सामान को वापस कराने के लिए गूगल से कंपनी का टोल फ्री नंबर सर्च किया था। कॉल रिसीव करने वाले ने उन्हें झांसे में लेकर उनके खाते से 40 हजार रुपये किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हिमगिरी कालोनी निवासी सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त लिपिक श्यामलाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उन्होंने एक कंपनी से 240 रुपये का सामान ऑनलाइन मंगवाया था। उन्हें यह सामान पसंद नहीं आया। जिसके बाद वह सामान वापस कराना चाहते थे। इसलिए उन्होंने गूगल से कंपनी का टोल फ्री नंबर सर्च कर लिया। इसके बाद इस नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को कंपनी का सीनियर अधिकारी बताते हुए उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी रकम वापस उनके खाते में पहुंच जाएगी। इसके लिए उन्हें कुछ प्रक्रिया करनी होंगी। आरोपित ने उन्हें अपनी बातों में फंसा लिया और उनके खाते की पूरी जानकारी लेते हुए तीन बार में 40 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में श्री राम कथा मंचन समिति ने श्रद्धांजलि अर्पित

**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**



कश्मीर आतंकी हमले पर राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर मुरादाबाद द्वारा बैठक का आयोजन, सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग

मुरादाबाद। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में श्री राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर मुरादाबाद द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कथा मंचन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को हम सख्त विरोध करते हैं। और सरकार से मांग करते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। और देश की एकता एवं शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। वही श्री राम कथा मंचन समिति ने इस आतंकी हमले को कायराना हरकत करार देते हुए कहा कि ये हमला पर्यटकों को निशाना बनाकर किया गया है। ऐसी घटनाएं देश की अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा हैं। विपुल अग्रवाल ने देश के हिन्दुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताते हुए सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता करने की मांग की। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा में हुई चूक की निष्पक्ष जांच कराए जाने और हमले के दोषी आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग प्रधानमंत्री से की है। कथा मंचन समिति द्वारा एक बैठक में पहलगाम में मारे गए पर्यटक व अत्याचार के खिलाफ की श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष महेश चंद्र बताया गया कि अब अत्याचार की सीमाएं लांग दी गई है। अब सरकार को आतंकवादियों को चुन चुन कर एवं निर्दोष हिंदुओं की हत्या में शामिल आतंकवादियों के आकाओं को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।विपुल अग्रवाल ने कहा है कि सरकार को निर्दोष लोगों के द्वारा मारे गए पर्यटकों का बदला लेना चाहिए। महेश चंद्र अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से भारत हमेशा आतंकवादियों का शिकार होता जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ अपराध है।

जिन्हें अब और अधिक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आतंकवादियों के समूह नाश हेतु एक विशेष कानून बनाया जाए उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को भारत के साथ जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि देशों में हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। और भारत सरकार को उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रवादी शक्तियों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि हिंदुओं की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और आतंकवादियों के खिलाफ बिना किसी दबा दिया संकोच के कठोर कार्रवाई की जाए कार्यक्रम के अंत में श्री राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर में समिति के लोगों ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे लगाए और आतंकवाद के खिलाफ एक जुट का संकल्प लिया। समीर रस्तोगी, विवेक शर्मा पार्षद, के.के. गुप्ता ,संचालन रामजी राम ने किया।

# अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर-लोडर जब्त

### खनन अधिकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से मचा हड़कंप

### एक सप्ताह में पांचवीं कार्रवाई, प्रशासन की सख्ती जारी

नेशनल एक्सप्रेस



गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात्रि खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खोड़ारे थाना क्षेत्र अन्तर्गत फरेहना (गिन्नी नगर के पास) में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।कार्रवाई का नेतृत्व खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन द्वारा किया गया।

पुलिस लाइन से पुलिस बल के साथ डॉ. रंजन देर रात मनकापुर, मसकनवां एवं बभनान होते हुए खोड़ारे थाना पहुंचे। रात्रि लगभग 12:30 बजे थाने से लगभग पांच किलोमीटर दूर फरेहना क्षेत्र में टीम द्वारा दो वाहनों को खनन करते हुए मौके पर पकड़ा गया।मौके से एक ट्रैक्टर-ट्राली तथा एक लोडर जब्त किया गया। साथ ही दो चालक–हकीमुल्लाह एवं दिलीप कुमार–को भी मौके पर पाया गया। खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने बताया कि जब्त वाहनों को विधिक प्रक्रिया के तहत थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते एक सप्ताह के भीतर खनन विभाग द्वारा यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति प्रभावी रूप से लागू की जा रही है।

जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जनपद में खनन से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## उत्तर प्रदेश रेरा की नई पहल

# एजेंट्स के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

### होम बायर्स के हित में पारदर्शिता और योग्यता आधारित पंजीकरण प्रणाली लागू

नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ। उत्तर प्रदेश रेरा (भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण) ने भू-सम्पदा क्षेत्र में पारदर्शिता, सुनियोजन और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रेरा एजेंट्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रारंभ किया है। इसी क्रम में आज चार दिवसीय रेरा एजेंट्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष उप्र रेरा संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा किया गया।

अध्यक्ष श्री भूसरेड्डी ने कहा कि पहले रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में एजेंट की योग्यता की जांच नहीं होती थी, लेकिन अब रेरा के नए नियमों के तहत किसी भी एजेंट को प्रमाणिक बनने के लिए चार दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण लेना होगा। यह प्रशिक्षण फिलहाल लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में दो केंद्रों पर संचालित हो रहा है। अभी तक 9 बैचों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है, और यह 10वां बैच शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में रेरा अधिनियम, एजेंट्स के अधिकार, दायित्व और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जिसके पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इस प्रमाण पत्र के आधार पर अभ्यर्थी रेरा पोर्टल पर जाकर अपना एजेंसी पंजीकरण कर सकते हैं। प्रारंभिक पंजीकरण 5 वर्षों के लिए मान्य होगा, जिसके बाद कार्यप्रदर्शन के आधार पर नवीनीकरण किया जाएगा।

श्री भूसरेड्डी ने यह भी कहा कि यह पहल होम बायर्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अब उन्हें एजेंट्स की पूरी जानकारी सुलभ होगी और शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी।

इस अवसर पर सचिव उप्र रेरा महेन्द्र वर्मा, प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद, वित्त परामर्शदाता सुधांशु त्रिपाठी, संयुक्त सचिव उमाशंकर सिंह, सहायक निदेशक (सिस्टम) अम्बरीस, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रानीपुरवा नाली प्रकरण की जांच के लिए समिति गठित

### शासकीय निधि की क्षति के मामले में जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान,जांच के आदेश

### नाली ध्वस्तीकरण प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई : नेहा शर्मा

### रानीपुरवा में जलभराव की आशंका पर प्रशासन सक्रिय, स्थल निरीक्षण के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस

गोंडा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सदर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरवा (जानकी नगर) में नाली निर्माण कार्य के संदर्भ में उत्पन्न विवाद का त्वरित संज्ञान लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। विदित हो कि दिनांक 28.04.2025 को ग्राम रानीपुरवा के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में यह आरोप लगाया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा कम्पोजिट विद्यालय रानीपुरवा के पास निर्मित कराई जा रही नाली को दिनांक 22.04.2025 को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़कर पाट दिया गया, जिससे जल निकासी बाधित होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है तथा कई आवासीय घरों में जलभराव की समस्या की आशंका प्रकट की गई है। प्रकरण को अत्यंत गंभीर एवं शासकीय धनराशि की क्षति से संबंधित मानते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से जांच समिति का गठन किया गया है।जिलाधिकारी द्वारा समिति को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त समिति त्वरित स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करे कि नाली निर्माण कार्य को क्षतिग्रस्त करने में किन व्यक्तियों की संलिप्तता रही है, तथा इस कार्यवाही से शासकीय निधि को कितनी आर्थिक क्षति हुई है।समिति को निर्देशित किया गया है कि वे समस्त तथ्यों सहित परीक्षणोपरांत अपनी आख्या जल्द से जल्द प्रस्तुत करें, जिससे दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में अनधिकृत हस्तक्षेप किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में पर्यटन निवेश को मिलेगा बढ़ावा, प्रमुख सचिव मेश्राम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे संवाद

### प्रदेश के हर जिले में 15 मई तक लगेंगे कैंप, निवेशकों को मिलेंगी पर्यटन नीति-2022 की विस्तृत जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन नीति-2022 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं निवेशकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक जिले में 15 मई तक जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्घाटन 28 अप्रैल से हो चुका है और इन्हें प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में देश का सबसे तेजी से उभरता हुआ राज्य बन गया है। बीते वर्ष यहां लगभग 65 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पर्यटक स्थलों पर सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ी है। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज जैसे स्थलों पर तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हाईवे, स्टेट हाईवे एवं प्रमुख मार्गों के किनारे ढाबों, होटलों व मोटलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

श्री सिंह ने बताया कि पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 33 प्रकार की पर्यटन इकाइयों को उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 में सम्मिलित किया गया है। इस नीति के तहत पूंजीगत व्यय पर 30 प्रतिशत तक का अनुदान, वित्तीय प्रोत्साहन, छूट एवं अन्य लाभों की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निवेशकों के लिए एक सहज ऑनलाइन पोर्टल भी विकसित किया गया है, जिससे वे आसानी से योजनाओं का लाभ ले सकें। राज्य भर में आयोजित किए जा रहे इन कैंपों में राजस्व अधिकारी, जीएसटी अधिकारी, व्यापार एवं उद्योग मंडल के अध्यक्ष, होटल एवं मोटल मालिक, ढाबा संचालक व अन्य संभावित निवेशक भाग लेंगे। इन्हें पर्यटन नीति से मिलने वाले सभी लाभों की जानकारी दी जाएगी। मंत्री ने बताया कि घरेलू पर्यटन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है और विदेशी पर्यटकों की दृष्टि से भी इसे शीर्ष पर लाने के लिए बुनियादी ढांचे का निरंतर विकास किया जा रहा है।

# दबंगों ने दलित किशोरी की बेरहमी से की पिटाई, जातिसूचक दी गई गालियां

### कटरा बाजार पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, एसपी से गुहार

नेशनल एक्सप्रेस



गोण्डा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक दलित किशोरी के साथ हुई बर्बरता ने जिले भर में सनसनी फैला दी है। अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले पीड़ित परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार गांव के दो दबंगों ने 15 वर्षीय लड़की के साथ न केवल जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया,बल्कि उसे घर में घुसकर बुरी तरह से मारा पीटा। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

घटना 22 अप्रैल 2025 की सुबह की है। जब पीड़ित नकछेद पुत्र मेहीलाल निवासी ग्राम पड़हन पुरवा, मौजा देवा पसिया थाना कटरा बाजार गोण्डा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत में गेहूं की कटाई करने गए थे। उसी दौरान उसकी 15 वर्षीय बेटी कोमल जो घर पर अकेली थी कि तभी पता चला कि गांव के ही अजीज पुत्र सलारू और टाइगर पुत्र जहरुद्दीन अपनी बकरी से मक्का की फसल चरवा रहे हैं। जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने क्रोध में आकर उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने के लिए दौड़ाया। किशोरी जब अपनी जान बचाने के लिए घर के अंदर भागी,तब आरोपियों ने घर में घुसकर उसे लात-घूंसों, थप्पड़ों और डंडों से बेरहमी से पीटा। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। जब यह खबर खेत में काम कर रहे पिता नकछेद को मिली तो वह दौड़कर घर पहुंचे और बेटी से पूरी घटना की जानकारी ली।

घटना की शिकायत तत्काल कटरा बाजार थाने में की गई, परंतु पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे हताश होकर पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जयसवाल को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस घटना ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या अनुसूचित जाति से जुड़े नागरिकों के साथ न्याय पाने की राह इतनी कठिन हो गई है? जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार दलितों की सुरक्षा और सम्मान के लिए योजनाएं चला रही है, वहीं जमीनी हकीकत में पुलिस का इस प्रकार निष्क्रिय रहना चिंता का विषय है।अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहना, अपमानित करना या मारपीट करना गंभीर अपराध है। इस मामले में स्पष्ट रूप से पीड़िता के साथ जातिगत हिंसा हुई है, ऐसे में एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई किया जाना चाहिए था। इस घटना के बाद कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना की है और जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है।

# अलीगढ़ के पर्यटन विकास को मिला बड़ा बजट, 5399.58 लाख रुपये की 6 परियोजनाएं स्वीकृत

लखनऊ। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद अलीगढ़ के पर्यटन विकास हेतु 5399.58 लाख रुपये की छह परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि विकासखंड चण्डौस स्थित भोजताल के पर्यटन विकास हेतु 122.39 लाख रुपये, दभौरा हंसगढ़ी के मध्य प्राचीन शिव मंदिर (वनखंडी मंदिर) के विकास हेतु 51.92 लाख रुपये तथा अतरौली विकासखंड स्थित महादेव मंदिर परिसर के लिए 95.96 लाख रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त, विधानसभा कोल में जीटी रोड पर स्थित नवदेवी दुर्गा मंदिर के विकास के लिए 73.94 लाख रुपये, अचलेश्वर महादेव मंदिर में पर्यटक सुविधाओं के विकास हेतु 98.57 लाख रुपये तथा फूडक्राफ्ट इंस्टीट्यूट अलीगढ़ को उच्चीकृत कर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की स्थापना हेतु 4946.80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### बुलंदशहर के लिए 1475 .29 लाख रुपये की 5 परियोजनाएं स्वीकृत

पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद बुलंदशहर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु 1475.29 लाख रुपये की पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है। संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रीय पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक चोरी, जांच जारी

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -बछरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर निवासी संजय ने थाने में तहरीर देकर दरवाजे से बाइक चोरों द्वारा पार कर देने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### करंट से दो गाय की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -सरेनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सोमवंशी के पास दो गाय की करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस पहुंच जांच की है।

### फांसी से लटका मिला शव

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -जिले के गांव बाला निवासी बैजनाथ का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। सीओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### फसल में लगी आग

रायबरेली -गदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सुड्डाहरदो निवासी मोहम्मद शरीफ ने थाने में तहरीर देकर दो लोगों पर गेहूं की खड़ी फसल में आग लगा देने का लीखित शिकायत किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### घायल हिरन मिला

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -ऊंचाहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खरौली में संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हिरन मिला है।जिसके घायल होने को लेकर अलग-अलग चर्चाएं थी।

### दीवार गिरी, मासूम गंभीर

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -डीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव भीतरी में दीवार गिरने से उसकी चपेट में आने से राज गंभीर घायल हो गया।जिसको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### प्रदेश प्रवक्ता पहुंचे रायबरेली

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -भाजपा पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला अपने भ्रमण को लेकर रायबरेली पहुंचे। जिनके द्वारा विपक्ष पार्टी पर जमकर निशाना साधा है।जिस दौरान कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्री परशुराम ब्रह्म चेतना परिषद द्वारा धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

### भगवान परशुराम ने शास्त्र से समाज को आपसी भाईचारे को बढ़ाने का मंत्र दिया है, जो शास्त्र नहीं समझ सकते, उन्हें शस्त्र विद्या का महत्व भी समझाया : शैलेन्द्र अग्निहोत्री

नेशनल एक्सप्रेस



रायबरेली। अक्षय तृतीया के पावन अवसर श्री भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार भगवान राम ने माता रेणुका के पांचवे पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान शिव कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने परशु भेंट किया। उक्त विचार सागरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज एवं जयपुर से पधारी महामंडलेश्वर डॉ अनीता योगेश्वरी गिरी जी के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने वृत्तांत में कहा गया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में भगवान परशुराम के आदर्शों एवं सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता है। आज समाज मे बढ़ रही बुराइयों का समाधान परशुराम के आदर्शों और पदचिह्नों पर चलकर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने शास्त्र से समाज को आपसी भाईचारे को बढ़ाने का मंत्र दिया है। यही नहीं उन्होंने जो शास्त्र नहीं समझ सकते, उन्हें शस्त्र विद्या का महत्व भी समझाया है।

श्री परशुराम ब्रह्म चेतना परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम रिफॉर्म क्लब लान में बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्म समाज व सर्व समाज उपस्थित रहा। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राकेश तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने महाराज श्री का अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में पंकज मिश्रा,शैलेंद्र अग्निहोत्री, योगेश मिश्रा ने महामंडलेश्वर अनीता योगेश्वरी जी को अंग वस्त्र पुष्प माला भेटकिया। कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी की आरती पूजन मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंटू शुक्ला मैं विधि विधान पूरक किया।

संजय अवस्थी ने लोक गायिका सृष्टि पांडे को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मोनू तिवारी, शैलेंद्र अग्निहोत्री, राकेश तिवारी एडवोकेट, संजय अवस्थी, विशाले तिवारी, शिव सहाय शुक्ला, सुधा अवस्थी, प्रियंका अवस्थी, कुसुम अवस्थी, शोभना पांडे, सुमित तिवारी, राजन दीक्षित, अनूप मिश्रा, शेखर शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# बछरावां में अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली - सहायक श्रमायुक्त आर०एल० स्वर्णकार ने बताया है कि शासन के निदेशानुसार अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 01 मई 2025 के अवसर पर गोष्ठी, हितलाभ वितरण कार्यक्रम इत्यादि आयोजित कराये जाने के साथ ही जनपद में श्रमिक पंजीकरण कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उन्होंने बताया कि श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, योजनाओ के प्रचार प्रसार, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना एन०पी०एस० ट्रेडर्स, ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कर्मकारों का रजिस्टेशन एवं प्रचार प्रसार किये जाने के उद्देश्य से 01 मई, 2025 को विशाखा इण्ड्रस्ट्रीज परिसर बछरांवा रायबरेली में में कैम्प का आयोजन निश्चित है। इस कैम्प हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारी राकेश कुमार पाल (कैम्प प्रभारी) एवं मानसिंह कुशवाहा अधिकारी व संविदा कर्मी आसिफ खान एवं विवेक मौर्या कंप्यूटर ऑपरेटरों की ड्यूटी लगायी जाती है।

आयोजित कैम्प में श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, योजनाओ के प्रचार प्रसार, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना एन०पी०एस० ट्रेडर्स, ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कर्मकारों का रजिस्टेशन एवं प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। कैम्प मे जनपद स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों एवं जनपद में कार्यरत ट्रेड यूनियन, सामाजिक संगठनों एवं निर्माण एवं योजनाओ के संचालन से सम्बन्धित विभागों, निर्माण श्रमिकों को सम्मिलित किया जाये।

### मजदूर का शव टुकड़े में मिले

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -हरचंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सलेमपुर के पास लखनऊ से प्रयागराज एन एच मार्ग पर मजदूर रामपाल सिंह निवासी अहमदगंज का शव चिथड़े-चिथड़े में मिला है।जिसको लेकर अलग-अलग चर्चाएं थी। सीओ ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### लड्डू खाने से कई हुए बीमार

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली -गदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे रम्भा निवासिनी प्रतिभा ने थाने में तहरीर देकर घटिया लड्डू देने व उसके खाते ही कई लोग गंभीर बीमार हो गए थे।

# विश्व हिंदू महासंघ, गौरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया उसायनी गौशाला का निरीक्षण


गौशाला का निरीक्षण करते राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष ।


गौवंशों की मृत्यु से पूर्व जेसीबी से खुदे गड्ढे

गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष ने बताया कि उन्हें उसायनी स्थित गौशाला में गोवंशों द्वारा शरीर छोड़ने तथा दयनीय स्थिति होने की जानकारी लगातार मिल रही थी । बुधवार को दिल्ली से लौटते समय जब हमने निरीक्षण किया तो मौके पर 5 गऊ माताओं की चिंताजनक थी वहीं वहां मौजूद केयर टेकर सोनू ने बताया कि 1 गऊ माता गौशाला में स्थिति तालाब में नंदी द्वारा धक्का देने के कारण गिर गई जिससे उसकी स्थिति खराब है । वहीं गौशाला में गौवंशों को देखने से प्रतीत हो रहा था कि वे भूखी प्यासी हों ।



भूसा था लेकिन खुले में पड़ा हुआ था रखरखाव की उचित व्यवस्था नहीं थी । उन्होंने कहा कि मामले को लेकर अधिकारियों से भी बात की जाएगी साथ ही गौशाला आयोग तथा मा.मुख्यमंत्री महोदय से भी शिकायत की जाएगी और दोषियों के खिलाफ पर कार्यवाही सरकार द्वारा कराई जाएगी । उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि गऊ माताओं के भरण पोषण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वहीं जनपद में जल्द ही 7 दिवसीय गौशाला निरीक्षण अभियान चलाकर सभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जाएगा ।

**- डॉ सुरेश चंद्र दक्ष**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष , विश्व हिंदू महासंघ**
**( गौ रक्षा प्रकोष्ठ)**




अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि अधिकारियों द्वारा जो प्रधानों के खिलाफ तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है वह चिंताजनक है हम उसकी निंदा करते हैं तथा गौशाला के प्रकरण में प्रधान द्वारा अनियमितताओं युक्त गौशाला न लेने पर जो अनावश्यक कार्यवाही की गई है वह अनुचित है । संगठन इसका विरोध करता है अगर जिला प्रशासन द्वारा प्रधान के अधिकारी वापस नहीं किए जाते हैं तो शीघ्र ही संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा ।

**रामनिवास यादव**
**जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय**
**प्रधान संगठन, जनपद फिरोजाबाद**

**प्रधानों के खिलाफ प्रशासन का तानाशाही रवैया व अनावश्यक कार्यवाही बर्दाश्त नहीं – रामनिवास यादव**

**गौवंशों की दयनीय स्थिति पर जताई चिंता, कहा गौशाला आयोग व मुख्यमंत्री महोदय को करेंगे रिपोर्ट प्रस्तुत : डॉ सुरेश चंद्र दक्ष**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद में भ्रष्टाचार की वली चढ़ चुकी उसायनी गौशाला को आधे अधूरे निर्माण व अनियमिताओं के साथ संचालित करने के कारण लगातार गौवंशों की स्थिति दयनीय बनी हुई है वहीं गौ वंशों की मृत्यु के बाद कुत्तों द्वारा गोवंश के शव को नोचने के भी वीडियो लगातार वायरल होते नजर आ रहे हैं । जिसकी सूचना मिलते ही विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष द्वारा बुधवार को गौशाला का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई ।

आपको बता दें कि निरीक्षण के दौरान देखा गया कि अधिकारियों की सांठ गांठ से गौवंश की मृत्यु से पूर्व ही गौशाला में उनको दफनाने के लिए जेसीबी के माध्यम से गड्ढे खोद दिए गए थे । वहीं निरीक्षण के दौरान गोवंशो की दयनीय स्थिति देखकर सरकार से मामले को अवगत कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराने की बात कही । वहीं मामले में अखिल भारतीय प्रधान संगठन भी उक्त प्रकरण में प्रधान के अधिकार सीज करने को लेकर नाराज नजर आ रहा है और प्रधान के समर्थन में मोर्चा खोलने की तैयारी में है ।

# सपा मुखिया द्वारा बाबा साहब का अपमान नहीं करेंगे बर्दाश्त: उदय प्रताप सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। जनपद के नगर टूंडला स्थित बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बाबा साहब की मूर्ति के समक्ष सपा प्रमुख अखिलेश यादव के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के फोटो के साथ अपना आधा चेहरा लगाकर बाबा साहब अंबेडकर का जो अपमान अखिलेश यादव ने किया है। इसकी भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने घोर निंदा की और कहा कि यह बेहद ही शर्मनाक कृत्य सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किया गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव बाबा साहेब की आधी तस्वीर काटकर उसमें अपनी तस्वीर लगाकर शायद दलित समाज को यह बताना चाहते हैं कि वह बाबा साहेब के बराबर है। बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाबा साहब के चेहरे के साथ



अपना चेहरा जोड़ने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव दलित समाज का सम्मान नहीं, सिर्फ वोट बैंक देख रहे हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा, समानता व संविधान के मूल्यों के लिए संघर्ष किया और अखिलेश यादव ने उनके नाम का राजनीतिक सौदा किया है। अखिलेश यादव को इस शर्मनाक प्रयास के लिए माफी मांगनी चाहिए। दलित समाज अब जागरुक है और ऐसे दिखावटी सम्मान को खारिज करता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कोमल वाल्मीकि, शैलेंद्र वाल्मीकि, विकास वाल्मीकि, शेखर वाल्मीकि, शंकर वाल्मीकि, लवली वाल्मीकि, वासु वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, आकाश वाल्मीकि, गौरव जाटव, रवि जाटव, अविनाश यादव, जय सिंह जाटव, उदय सिंह जाटव, भवानी सिंह जाटव, लाला जाटव, जैकी जाटव, पप्पू जाटव, हनुमंत बघेल, आकाश शर्मा, सचिन जैन सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर में संचालित मीट की दुकानों का कराया जाएगा सर्वे



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। नगर क्षेत्र में संचालित होने वाली मीट की दुकानों को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने खुले में मीट की बिक्री की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने ईओ को बुलाकर कार्रवाई करने को कहा। ईओ ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सर्वे कर कार्रवाई करने की बात कही।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवीन शिवहरे के साथ अन्य व्यापारी एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा नगर क्षेत्र में खुले में मीट की बिक्री की जा रही है। व्यापारियों ने खुले में हो रही मीट की बिक्री को रोकने की मांग की। एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने बुधवार को ईओ जसराना अवनीश कुमार को बुलाकर मीट की दुकानों के बारे में जानकारी ली। ईओ ने बताया खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अनुमति दी जाती है। जिस पर एसडीएम ने संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने को कहा। ईओ जसराना अवनीश कुमार सिंह ने कहा एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने बताया व्यापारियों ने शिकायत की थी। शिकायत पर ईओ को कारवाई करने को कहा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक से बालू उतारते समय आया करंट, परिचालक सहित दो की मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अरांव रोड पर बुधवार सुबह ट्रक से बालू उतारते समय ट्रक में 11 हजार लाइन का करंट आ गया। जिससे परिचालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। संत कुमार पुत्र गौरीशंकर उम्र 38 वर्ष निवासी कबीरपुर थाना सिरसागंज का अरांव रोड पर एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लेंटर डालने की तैयारी चल रही थी। बुधवार सुबह 8:30 बजे संत कुमार अपने मकान के सामने ट्रक से बालू उतरवा रहा था, तभी अचानक ऊपर गुजर रही 11हजार लाइन की चपेट में आने से ट्रक में करंट आ गया और परिचालक गौरव तथा संत कुमार बुरी तरह से घायल हो गए । जिन्हें परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद ले गए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए बिछेदन गृह भेजा गया है। घटना से संत कुमार के परिजनों का रो रो कर हो रहा है। वह अपने पीछे एक बेटा एक बेटी की जिम्मेदारी पत्नी के ऊपर छोड़ गया है।

### फजी दस्तावेज से भूमि का बैनामा करने के दो आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। मक्खनपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर षडयंत्र के तहत कृषि भूमि का बैनामा करने वाले आरोपी प्रकाश बाबू और बबलू उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आपको ज्ञात कराते चले कि 28 सितंबर 2024 को पीड़ित ने थाना मक्खनपुर पर तहरीर दी थी कि मेरी कृषि भूमि पर आरोपियों ने फर्जी महिला दिखाकर फर्जी एवं कूटरचित बैनामा अपने नाम करा लिया है। इस तहरीर के आधार पर थाना मक्खनपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना मक्खनपुर पुलिस ने प्रकाश बाबू पुत्र स्व0 गजाधर सिंह व बबलू उर्फ गोल्डी पुत्र स्व0 गजाधर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा मूल भूमि स्वामी के स्थान पर फर्जी व्यक्तियों को दिखाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि को अपने नाम किया जाता है। तथा भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। प्रकाश बाबू पर चार मुकदमें दर्ज हैं और बबलू उर्फ गोल्डी पर छह मुकदमें दर्ज है।

### सिरसागंज में भगवान श्री परशुराम जयंती मनाई गई

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज के आयोजन में देश और धर्म की रक्षा के लिए परशुराम के आदर्शों का अनुकरण करने का आह्वान किया गया। पूजन हवन के उपरांत वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव मानवता की भलाई के लिए कार्य किया है। जब जब अधार्मिक लोगों का वर्चस्व बढ़ता है तब तब ब्राह्मण अपने त्याग और बलिदान से अधर्म का नाश करता है। इसके लिए परशुराम को अपना आदर्श बनाया जाना जरूर जरूरी है। समारोह की अध्यक्षता कैलाश नारायण शर्मा ने की। समाज के अध्यक्ष डॉ मुकेश मणिकांचन, संयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा सभासद, इंजी. सुमित पांडे, संजीव दुबे, रजत चौधरी, कन्हैया पांडे आदि ने समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत किया वहीं मेधावी आरती मिश्रा, अर्पित मिश्रा और आकर्षक उपाध्याय को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश शर्मा, सीताराम शर्मा, सरोज शर्मा, संतोष चतुवेर्दी, शैलेश मिश्रा, धर्मेंद्र दुबे, निर्विकार उपाध्याय, प्रवीण चतुवेर्दी, प्रमोद तिवारी, राजेश शर्मा, सुधीर तिवारी, रामादेवी मिश्रा, मोनिका शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, पूजा उपाध्याय, तृप्ति उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन जागृति के दिखने लगे असर, दो साल से बनी दूरियों को पति-पत्नी ने किया खत्म

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद में पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति अभियान निरंतरता से चलाया जा रहा है। जिसमे बालिकाओं महिलाओं छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों और पारिवारिक समस्याओं आदि के संबंध हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पति-पत्नी ने ऑपरेशन जागृति से प्रभावित होकर 02 साल की दूरियों को खत्म कर दिया।

पूरा मामला इस प्रकार है कि मोहन सिंह निवासी नई आबादी फिरोजाबाद की शादी करीब 17 वर्ष पूर्व मोनिका निवासी कालिंदी विहार ट्रांस यमुना आगरा के साथ



हुई थी जिनके पास 04 बच्चे भी हैं। काफी समय से दोनों पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। जिस कारण मोनिका अपने 16 साल के बेटे सहित चारों बच्चों को लेकर अपने मायके में पिछले 02 साल से रह रही थी। जिस कारण मोहन सिंह अपनी पत्नी व बच्चों से 02 साल से मिल नहीं पाया था और बहुत ही दुखी था। हाल ही में मोहन सिंह ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम में शामिल हुआ और उसके अंदर एक आशा की किरण जगी। उसने अपनी उक्त समस्या की सूचना महिला चौकी प्रभारी टूंडला म0उ0नि0 अलवीना पठान को अवगत कराया। चौकी प्रभारी अलवीना पठान ने दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग करते हुए ऑपरेशन जागृति के मुख्य बिंदु पारिवारिक विघटन के संबंध में अवगत कराते हुए उसके दुष्परिणाम के संबंध में बताया। जिसका दोनों पति-पत्नी पर इतना अच्छा असर हुआ कि जो दोनों पति-पत्नी 17 साल के इस रिश्ते को खत्म करने की कगार पर थे। वही दोनो ऑपरेशन जागृति से प्रभावित होकर साथ में रहने को तैयार हुए। साथ ही साथ मोहन सिंह ने ऑपरेशन जागृति 4.0 की प्रशंसा करते हुए बताया कि में ऑपरेशन जागृति के कार्यक्रम में शामिल हुआ था और वहां पर जब समझा तो मुझे एहसास हुआ कि हर एक पति पत्नी में लड़ाई झगड़ा होता है। इसका मतलब यह नही है कि हम अपने इस रिश्ते को खत्म कर दें। पिछले 02 साल से मेरी पत्नी और चारों बच्चे मुझसे दूर थे। मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन जागृति बहुत अच्छी पहल है। मेरे जीवन में आज खुशियां वापिस लौट आई है।

# मुठभेड़ के दौरान चार वाहन चोर गिरफ्तार, एक आरोपी के लगी पैर में गोली



**वाहन चोरों के कब्जे से सात मोटरसाइकिल बरामद**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। रामगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से सात मोटरसाइकिल बरामद हुई है। मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर अर्जुन सिंह पुलिस की गोली से घायल हो गया। जिसे पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल भेजा गया है। शातिर हिस्ट्रीशीटर अर्जुन सिंह पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। वाहन चोरों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा साथ में 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चनौरा पुल बाईपास के पास कुछ बदमाश जिनके पास चोरी की मोटर साइकिल हैं और वह उन चोरी की मोटर साइकिलों को बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम, सर्विलांस टीम और एंटी थेफ्ट टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र रामचरण निवासी कनवारा थाना खेरगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इनमें अकरम पुत्र मुईनुद्दीन, रिजवान पुत्र इकराम और साहिल पुत्र सलीम शामिल हैं। सभी मसरूरगंज थाना रसूलपुर के रहने वाले हैं। बदमाशों के पास से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की 7 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। घायल हिस्ट्रीशीटर अर्जुन सिंह को पुलिस की सुरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अर्जुन सिंह पर 16 मुकदमे दर्ज हैं।

# जिला ब्राह्मण महासभा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद ने अक्षय तृतीया के अवसर पर जिला चिकित्सालय फिरोजाबाद में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एवं डॉ विवेक दुबे द्वारा संयुक्त स्वरूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के युवा के जिलाध्यक्ष पंडित गोपाल दुबे के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पांच विप्र जनों द्वारा रक्तदान किया गया। सर्वप्रथम पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, शोभायात्रा अध्यक्ष तरुण उपाध्याय, युवा




जिलाध्यक्ष गोपाल दुबे, यश दुबे, अमित शर्मा द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष पंडित मिथिलेश वशिष्ठ, पंडित दिनेश वशिष्ठ, पंडित विकास दुबे, महानगर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा गुड्डा, राघवेंद्र शर्मा टैनी, अरुण शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ कान्हा, अनुराग राष्ट्रवादी, कृष्णकांत वशिष्ठ, अमित उपाध्याय, अश्वनी शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी विकास नायक ने बताया कि वषार्काल 2025 हेतु वृक्षारोपण का लक्ष्य जनपद में कुल 70 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य 39 16580 है जबकि जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य में 3083420 की बढ़ोतरी करते हुए कुल लक्ष्य पौध रोपण हेतु जनपद को 70 लाख निर्धारित किया है,

वन विभाग को 16 लाख और अन्य विभाग को 54 लाख वृक्षारोपण करना है, जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा है कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग गड्ढा खुदान कर लें, उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सहकारिता विभाग को छोड़कर किसी विभाग की प्रगति प्राप्त नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों में मियांवांकी पद्धति से वृक्षारोपण किया जाना है, इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य को अवश्य कराये, वृक्षारोपण हेतु निम्न स्थानों का चयन किया जा सकता है, ग्राम लिंक मार्गो के किनारे, नदियों के किनारे, खासकर सिरसा नदी के किनारे, सामुदायिक भूमि पर, राजकीय परिसरों की भूमि पर, स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों के आसपास, पंजीकृत किसानों द्वारा 10 पौधें प्रति किसान रोपण, इसके अलावा जन सामान्य के सहयोग से वृक्षारोपण कराया जाएगा, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, सभी खंड विकास अधिकारी, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने बोधगया में महाबोधि अतिथिगृह तथा गया के बिपार्ड में मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का किया उद्घाटन

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



पटना (बिहार)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बोधगया में नवनिर्मित महाबोधि अतिथिगृह का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने अतिथि गृह का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने दूसरे और सातवें तल पर जाकर अतिथिगृह के कमरों एवं अन्य भागों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। 08 एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बने अतिथि गृह में पर्यटकों के ठहरने के लिए 120 कमरे बनाये गये हैं।देश-विदेश से आनेवाले पर्यटकों की आवश्यकताओं और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 0इस अतिथिगृह का निर्माण कराया गया है।

इस अतिथि भवन में पर्यटकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।बोधगया में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए लिए देश-विदेश से आते हैं,जिन्हें अब ठहरने में काफी सहूलियत होगी।महाबोधि अतिथिगृह में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधगया का अतिथिगृह काफी अच्छा बना है।हमलोग चाहते थे कि यहां अतिथि गृह का निर्माण कराया जाए।बहुत पहले हमने इसको लेकर योजना बनाई थी।यहां देश और विदेशों से भारी तादाद में पर्यटक आते हैं।जिनके ठहरने की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे लोग महाबोधि मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वापस लौट जाते थे।महाबोधि अतिथि गृह का निर्माण हो जाने से पर्यटकों को यहां ठहरने में काफी सहूलियत होगी।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की।साथ ही उन्होंने बोधि वृक्ष की भी पूजा की और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री को बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया।इसके पश्चात गया में मुख्यमंत्री ने बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान में अवस्थित मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।उद्घाटन के पश्चात उन्होंने इसके विभिन्न भागों का जायजा लिया।मुख्यमंत्री ने बिपार्ड स्थित ओपन एयर थियेटर तथा स्वीमिंग पूल का भी शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।इस दौरान स्वीमिंग पूल में खिलाड़ी ने तैराकी कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया।मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत होनेवाले मुकाबलों की तैयारियों का जायजा लिया और खेल ट्रैक तथा खेल मैदान में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के शुभंकर का अनावरण किया।

महाराष्ट्र के एक खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री के समक्ष मलखम्ब खेल का प्रदर्शन किया।साथ ही 11वर्ष के एक बच्चे और बच्ची ने योग करतब का प्रदर्शन किया।मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साहवर्द्धन किया।मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान कहा कि आप लोग मन लगाकर अभ्यास करें और प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना के साथ अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करें।ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन किया जा रहा है।4 मई से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का पटना,गया,राजगीर,भागलपुर और बेगुसराय में आयोजन होगा।वताते चलें कि इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,सहकारिता मंत्री डॉ.प्रेम कुमार,भवन निर्माण मंत्री जयंत राज,पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह,पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री डॉ.सुनील कुमार, विधायक अनिल कुमार,विधायक श्रीमती ज्योति देवी,विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी,विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ.एस.सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह,भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि,मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ.सफीना ए.एन,मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह,गया के जिलाधिकारी डॉ.त्यागराजन एस.एम.,वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का लिया संकल्प

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



पटना(बिहार)।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन की अध्यक्षता में जमुई व्यवहार न्यायालय स्थित न्याय सदन के प्रशाल में प्रखंड पंचायत पदाधिकारियों की अहम बैठक आहूत की गई।

जिसमें आगामी 10 मई को निर्धारित राष्ट्रीय लोक अदालत को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया।अधिकांश प्रखंड पंचायत पदाधिकारी बैठक में उपस्थित होकर देय निर्देशों को आत्मसात किया और उसे धरा पर उतारे जाने का संकल्प लिया।

सचिव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रत्येक गांव में प्रचार अभियान चलाएं।ग्राम कचहरी में ग्राम पंचायत स्तर पर सुलहनीय वादों को चिन्हित कर उसका निस्तारण करें ताकि न्यायालय पर वादों का बोझ कम हो सके।

नोटिस तमिला के लिए स्थानीय चौकीदार का सहयोग लें। उन्होंने इसके लिए पुलिस अधीक्षक से संवाद किए जाने की बात कही।सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए, पक्षकारों से सीधा संवाद किए जाने पर बल देते हुए कहा कि उन्हें इस अदालत के महत्व से रूबरू कराने की जरूरत है।

बैठक में बीपीआरओ ने ज्यादा से ज्यादा मामलों के निस्तारण के लिए यथोचित प्रयास किए जाने की बात कही।इस अवसर पर न्यायालय कर्मी मुकेश रंजन भी उपस्थित थे।

# सभी मेहनतकश श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं: नंदकिशोर

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



पटना(बिहार)।बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने देश व समाज के निर्माण व बुनियादी ढांचे के सृजन में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी मेहनतकश श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह दिवस राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना अद्वितीय योगदान देने वाले सभी श्रमिकों के अतुलनीय परिश्रम,अनवरत योगदान और मजबूत हाथों को सम्मान करने हेतु संकल्पित है।

यह दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बुनियादी स्तर पर श्रमदान और सहभागिता को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है।यह दिन वर्ष 1886 में आठ घंटे की श्रमदान अवधि की मांग को लेकर मजदूरों द्वारा अमेरिका में किए गए बड़े प्रदर्शन और आंदोलन का प्रतीक है,जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिकों के योगदान,अधिकार एवं संघर्ष की याद दिलाता है।

# निर्वाचन आयोग ने चुनाव अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बिहार के चुनाव पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) तथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के ईआरओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार और कुछ अन्य 0राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए,आयोग की तैयारियों का हिस्सा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जमीनी स्तर के 369 चुनाव अधिकारी भाग ले रहे हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ और ईआरओ के साथ-साथ राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) सही और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें कानूनों तथा नियमों के अनुसार मुस्तैदी से काम करना है।

# उपराष्ट्रपति आज करेंगे राज्यपाल के जीवन वृत्तांत पर आधारिछत पुस्तक "चुनौतियां मुझे पसंद हैं" का विमोचन

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



● मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और विशिष्टजन रहेंगे उपस्थित

लखनऊ।उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के जीवन-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक ऱचुनौतियां मुझे पसंद हैंय का लोकार्पण भारत गणराज्य के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कर कमलों द्वारा 01मई,2025 को किया जाएगा।

यह गरिमामय कार्यक्रम डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा।इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक,राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण,पद्म पुरस्कार विजेतागण,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण,विद्यार्थी,अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

# महिलाओं की साक्षरता दर में नीतीश सरकार के कार्यकाल में ऐतिहासिक वृद्धि:सुनील कुमार,मंत्री

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



पटना(बिहार)।बुधवार को जद(यू)प्रदेश कार्यालय,पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो.नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।पत्रकारों से बातचीत में सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन स्थापित हुआ है और राज्य ने सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।उन्होंने बताया कि विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ठोस सुधार देखने को मिला है।उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।विशेष रूप से महिलाओं की साक्षरता दर पहले जहां 34 प्रतिशत थी,अब बढ़कर लगभग 74 प्रतिशत हो गई है।मंत्री श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पोशाक योजना,साइकिल योजना और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के चलते बालिकाओं की स्कूलों में उपस्थिति में भारी बढ़ोतरी हुई है,जिससे बालिका शिक्षा को नई मजबूती मिली है।

## खेल एक्सप्रेस

# गाबा पर संन्यास का फैसला इसलिये लिया क्योंकि यह सर्कल दोहराना नहीं चाहता था : आर अश्विन



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के पूर्व आफ स्पिनर आर अश्विन ने अपने सौवें टेस्ट के बाद संन्यास लेने का सोचा था लेकिन आस्ट्रेलिया दौरे के बीच में यह फैसला इसलिये लिया ताकि अंतिम एकादश में उनकी जगह को लेकर 'पूरा सर्कल' फिर से नहीं दोहराया जाये।

चेन्नई सुपर किंग्स के नये पॉडकास्ट में अश्विन ने चेन्नई टीम के साथी खिलाड़ी माइक हस्सी से कहा कि उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद संन्यास का फैसला कर लिया था । उस मैच में अश्विन की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खेलने का मौका मिला ।

अश्विन ने एडिलेड में दूसरा टेस्ट खेला लेकिन गाबा पर तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका नहीं दिया गया जिसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान किया ।

अश्विन ने कहा ,'' ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने सौवें टेस्ट (मार्च 2024 में धर्मशाला में) के बाद संन्यास लेना चाहता था । फिर मैंने सोचा कि घरेलू सत्र में एक मौका और लेते हैं क्योंकि मैं अच्छा खेल रहा था, विकेट ले रहा था, रन बना रहा था ।''

उन्होंने कहा ,'' मैंने सोचा कि चेन्नई टेस्ट (बांग्लादेश के खिलाफ) के बाद संन्यास लूंगा लेकिन फिर मैंने छह विकेट लिये और शतक बनाया । अच्छा प्रदर्शन करते हुए छोड़ना बहुत मुश्किल होता है ।''

अश्विन ने कहा ,'' मैं फिर खेलता गया और फिर हम न्यूजीलैंड से हार गए । फिर मैंने सोचा कि चलो आस्ट्रेलिया दौरे पर देखते हैं कि प्रदर्शन कैसा रहता है । पिछली बार आस्ट्रेलिया दौरे पर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा था ।''

भारत के लिये 537 टेस्ट विकेट लेने वाले अश्विन ने कहा ,'' मैं खेल का मजा ले रहा था लेकिन इसके लिये शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत कर रहा था । सबसे अहम बात थी कि मैं परिवार के साथ समय बिताना चाहता था ।''

उन्होंने कहा ,'' फिर जब पर्थ टेस्ट में जगह नहीं मिली तो मैंने सोचा कि यह पूरा सर्कल फिर नहीं दोहराना है । लोगों की नजर में आपके जज्बात की बहुत कम कीमत होती है । वे नहीं समझते कि आप किन भावनाओं से गुजर रहे हैं । मैं संन्यास के बारे में सोच ही रहा था और फिर मुझे लगा कि यह सही समय है ।''

# पूर्व राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच सनी थॉमस का निधन



कोच्चि, (भाषा) भारत को निशानेबाजी में ओलंपिक सहित प्रमुख प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व राष्ट्रीय कोच सनी थॉमस का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वह 84 वर्ष के थे और उन्होंने कोट्टायम में अपनी अंतिम सांस ली। थॉमस के परिवार में उनकी पत्नी केजे जोसम्मा, बेटे मनोज सनी, सानिल सनी और बेटी सोनिया सनी हैं।

इस पूर्व निशानेबाज ने 1993 से 2012 तक भारतीय निशानेबाजों का मार्गदर्शन किया। वह खेल के इतिहास में कई महत्वपूर्ण अवसरों के प्रत्यक्ष गवाह रहे थे। उन्हें 2001 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह 2004 में एथेंस ओलंपिक के दौरान कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे, जहां राज्यवर्धन सिंह राठौड़ पुरुषों की डबल ट्रैप में रजत के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त किया।

देव ने कहा, '' उनके निधन से भारतीय निशानेबाजी में बहुत बड़ा शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना बहुत मुश्किल होगा। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्थान थे और हमारे खेल में उनके निस्वार्थ योगदान के बिना भारत आज निशानेबाजी की शक्ति नहीं बन पाता।''

# एआईएफएफ संविधान पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और जॉयमाल्य बागची ने रंजीत कुमार, राहुल मेहरा और न्यायमित्र गोपाल शंकरनारायणन की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा। पीठ ने विभिन्न राज्य फुटबॉल संघों और पूर्व खिलाड़ियों द्वारा संविधान के मसौदे पर उठाई आपत्तियों पर कई दिनों तक सुनवाई की। शीर्ष अदालत के निर्देश पर न्यायमूर्ति राव द्वारा तैयार संविधान के मसौदे में कुछ अहम बदलावों का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें किसी व्यक्ति को अपने जीवनकाल में अधिकतम 12 वर्ष तक पद पर बने रहने की अनुमति देना शामिल है बशर्ते वह अधिकतम चार वर्ष के दो लगातार कार्यकाल तक ही पद पर बना रहे।

# बिल जमा नहीं करने से टॉप्स खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ की अग्रिम राशि अभी तक 'अनिश्चित'

नयी दिल्ली, (भाषा) खेल मंत्रालय की प्रमुख टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ रुपये तक की अग्रिम राशि अभी तक 'अनिश्चित' बनी हुई है क्योंकि लाभार्थी बार-बार याद दिलाने के बावजूद 'बिल या वसूली राशि' जमा करने में विफल रहे हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के भीतरी आकलन में इसका खुलासा हुआ है। रकम और उन खिलाड़ियों के बारे में खुलासा नहीं किया गया है।

हाल ही में प्रदर्शन आडिट के दौरान इस पर आपत्ति जताई गई जिसके कारण करीब 30 खिलाड़ी (कोर और डेवलपमेंटल ग्रुप दोनों में) सवालों के घेरे में हैं।

साइ और खेल मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि संबंधित टॉप्स खिलाड़ियों ने विलंब का उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया जबकि उन्हें बारंबार याद दिलाया गया था।

समझा जाता है कि इसके लिये उचित उपाय किये जायेंगे ताकि हाल ही में खत्म हुए ओलंपिक चक्र में खर्च किये गए पैसे के बारे में जानकारी मिल सके।

मंत्रालय की मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 155वीं बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। एक सूत्र ने कहा, '' सभी सदस्यों का मानना था कि बिल जमा नहीं करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिये।''

उन्होंने कहा, '' हालात से निपटने के लिये कई तरह के सुझाव दिये गए। इसमें नकद पुरस्कार में से कटौती या बार बार अनसुनी करने वाले खिलाड़ियों के ताजा प्रस्तावों में से कटौती शामिल है। इस पर हालांकि कोई फैसला नहीं लिया गया।

# गिल को कप्तान के तौर पर आगे बढ़ने में मदद करना चाहती है गुजरात टाइटन्स



अहमदाबाद, (भाषा) गुजरात टाइटन्स के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कि उनके पास शुभमन गिल को 'कप्तान के तौर पर आगे बढ़ने' में मदद करने के लिए तंत्र और प्रक्रिया मौजूद है और उन्हें इस भारतीय बल्लेबाज को लंबे समय तक जिम्मेदारी निभाने के लिए नियुक्त किया है।

गुजरात टाइटन्स के आईपीएल 2022 में अपने पहले ही सत्र में खिताब जीतने के अभियान में अहम रहे गिल को फ्रेंचाइजी ने तब कप्तान नियुक्त किया था जब हार्दिक पंड्या 2024 चरण से पहले मुंबई इंडियंस में वापस चले गए थे।

कप्तान के तौर पर पहले साल गिल को बहुत सफलता नहीं मिली और टीम आठवें स्थान पर रही थी। पर इस साल नौ मैच में छह जीत और तीन हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

सिंह ने एक बयान में कहा, ''गुजरात टाइटन्स में हम जो कुछ भी करते हैं, हम उसे एक या दो सत्र के लिए नहीं करते हैं। हम लंबे समय तक के बारे में सोचते हैं। जब हार्दिक चले गए तो कई लोगों की राय थी कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं जो कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन हमने शुभमन में निवेश करना चुना।''

उन्होंने कहा, ''इस फैसले से साफ पता चलता है कि हम शुभमन में सिर्फ एक सत्र के लिए नहीं बल्कि लंबे समय के लिए निवेश कर रहे थे। उस निवेश के नतीजे अब सामने आ रहे हैं। हमने उनकी मदद के लिए एक तंत्र और प्रक्रिया बनाई है जिससे उन्हें कप्तान के तौर पर आगे बढ़ने में मदद की है।

# धवन ने आईपीएल की नयी सनसनी 14 वर्ष के सूर्यवंशी की तारीफ की

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को आईपीएल में 35 गेंद में शतक जमाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए कहा कि इस उम्र में उसका आत्मविश्वास कमाल का है और उसका प्रदर्शन उदीयमान क्रिकेटरों के लिये प्रेरणास्रोत बनेगा।

राजस्थान रॉयल्स के सूर्यवंशी आईपीएल में शतक जमाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। धवन ने इंटर कांटिनेंटल लीजैंड्स चैम्पियनशिप के लांच से इतर कहा, '' यह शानदार प्रदर्शन है। उसने बेहतरीन बल्लेबाजी की। बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ 14 साल का है और इतनी कम उम्र में उसके भीतर गजब का आत्मविश्वास है।'' उसने जिस तरह से इतने अनुभवी गेंदबाजों पर दबाव बनाया, देश को उस पर गर्व है और वह देश के उदीयमान क्रिकेटरों के लिये प्रेरणास्रोत बनेगा।''

# वैभव सूर्यवंशी पर लगातार फोकस गैर जरूरी लेकिन क्या कर सकते हैं: द्रविड़



नयी दिल्ली, 30 अप्रैल (भाषा) चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी पर जरूरत से ज्यादा फोकस राहुल द्रविड़ नहीं चाहते लेकिन राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच को बखूबी पता है कि इसे रोकना उनके बस में नहीं है ।

स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में सूर्यवंशी पर सवालों की बौछार से साबित हो गया कि क्रिकेट जगत कुछ समय तक इस प्रतिभाशाली क्रिकेटर को अकेले नहीं छोड़ने वाला । उन्होंने कहा कि बिहार के इस युवा खिलाड़ी को रातोंरात मिली स्टारडम से निपटने का तरीका खुद तलाशना होगा ।

भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने कहा ,'' मुझे लगता है कि अभी कुछ समय उस पर ऐसे ही फोकस रहेगा । लोग उसके बारे में बात कर रहे हैं जिसे मैं रोक नहीं सकता । मैं यहां बातचीत के लिये आया हूं और मुझसे सिर्फ वैभव के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं ।''

उन्होंने कहा ,'' उसके लिये यह चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन रोमांचक भी । मैं कहना चाहता हूं कि इतना ज्यादा फोकस उस पर नहीं करें लेकिन मुझे पता है कि ऐसा होगा नहीं ।''

उन्होंने कहा ,'' हमें पता है कि ऐसा होगा और इसलिये इससे निपटने में उसकी मदद कर रहे हैं । भारत में क्रिकेटर होने का यह हिस्सा है । इससे बच नहीं सकते ।''

ऋषभ पंत, शुभमन गिल, पृथ्वी साव, यशस्वी जायसवाल जैसे कई युवा खिलाड़ी तैयार कर चुके भारत के पूर्व अंडर 19 कोच ने बताया कि सूर्यवंशी क्यों खास है । उन्होंने कहा ,'' इस तरह निर्भीक होकर खेलना और हालात का दबाव नहीं लेना खास है । इतनी कम उम्र में ऐसा देखने को नहीं मिलता ।

# थाईलैंड से चार जून को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगा भारत

नयी दिल्ली, (भाषा) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा।

फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है।

भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इसमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए।

भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी।

# मुक्केबाजी महासंघ चुनाव के लिये अधिकारी की नियुक्ति की मांग पर अदालत ने केंद्र से जवाब मांगा



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और केंद्र से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें महासंघ के चुनाव कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की मांग की गई थी।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्करना ने महासंघ और केंद्र को दिल्ली अमैच्योर मुक्केबाजी संघ की याचिका पर नोटिस जारी किये । मामले की सुनवाई अब अगस्त में होगी ।

यह आवेदन दिल्ली अमैच्योर मुक्केबाजी संघ की उस याचिका का हिस्सा है जिसमें महासंघ के उस निर्णय को चुनौती दी गई है जिसके तहत केवल उसकी संबद्ध राज्य इकाइयों के निर्वाचित सदस्यों को ही चुनावों में अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार होगा ।

याचिका में यह भी कहा गया कि पूर्व निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर के गॉबा ने 14 अप्रैल को पद से इस्तीफा दे दिया था ।

इसमें आगे कहा गया कि खुद चुनाव लड़ रहे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष चुनाव में विलंब का प्रयास कर रहे हैं और अपनी जी हुजूरी करने वाले निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की कोशिश में हैं ।

याचिका में कहा गया है कि खेल कोड के तहत निर्वाचन अधिकारी का स्वतंत्र होना आवश्यक है और हिमाचल उच्च न्यायालय के आदेश तथा विश्व मुक्केबाजी महासंघ और केंद्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों के बावजूद बीएफआई निष्पक्ष और समय पर चुनाव कराने में विफल रहा है।



आज लोगों को बीमारियों से बचाने और स्वच्छ-सुंदर वातावरण देने के लिए घर-घर शौचालय बनवाए गए, घर-घर जाकर कूड़ा उठाया जा रहा और हर घर नल से जल की सुविधा दी जा रही है।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, गुरुवार 1 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



दयाशंकर सिंह ने बिहार के भोजपुर (आरा) में बिहार सरकार के मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शुभकामनाएं प्रेषित किया।




## हाथरस के सांसद अनूप प्रधान के 'सांसद जन संवाद केंद्र' का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया

- शिक्षा मंत्री संदीप सिंह,अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम व कई विधायक शामिल हुए
- सांसद प्रधान के सामाजिक सलाहकार एन आर नारायण ने सभी का आभार जताया





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अलीगढ़ कल उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री रहे तथा हाथरस से लोकप्रिय सांसद अनूप प्रधान के केंद्रीय कार्यालय का हाथरस में उद्घाटन समारोह उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री (तथा स्वास्थ्य मंत्री )बृजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह (संजू भैया) कोल क्षेत्र से विधायक अनिल पाराशर तथा अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों के बीच अनूप प्रधान जी सांसद व श्री प्रधान के निजी सलाहकार नेत राम नारायण (पूर्व आई ए एस) की मौजूदगी और उनके हजारों समर्थकों के बीच पूजन के बाद लाल फीता काटकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि जन संवाद केंद्र खुलने से सांसद महोदय से मिलने में सभी क्षेत्रीय जनता को बहुत आसानी और उनके कार्यों को सुगमता से करने में सहायता मिलेगी, सांसद श्री सतीश गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री अनूप प्रधान के कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह सरल व्यक्तित्व के धनी व्यक्तित्व है हर व्यक्ति को गले लगाने वाले इंसानहैं। इस अवसर पर श्री अनूप प्रधान सांसद ने कहा कि हमारे लिए इस क्षेत्र की जनता को मैं अपने भाई बहन और माता-पिता के रूप में हमेशा से देखता रहा हूं और आगे भी उनके कार्यों को तकलीफों को जितना दूर कर सकता हूं करने का पूरा प्रयास करता रहूंगा। सांसद जन संवाद केंद्र खुलने से आम जनता को 365 दिन 24 घंटे संपर्क में रहने का अवसर हमको भी मिलेगा और जनता को भी इसका लाभ मिलेगा ,भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास प्रधानमंत्री मोदी जी के नारे के साथ काम कर रही है और यह कार्यालय भी उसी विचारों का केंद्र बन कर जीता जागता उदाहरण साबित होगा। कार्यक्रम में श्री प्रधान के राजनीतिक सलाहकार एवं एवं समाजसेवी पूर्व आईएएस एन आर नारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पंजाबी महासभा ग्लोबल ट्रस्ट ने भांगड़ा नृत्य कला व सामाजिक सरोकारों को दिल्ली में जीवंत रखा : रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री

- पंजाबी महासभा ''विकास भी विरासत भी'' के लक्ष्य को दिल्ली में सद्भावना और सामाजिक संबंधों को जोड़ने में सफल हुई _ अरुण पोपली ( संस्थापक)
- लोकप्रिय जे के ऑफसेट के संस्थापक जे के जैन सहित कई विभूतिया हुई सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता उद्बोधन के दौरान अरुण पोपली की ओर देख कर उनकी प्रशंसा करते हुए।



विधानसभा अध्यक्ष श्री बृजेंद्र गुप्ता जे के जैन को ''लाइफटाइम अचीवमेंट'' अवार्ड से सम्मानित करते हुए।

नई दिल्ली विगत दिवस देश की राजधानी दिल्ली में विख्यात श्रीफोर्ट ऑडिटोरियम मैं विगत 27 अप्रैल पंजाबी ग्लोबल ट्रस्ट तथा वाइस ऑफ एमएसएमई ओखला चेम्बर्स ऑफ इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए गए भव्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक समारोह में देश की लोकप्रिय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष श्री बृजेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया की इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि हम श्री अरुण पोपली जी के आमंत्रण पर यहां भांगड़ा और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए और (रिलैक्स) आनंद होने के लिए आए हैं, लेकिन आप लोगों की समस्याएं भी हैं यह जानकर हमें कोई असर नहीं हुआ है लेकिन उसके लिए आप लोगों को मैं अलग से आमंत्रित करती हूं कि आप लोग अपनी औद्योगिक और सामाजिक समस्याएं हमको जाकर मिलकर बताइए ताकि हम उनका निराकरण शीघ्र से शीघ्र जो संभव होगा करवा सकें, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तथा विधानसभा अध्यक्ष श्री ब्रिजेन्द्र गुप्ता ने समाज सेवा और औद्योगिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर सेवा कार्य कर रहे कई हस्तियों को सम्मानित भी किया इसमें प्रमुख रूप से देश के प्रिंटिंग क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त कर चुके तथा भारत सरकार सहित कई संस्थानों में अपनी सेवाएं उच्चकोटि की गुणवत्ता के साथ प्रिंटिंग के क्षेत्र में दे रहे जे के जैन को जे के ग्राफिक्स ऑफसेट प्रेस) के संस्थापक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से हर्ष ध्वनि के बीच दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष श्री बृजेंद्र गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया। रिसोर्स विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पंजाबी महासभा ग्लोबल ट्रस्ट की भूमिका समाज सेवा तथा सद्भाव एवं रचनात्मक कार्यों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, शास्त्री अरुण पोपली के प्रयासों से दिल्ली में यह संस्था बहुत ही लोकप्रिय हुई है और हम भी इनसे प्रभावित हैं। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों ने अपने स्पॉन्सरशिप के द्वारा सहयोग एवं मार्गदर्शन भी किया इसमें प्रमुख रूप से बाबा ग्रुप, डेजी कायुर, सोनू एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड पोपली रियल्टर ,CMS एसोसिएट प्रा०लि, जेके ऑफसेट ग्राफिक्स , मेट्रोपोल हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड, राहुल प्रिंट पैक, रामाकृष्ण ज्वैलर्स, बाथ लाइन सेंसेशन, सबूरी चाय ग्रुप, बिहानी ग्रुप, जे सी आर मार्बल प्राइवेट लिमिटेड, साइ प्रिंटो पैक प्रा० लि , कृति रॉयल ट्रेड लिंक्स प्रा लि, अरोड़ा बिल्डवेल प्रा लि, इ एस इलेक्ट्रिकल स्विचगीयर्स, वीबा प्रेस प्रा लि० ऋचा फैशन प्रा लि, स्नो पीक दिल्ली, आकाश प्रेस दिल्ली, फ्यूचर सिक्योरिटीज & एलाइड सर्विसेज कॉन्टिनेंटल कैटरर्स, तथा मुख्य संयोजन के रूप में पंजाबी महासभा ग्लोबल ट्रस्ट की भूमिका कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तुति में सराहनीय रही।

## चारधाम यात्रा पर आने वाले पाकिस्तानी श्रद्धालुओं का पंजीकरण रद्द: महाराज

### कहा टूरिज्म और टेररिज्म एक साथ नहीं हो सकते

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**देहरादून।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या को कायराना हरकत बताते हुए प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम एवं हेमकुंड यात्रा पर आने के लिए जिन 77 पाकिस्तानी श्रद्धालुओं का पंजीकरण हुआ था वह सभी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिये गये हैं।प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने चारधाम यात्रा हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा को लेकर श्रृद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अभी तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा हेतु अपना ऑनलाईन पंजीकरण करवा चुके हैं। जिसमें 185 देशों के 25 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं।

आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से निर्णय लेते हुए चारधाम यात्रा पर आने वाले पाकिस्तान के सभी 77 श्रद्धालुओं के पंजीकरण रद्द कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या कायराना हरकत है। Tourism और Terrorism एक साथ नहीं हो सकते इसलिए हमने पाकिस्तान के सभी श्रद्धालुओं के पंजीकरण रद्द कर दिए हैं। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जनपद उत्तरकाशी पुलिस को 10 नई मोटरसाईकिले दी गयी है। जोकि गंगनानी से डबरानी, डबरानी से सुक्की, झाला से हर्षिल, धराली से भैरोंघाटी, सिलक्यारा से राड़ी टॉप, राड़ी टॉप से औरछा, बड़कोट से दोबाटा, पालीगाड़ से स्यानाचटटी, स्याना से रानाचट्टी, राना चटट् से हनुमान चट्टी तथा हनुमान चट्टी से जानकी चट्टी-खरसाली तक संवेदनशील संकरे मार्गों पर निरंतर गस्त करेंगी। यात्रियों की सुविधा और हेलीकॉप्टर बुकिंग में उन्हें कोई परेशानी ना हो इसे देखते हुए हैली टिकटों की कालाबाजारी रोकने और यात्रा रोड पर उल्टे-सीधे पार्किंग शुल्क की वसूली को देखते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।श्री महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन पंजीकरण, मोबाइल ऐप से पंजीकरण के साथ-साथ इस वर्ष आधार नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन 28 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ कर दिये जायेंगे। ऑफ लाईन रजिस्ट्रेशन 04 जगहों पर होंगें। जिनमें हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर तथा हरबर्टपुर शामिल हैं।

### स्वामी चिदानन्द सरस्वती और मुख्यमंत्री, उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी की ऋषिकेश में दिव्य भेटवार्ता

## स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने पुष्कर सिंह धामी को परमार्थ निकेतन गंगा जी की आरती में सहभाग हेतु किया आंमत्रित





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**ऋषिकेश**, । ऋषिकेश की पुण्य भूमि पर आज परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी एवं उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के मध्य एक आत्मीय भेंटवार्ता सम्पन्न हुई। इस अवसर पर दोनों विभूतियों ने चार धामों की दिव्यता और भारतीय संस्कृति के उत्थान को लेकर चर्चा की और देशवासियों को चार धामों की पुण्य यात्रा हेतु आमंत्रित किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि, चार धाम हमारे दिव्य तीर्थस्थल हैं, ये हमारे आंतरिक शुद्धिकरण, जागृति और दिव्यता का प्रतीक हैं। जब हम इन धामों की यात्रा करते हैं, तो यह केवल बाह्य यात्राओं का क्रम नहीं होता, बल्कि यह एक आत्मिक जागरण की प्रक्रिया है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि वर्तमान समय में जब संसार भौतिकता की अंधी दौड़ में तनाव, संघर्ष और संकट का सामना कर रहा है, ऐसे में भारत की चार धाम यात्रा मानवता को एक शांति, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक उत्थान का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा से व्यक्ति केवल मोक्ष का मार्ग नहीं खोजता, बल्कि अपने भीतर की करुणा, विनम्रता और सेवा भावना को भी जागृत करता है।माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने कहा कि, चार धाम यात्रा का प्रत्येक चरण आस्था, संस्कृति और संस्कारों का जीवन्त परिचायक है।

उत्तराखंड सरकार श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। हम चार धाम यात्रा को भव्यता एवं दिव्यता के साथ संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने बताया कि इस वर्ष चार धाम यात्रा हेतु उत्तराखंड सरकार ने समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की हैं। यात्रियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सुगम यातायात, स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने आग्रह किया कि सभी श्रद्धालु यात्रा के दौरान प्रकृति का सम्मान करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखें और स्वच्छ भारत के संकल्प में सहभागी बनें।आइए, चार धामों की पुण्य भूमि का दर्शन करें, इन धामों की दिव्यता को आत्मसात करें और अपने जीवन में प्रेम, करुणा, सेवा और संस्कारों की स्थापना करें।

## डिफेंस प्रोडक्शन हब बनेगा उत्तराखंड : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- राज्य को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने को लेकर सरकार गंभीर
- मुख्यमंत्री ने ड्रोन तकनीक को आपदा राहत कार्यों के लिए वरदान बताया





सीएम धामी ने उत्तराखंड को डिफेंस प्रोडक्शन हब के रूप में स्थापित करने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार युवाओं में टेक्नॉलजी के प्रति रूझान पैदा करने का प्रयास करने के साथ ही युवाओं को इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर उत्तराखण्ड को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा ड्रोन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी (29-30 अप्रैल, 2025) देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान से प्रेरित हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य मे ड्रोन तकनीक आपादा राहत कार्यों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसलिए हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा न केवल ड्रोन विशेषज्ञ बनें, बल्कि नागरिक उपयोग के लिए भी टेक्नोलाजी आधारित समाधान विकसित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नई औद्योगिक नीतियों में रक्षा उत्पादन और टेक इनोवेशन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सूर्या ड्रोन टेक 2025 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समागम है। इस प्रकार के आयोजन न केवल आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु विशिष्ट मंच प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे नौजवानों को ड्रोन और तकनीकी के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह उत्तराखंड को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन तकनीक में विविधता भारत की आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमताओं का जीवंत प्रमाण है। यह देखकर गर्व होता है कि भारत अब न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि तकनीकी इनोवेशन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ड्रोन तकनीक आज सुरक्षा से लेकर शिक्षा, आपदा प्रबन्धन, कृषि तथा प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत में ड्रोन टेक्नोलॉजी और सैन्य क्षेत्र में नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सैन्य क्षेत्र में नवाचार की महत्ता को समझते हुए हमारी सरकार भी उत्तराखंड में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सूर्या ड्रोन टेक-2025 के इस कार्यक्रम में मध्य कमान और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर्स के सभी सदस्य, ड्रोन विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स, MSME'S, एनसीसी कैडेट्ड और स्कूली छात्र मौजूद रहे।

## जातिगत गणना कराए जाने को समर्थन सरकार समयसीमा बताए : कांग्रेस



**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस ने अगली जनगणना में जातिगत गणना कराए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का बुधवार को समर्थन किया और यह भी कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह कब तक होगा तथा किस प्रकार से होगा।

सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को ''पारदर्शी'' तरीके से शामिल किया जाएगा। राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णयों की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आती है, लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जाति गणना की है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को बताना चाहिए कि यह किस तिथि तक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने पूरे देश में जमीनी स्तर पर अभियान चलाया, सरकार का यह फैसला उसी का नतीजा है।

कांग्रेस नेता ने यह संदेह जताया कि कहीं इस फैसला का हस्र भी महिला आरक्षण अधिनियम की तरह न हो।

राहुल गांधी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा, ''जातिगत गणना पहला कदम है, यह दरवाजा खोलने का तरीका है। उसके बाद विकास का काम शुरू होगा।''

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569 I प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।